आनंद का सच्चा भाव
18 कैरेट रेट (75.00%) = ₹89124/-
22 कैरेट रेट (91.60%) = ₹108850/-
24 कैरेट रेट (99.99%) = ₹118820/-
सोने का भाव* प्रति 10 ग्राम | GST Extra
anand Jewels
Pandri, Raipur
*Conditions apply



# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com | बिलासपुर, गुरुवार 9 अक्टूबर 2025


### पंडित धीरेंद्र शास्त्री से हरिभूमि-आईएनएच के प्रधान संपादक डॉ. हिमांशु का संवाद

# गुरु ने कहा कि मुझे हिंदू, हिंदुत्व और हिंदुस्तान के लिए जीना है और कुछ बड़ा करना है, वही कर रहे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

बागेश्वर धाम के पीठाधीश्वर पंडित धीरेंद्र शास्त्री ने कहा कि उनके गुरु ने उन्हें हिंदू, हिंदुत्व और हिंदुस्तान के लिए काम करने और कुछ बड़ा करने का आदेश दिया। वे हिंदू राष्ट्र और हिंदुस्तान के लिए काम करने का प्रण लेकर काम कर रहे हैं। वे देश को हिंदू राष्ट्र के रूप में देखना चाहते हैं, लेकिन लक्ष्य कब मिलेगा इस बारे में कुछ नही कहना चाहते। उनका कहना है कि बस्तर में हो रहे धर्मांतरण के मामले रूकें विकास की गूंज वहां दिखे। छत्तीसगढ़ राज्य भी विकास की दिशा में आगे बढ़े इसके लिए कार्य हो यही हमारी कामना है। धीरेंद्र शास्त्री से आईएनएच-हरिभूमि के प्रधान संपादक डॉ. हिमांशु द्विवेदी की विशेष चर्चा के कुछ अंशः

- **बड़े हुजूम के साथ रात 1 बजे तक लोगों के बीच हैं। आपकी दिनचर्या सुबह आठ बजे शुरू होती है, फिर भी इतनी रात सक्रिय हैं। इसका राज क्या है?**
- जिंदगी में जब आपको सफलता प्राप्त करनी हो, और कोई जोश और जुनून आपके पीछे लगा हो तो, आपको बातों से नही रातों पर ध्यान देना होगा। सोने के बहुत से तरीके हो सकते हैं, लेकिन लक्ष्य प्राप्त करने जागना जरूरी है। स्वयं रातों में नहीं जागूंगा तो दूसरों को जगा भी नहीं पाऊंगा।
- **बहुत कम उम्र में अपने आपको इस मुकाम पर देखते हैं तो कितने चौंकते हैं?**
- हम एक इंस्ट्रूमेंट हैं, बजा भगवान रहे हैं। हमारी केवल काया है, यह पूरी की पूरी माया है। हम सिर्फ एक वाद्य यंत्र है फूंक वो रहे हैं। हम केवल रंग का डब्बा है, रंग

हरिभूमि खास



वह भर रहे हैं। हमारे गुरू ने एक रास्ता दिया है, हमारे गुरू ने यह कहा है कि तुम्हे हिंदू, हिंदुत्व और हिंदूस्तान के लिए जीना है। कुछ बड़ा करना है, बड़ा करके ही मरना। उसके बाद हमने पीछे मुड़कर नहीं देखा। गुरू की बातों को लेकर चल पड़े। हमें यह नहीं पता कि कितने लोग हमसे जुड़े। हमें यह भी पता नहीं कि लोग हमें कितनी गंभीरता से लेते हैं। हमें जो भी बोलना है, सत्य बोलना है, सटीक बोलना हैं। तर्क के साथ बोलना है। जो बात आज के जमाने में लोग बोलने में हिचकते हैं वो बात सीधे बोलना है। अंत में मै यही कहूंगा कि आप मुझे पसंद नहीं करोंगे तो, आप मुझे नजर अंदाज भी नहीं कर सकते।

- **साधक होने का बोध कब आया आपको कि मुझे यह करना है? आपको किस उम्र में यह विचार आया?**
- हमारी जिंदगी में एक रात ऐसी थी, जिस रात बोध जनमा। हमारे गुरू की जिस गांव में हमारा जन्म हुआ वहीं बालाजी भगवान का स्थान है। जहां सन्यासी बाबा ने 320 साल पहले तप किया था। उन्होंने 84-85 साल तक वे केवल हनुमान चालीसा का पाठ करते बिताए। सिर्फ एक ही काम ▶▶|शेष पेज 8 पर

#### पं. धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री

पं. धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री का जन्म 4 जुलाई 1996 को मध्य प्रदेश के छतरपुर जिले के गढ़ा गांव में हुआ था। वह एक ब्राह्मण परिवार से हैं और वर्तमान में बागेश्वर धाम के पीठाधीश्वर हैं। उन्होंने अपने पिता से धार्मिक शिक्षा प्राप्त की और आध्यात्म में गहरी रुचि के कारण कथावाचन व दिव्य दरबार लगाने के लिए जाने जाते हैं। पिता का नाम राम कृपाल गर्ग और माता का नाम सरोज गर्ग है। उनके पिता एक पुजारी के रूप में काम करते थे। उन्होंने अपनी शुरुआती शिक्षा अपने गांव के सरकारी स्कूल से प्राप्त की। बचपन से ही उनमें आध्यात्म और हनुमान जी के प्रति गहरी भक्ति थी।

- **आपके गुरूजी आपके दादाजी हैं या कोई बोध है।**
- उनको गुरूजी के रूप में स्वीकार कैसे कर गए यह हम नहीं जानते लेकिन वह रात हमारे जीवन का लाइटमेंट दिन था। उस रात को हमने कुछ पाया। उसको पाने के बाद हमें कुछ पाने की इच्छा नहीं बची।
- **हिंदू,हिंदुत्व के लिए आपका लक्ष्य क्या है?**
- जवाब-तलवारों की लड़ाई पर हम भरोसा नहीं करते हम विचारों की लड़ाई लड़ते हैं। हमारा उद्देश्य व्यक्ति का परिवर्तन है। बौद्धिक, सामाजिक, वैचारिक, व्यापारिक और राष्ट्र के लिए कुछ करना है। सब के प्रति भावना है। हिंदू अभी सोया है। उसे बाहर निकालना है।
- **ईश्वर तो हिदू के पास हैं।**
- एक कहानी सुनाते हैं। गांव में एक मांगने वाले व्यक्ति की मौत हो गई। गांव वालों ने कहा वह जहां पर बैठ कर मांगता था वहीं पर उसे गाड़ दिया जाए। जब उस स्थान को खोदा गया तो उसी की नीचे धन था। व्यक्ति को यह पता ही नहीं था। हिंदू के पास तंत्र मंत्र के अलावा गीता रामायण और अन्य ग्रंथ हैं, लेकिन बोध उनके पास नहीं है। इसी को लेकर हम उन्हें जगाने का प्रयास कर रहे हैं।

### आरकेएम पावर प्लांट में बायलर की मरम्मत के दौरान हुआ हादसा

# 10 मजदूरों को लेकर ऊपर जा रही लिफ्ट का तार टूटा, चार की मौत



*सक्ती जिले के आरकेएम पावर प्लांट में हुए एक बड़े हादसे में 4 मजदूरों की मौत हो गई। 6 मजदूर गंभीर रूप से घायल हुए। घायलों को रायगढ़ के अस्पताल में भर्ती कराया गया है। बायलर की मरम्मत के दौरान ऊंचाई से लिफ्ट गिरने के कारण हादसा हुआ है। सक्ती जिले के डभरा थाना क्षेत्र अंतर्गत उच्चपिंडा में आर के एम पावर प्लांट संचालित है।*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जांजगीर-चांपा

आरकेएम पावर प्लांट में मंगलवार 7 अक्टूबर को बायलर का मरम्मत कार्य चल रहा था। मजदूर अपने काम में जुटे हुए थे। इसी दौरान रात करीब 9 बजे मजदूर बायलर की मरम्मत के लिए लिफ्ट से ऊपर जा रहे थे। प्लांट में लगे लिफ्ट में 10 मजदूर सवार थे। लिफ्ट को 75 मीटर ऊंचाई तक पहुंचना था, लेकिन 40 मीटर की ऊंचाई पर पहुंचते ही अचानक लिफ्ट का तार टूट गया और लिफ्ट गिर गई। इस दौरान लिफ्ट में मौजूद 10 मजदूर चपेट में आ ▶▶|शेष पेज 8 पर

**फैक्ट फाइल**

- प्लांट में लगी लिफ्ट में सवार थे 10 मजदूर
- 40 मीटर की ऊंचाई पर अचानक लिफ्ट का तार टूटा



#### दंडाधिकारी जांच के आदेश

आरके एम पावर प्लांट में हुए हादसे की जांच के लिए सक्ती जिले के कलेक्टर अमृत विकास तोपनो ने दंडाधिकारी जांच का आदेश जारी किया है। डभरा एस डी एम बालेश्वर राम को जांच अधिकारी बनाया गया है।

#### लंबे समय ने नहीं हुआ लिफ्ट का मेंटेनेंस

प्रत्यक्षदर्शी मजदूरों के मुताबिक जब उन्हें लिफ्ट गिरने की आवाज सुनाई दी तब हादसे का पता चला। आनन फानन में मजदूरों ने प्रबंधन को सूचना दी जिसके बाद मजदूरों को अस्पताल के लिए रवाना किया गया। श्रमिकों का कहना है कि लिफ्ट काफी पुराना था।

#### मालिक सहित आठ पर जुर्म दर्ज

डभरा क्षेत्र के आरकेएम पावर प्लांट में हुए दुर्घटना मामले में मालिक सहित 8 लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। घटना में तीन लोगों की मौत एवं 10 लोग घायल हुए है। इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार मंगलवार 7 अक्टूबर को डभरा क्षेत्र के आरकेएम पावर प्लांट में लिफ्ट टूटकर गिर जाने से तीन मजदूरों की मौत एवं 10 लोगों के घायल होने की जानकारी सामने आई थी। इस मामले में पुलिस ने प्लांट के मालिक, डायरेक्टर समेत 8 लोगों ▶▶|शेष पेज 8 पर

# माड़ डिवीजन में एक्टिव 16 कैडर नक्सलियों की पहली खेप का सरेंडर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

माड़ डिविजन, उत्तर ब्यूरो और कुतुल एरिया में सक्रिय 16 कैडर नक्सली बुधवार को नारायणपुर में समर्पण कर मुख्यधारा में शामिल हो गए। समर्पित नक्सली माड़ डिवीजन में सक्रिय थे, इनमें नक्सलियों के कमाण्डो नम्बर एक मिलिट्री प्लाटून डिप्टी कमाण्डर ▶▶|शेष पेज 8 पर

- हाल ही में चिट्ठी जारी कर माड़ डिविजन ने सरेंडर करने की मंशा जाहिर की थी



#### नक्सल कमाण्डर मंडा रूबेन ने तेलगांना में किया समर्पण

बीते 44 वर्ष से माओवाद संगठन में सक्रिय 8 लाख का ईनामी मंडा रूबेन ने तेलगांना के वारंगल में पुलिस कमिश्नर सुनप्रीत सिंह के समक्ष समर्पण कर दिया। समर्पित नक्सली मंडा रूबेन उर्फ सुरेश नक्सलियों के दण्डकारण्य स्पेशल जोनल कमेटी का मेंबर के अलावा दक्षिण बस्तर डिविजनल कमेटी सचिव भी था। 67 वर्षीय नक्सली नेता ने कहा माओवादी विचारधारा का समय समाप्त हो चुका है। संगठन के बड़े रणनीतिकार ▶▶|शेष पेज 8 पर

### कार तालाब में गिरी, चार की मौत

फतेहपुर। फतेहपुर जिले के कानपुर-प्रयागराज राष्ट्रीय राजमार्ग पर बुधवार को टायर फटने से एक तेज रफ्तार कार के तालाब में गिरने से चार युवकों की मौत हो गई। पांच अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। इस हादसे में साहिल गुप्ता, शिवम साहू, रितेश सोनकर और राहुल केसरवानी की मौत हो गई।


**नर्सिंग काउंसलिंग प्रारंभ**
बी.एस.सी (N), एम.एस.सी (N)
पोस्ट बेसिक बी.एस.सी (N)
ऑनलाइन चॉइस फिलिंग की तिथि
09-10-24 से 14-10-24 तक
श्री रावतपुरा सरकार ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशन्स
7222910430/72
श्री रावतपुरा सरकार कॉलेज ऑफ नर्सिंग, रायपुर
7222910473
मदर टेरेसा कॉलेज ऑफ नर्सिंग, कुम्हारी
7222910451
रविशंकर इंस्टिट्यूट ऑफ़ नर्सिंग, नया रायपुर
7222910424


# कफ सिरप निर्माता की फैक्ट्री सील, दो और राज्यों में बैन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| चेन्नई/भोपाल

हरिभूमि फॉलोअप

मध्य प्रदेश में 'दूषित' कफ सिरप पीने से 20 बच्चों की मौत के बाद तमिलनाडु सरकार ने कांचीपुरम जिले में स्थित एक दवा निर्माता की फैक्टरी को सील कर दिया है। इधर, अरुणाचल प्रदेश, तेलंगाना और अंडमान निकोबार ने कफ सिरप 'कोलड्रिफ' की बिक्री पर प्रतिबंध ▶▶|शेष पेज 8 पर

**एक्शन में सरकार**



#### अंडमान एवं निकोबार में भी एडवायजरी

प्रशासन ने दो साल से कम उम्र के बच्चों के लिए कफ सिरप के इस्तेमाल पर रोक संबंधी एक परामर्श जारी किया है।

# आईपीएस की पत्नी बोलीं-डीजीपी और एसपी ने आत्महत्या के लिए उकसाया

चंडीगढ़। हरियाणा कैडर के वरिष्ठ आईपीएस अधिकारी वाई पूरन कुमार के आत्महत्या के मामले ने प्रशासन और समाज में हलचल मचा दी है। उनके निधन के एक दिन बाद ही उनकी पत्नी अमनीत पी. कुमार, आईएएस (2001 बैच, हरियाणा कैडर) ने हरियाणा के डीजीपी समेत वरिष्ठ अधिकारियों के खिलाफ गंभीर शिकायत दर्ज कराई है। दरअसल, आईएएस अमनीत कुमार इस घटना के वक्त मुख्यमंत्री नायब सैनी के नेतृत्व वाली डेलिगेशन में शामिल थीं, जो जापान गया हुआ था। बुधवार को ही वह वापस लौटी हैं। ▶▶|शेष पेज 8 पर

- आईपीएस सुसाइड केस में शिकायत

#### शिकायत में लगाए ये आरोप

अमनीत कुमार, जो कि हरियाणा सरकार में विदेशी सहयोग विभाग की कमिश्नर और सचिव हैं, ने अपनी शिकायत में लिखा कि उनके पति पर लगातार जातिगत भेदभाव, मानसिक उत्पीड़न और प्रशासनिक पक्षपात किया गया। उनका आरोप है कि 2020 से लेकर उनके पति की मृत्यु तक सीएस, एसीएस होम, डीजीपी हरियाणा, राष्ट्रीय अनुसूचित जाति आयोग और अन्य वरिष्ठ अधिकारियों को कई बार शिकायतें और अनुरोध भेजे गए, लेकिन उनका कोई ठोस समाधान नहीं किया गया।

### जापान, अमेरिका और आस्ट्रेलिया के खोजकर्ताओं का सम्मान


### सुसुमु, रिचर्ड रॉब्सन और उमर एम याघी को नोबेल

# हवा से पानी बनाने वाले वैज्ञानिकों को रसायन का नोबेल पुरस्कार

एजेंसी ▶▶| स्टॉकहोम

अलग खबर

सुसुमु कितागावा, रिचर्ड रॉब्सन और उमर एम याघी को धातु-कार्बनिक ढांचे के विकास में उनके कार्यों के लिए इस साल रसायन विज्ञान के नोबेल पुरस्कार से सम्मानित किया जाएगा। ये पुरस्कार 'मेटल-जैविक फ्रेमवर्क' (एमओएफ) के विकास के लिए है। ये एक नई तरह की आणविक संरचना है, जिसमें रसायन के लिए जगहें बनी ▶▶|शेष पेज 8 पर



#### मेटल जैविक फ्रेमवर्क

कल्पना कीजिए कि आप छोटे-छोटे लोहे के टुकड़ों और लंबी कार्बन-आधारित चेनों से एक बड़ा महल बनाते हैं. ये महल इतना मजबूत और खाली जगहों से भरा होता है कि गैसें और रसायन आसानी से अंदर-बाहर आ-जा सकें। यही एमओएफ हैं – मेटल-ऑर्गेनिक फ्रेमवर्क। इनमें धातु के आयन (जैसे तांबा) कोने की तरह काम करते हैं। कार्बन वाले लंबे जैविक अणु इन्हें जोड़ते हैं, साथ मिलकर ये क्रिस्टल बनाते हैं, जिनमें बड़ी-बड़ी खाली जगहें होती हैं।

#### यह खोज क्यों है खास

- रेगिस्तान की हवा से पानी निकालने के लिए
- पानी से प्रदूषक या पीएफएएस जैसे हानिकारक रसायन हटाने में
- वायु से कार्बन डाइऑक्साइड साफ करने में
- हाइड्रोजन या मीथेन जैसी गैसों को सुरक्षित रूप से स्टोर करने में
- फल से निकलने वाली एथिलीन गैस को रोकने में ताकि फल धीरे-धीरे पकें
- शरीर में दवाओं को नियंत्रित तरीके से पहुंचाने में





AUTHORIZED NISSAN DEALERS: CHHATTISGARH: BILASPUR: SHIVA NISSAN- 9167196314, RAIPUR: OPPOSITE MAGNETO MALL: SHIVA NISSAN- 9167298723, MADHYA PRADESH: BHOPAL: SOHUM NISSAN- 8291060887, CHHINDWARA: SHREE KRISHNA NISSAN- 8291046174, GWALIOR: SHIVPURI LINK ROAD: SUMEDHA NISSAN- 9619894841, INDORE: GEETA BHAWAN SQUARE: ANAND NISSAN- 8291045843, JABALPUR: NEAR COMMERCIAL PETROL PUMP: PLATINUM NISSAN- 8291040124.

*Terms & conditions apply: The scheme/benefits mentioned are applicable on select vehicles/variants invoiced on or before 31st October 2025 or till stocks last. All prices ex-showroom Delhi. Features may vary from variant to variant. Colours, models and variant are indicative and for depiction only and may vary due to printing constraints. Accessories shown may not be part of standard fitment. Please visit your nearest Nissan dealer for more information. Finance at sole discretion of NRFSI. *Segment refers to B-SUV models with Length <4m. *Standard warranty 3 year or 100k km whichever comes first and can be extended to 10 years 200K on additional cost. ~Offer applicable on Nissan Magnite only and customer needs to provide certificate of deposit. ^Government approved CNG Kit fully developed, manufactured & Quality assured by a 3rd Party. CNG kit warranty & any other related terms & conditions are applicable as specified by third party. ®GNCAP rating for Nissan Magnite published in 2025 - 5 Star for Adult Safety and 3 Star for Child Safety rating from VIN: MDHFBADD0Z0037139. Detailed report available on website: www.globalncap.org/indiaresults.

TBWA\38980925

NISSAN FINANCE



पचीस साल पहले बच्चे की तरह पाल पोसकर पीपल के पौधे को विशालकाय वृक्ष का रूप देने वाली सर्रागोंदी की 90 साल की निसंतान बुजुर्ग महिला देवला बाई पहले तो पीपल के कटे ठूंठ को देखकर फूट फूटकर रोई। गांव वालो की समझाइश पर और पेड़ काटने वाले के खिलाफ कार्रवाई होने की जानकारी देने पर दोबारा उसी जगह पौधा रोपने तैयार हो गई।

## 25 साल पुराना पीपल का पेड़ काटा तो बिलख पड़ी 90 साल की महिला, गांव वालों ने पौधा रोपकर मंदिर बनाने का किया ऐलान

चैतेन्द्र तिवारी ⏭ खैरागढ़

ब्लाक के ग्रापं सर्रागोंदी मे गॉव से कुछ दूर बाहर घोड़ादेव एरिया मे देवला बाई ने लगभग पचीस साल पहले पीपल का पौधा लगाया था और उसके सरंक्षण संवर्धन को लेकर लगातार प्रयासरत रही। पौधे को पेड़ बनते तक मिट्टी को समय समय पर पलटकर उपजाऊ बनाने, पौधे को जानवरों से बचाने और गरमी के दिनो मे तो दिन मे चारों पहर पानी देने तक देवला बाई कई किमी पैदल जाती थी लेकिन कार्तिक महीने मे दो दिन पहले रविवार को पीपल पेड़ से सटे जमीन के मालिक ने रात के अंधेरे मे पेड़ को धराशाई कर दिया। जिसकी जानकारी होने पर गांव वालों की शिकायत पर पुलिस ने अपराध पंजीबद्ध कर अपराधी को हिरासत मे ले लिया है लेकिन देवला बाई को किसी ने इसकी जानकारी नही दी कि उनके बच्चे समान वृक्ष का किसी ने समूल नाश कर दिया है।



### बेटे की तरह पाल पोसकर किया था बड़ा

### बिलखती देवलाबाई को संभालना हुआ कठिन

### सरकारी जमीन को हड़पने की साजिश

जनपद सदस्य शैलेंद्र मिश्रा ने 21 हजार और सुरेश तिवारी ने इक्यावन सौ रुपए का सहयोग दिया। इस दौरान सभी ने कहा कि अपनी जमीन पर आने जाने रास्ता तैयार करने और सरकारी जमीन को हड़पने की नीयत से पीपल का वृक्ष जिसमें मान्यतानुसार भगवान विष्णु निवास करते हैं और सबसे ज्यादा वायुमंडल को लाभ मिलता है, काटा गया है।

### नए पौधे की छांव मे बनेगा हनुमान मंदिर

दो दिन बाद बुधवार सुबह सांसद प्रतिनिधि भागवतशरण सिंह, पूर्व जिपं सभापति घम्मन साहू, जिला भाजपा अध्यक्ष डॉ. बिशेसर दास साहू, दिनेश वर्मा, शैलेंद्र त्रिपाठी, जनपद सदस्य शैलेंद्र मिश्रा, गोरेलाल वर्मा, राजू चंद्राकर, शुभम ठाकुर, लोकेंद्र सिंह ठाकुर सहित अन्य ने महिला देवला बाई साहू को पूरी घटना की जानकारी दी। बिलखती बुजुर्ग महिला को संभाला और उसके बाद उनके मनोभाव को देखते हुए उसी जगह पर पीपल के कटे ठूंठ की पूजा अर्चना कर विदाई दी। उसी जगह पर नए पीपल प्रजाति के पौधे का रोपण किया और वही राम भक्त हनुमान जी का मंदिर बनाने का संकल्प लिया गया।

## खबर संक्षेप

### तीन गाड़ियां 16 मोबाइल बरामद, शातिर गिरफ्तार

**रायपुर।** खमतराई पुलिस ने एक दोपहिया वाहन चोर को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी सुमीत निषाद निवासी आजाद नगर रावांभाठा से थाना क्षेत्र के अगल-अलग स्थानों से चोरी किए गए तीन दोपहिया वाहन के साथ विभिन्न कंपनी के 16 एंड्रायड मोबाइल जब्त किए हैं। जब्त वाहन एवं मोबाइल की कुल कीमत सवा दो लाख रुपए आंकी गई है। पुलिस के अनुसार आरोपी चोरी के वाहन की नंबर प्लेट बदलकर उसका इस्तेमाल करता था। पुलिस ने मामले में आरोपी को गिरफ्तार न्यायालय में पेश कर जेल भेज दिया है।

### कार की टक्कर से बाइक सवार घायल, केस दर्ज

**रायपुर।** मुजगहन पुलिस ने दोपहिया सवार को टक्कर मारकर घायल करने के मामले में एक कार चालक के विरुद्ध अपराध दर्ज किया है। घटना 5 अक्टूबर को अपरान्ह साढ़े 10 बजे केपीएस के पास ग्राम डूंडा की है। प्रार्थी विजय पुरैना निवासी डूमरतराई ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि घटना के समय उसका भाई राकेश बाइक से जा रहा था, तभी कार टक्कर मार दी।

### केंद्र को 8 लाख टन चावल देना है, मिलिंग जारी पर सप्लाई नहीं

## संकट में कस्टम मिलिंग, सेंट्रल पूल का चावल भेजने रैक नहीं, 90 फीसदी काम हो गया ठप

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

छत्तीसगढ़ में पिछले खरीफ सीजन के धान से राज्य को सेंट्रल पूल में अतिरिक्त 8 लाख मीट्रिक टन चावल देने की अनुमति केंद्र सरकार ने दी है। राज्य के मिलर्स धान उठाकर यह चावल तैयार करने में लगे हैं, लेकिन चावल सप्लाई के लिए रैक नहीं मिलने के कारण परिवहन नहीं हो पा रहा है। नतीजतन मिलों में चावल का स्टॉक जमा हो गया है, अब जगह की कमी के चलते मिलर्स धान नहीं उठा पा रहे हैं। इन हालात के बीच मिलरों का दावा है कि राज्य की करीब 90 प्रतिशत राइस मिलों में काम ठप हो गया है। इस मामले में चिंता की यह बात भी है कि अब खरीफ वर्ष 2025-26 का नया धान जल्द ही आना शुरू हो जाएगा। ऐसे में धान की मिलिंग कैसे हो पाएगी?

खास खबर

### मिलरों का कहना है कि नया धान आने पर गहरा सकता है संकट

#### फिर खड़ा हो गया संकट

इधर राज्य सरकार को केंद्र से 8 लाख मीट्रिक टन अतिरिक्त चावल की मंजूरी मिलने के बाद मिलरों को धान देना शुरू किया, ताकि चावल तैयार कर सेंट्रल पूल के कोटे में दिया जा सके। मिलरों ने अपना काम शुरू किया, लेकिन परेशानी उस समय सामने आने लगी, जब इसी चावल को अन्य राज्यों में भेजने के लिए एफसीआई को रेलवे की रैक मिलने में मुश्किल होने लगी। इस समय भी राज्य सरकार के अधिकारियों ने नई दिल्ली जाकर आग्रह किया कि राज्य के चावल के लिए रैक उपलब्ध कराई जाए, लेकिन यह नहीं हो पाया है। यही राज्य के चावल और मिलरों पर संकट की वजह बन गया है। इस संबंध में खाद्य विभाग के अधिकारी कहते हैं कि वे केंद्र से इस बारे में आग्रह कर चुके हैं, लेकिन समस्या फिलहाल बनी हुई है।



#### अब सरकार से किया ये आग्रह

इस संबंध में चर्चा के दौरान छत्तीसगढ़ राइस मिलर्स एसोसिएशन के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष योगेश अग्रवाल का कहना है कि मिलर्स जल्द से जल्द धान का उठाव करेंगे। साथ ही उन्होंने राज्य सरकार से आग्रह किया है कि मिलों में तैयार चावल को सेंट्रल पूल में देने के लिए रैक की व्यवस्था कराई जाए।

#### एक और संकट सामने

राज्य में धान चावल के मामले को लेकर यह समस्या पिछले साल के धान की है। लेकिन अभी जल्द ही दीवाली के बाद नए खरीफ सीजन का धान आने वाला है। इस स्थिति में मिलरों को नया धान उठाना और भी मुश्किल हो जाएगा। कुछ अन्य मिलरों को आशंका है कि राज्य में राइस मिलिंग का कारोबार चरमरा सकता है।

#### ये है मामला

पिछले खरीफ सीजन में राज्य सरकार ने 149 लाख मीट्रिक टन धान की खरीदी न्यूनतम समर्थन मूल्य पर की। इस धान का एक बड़ा हिस्सा चावल बनाकर सेंट्रल पूल में एफसीआई और राज्य पूल में नागरिक आपूर्ति निगम को दिया गया था। इसके बाद भी सरकार के पास करीब 35 लाख मीट्रिक टन धान अतिशेष के रूप में बच गया था। सरकार ने इस बचे हुए धान को घाटा उठाकर नीलाम करना शुरू किया था। नीलामी के कुछ दौर होने के बाद भी सरकार के पास करीब 12 लाख मीट्रिक टन धान बाकी था। इसी बीच राज्य सरकार, खासकर मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की पहल पर केंद्र सरकार ने 8 लाख मीट्रिक टन अतिरिक्त चावल लेने की मंजूरी दे दी। इसकी वजह से सरकार का अतिशेष धान का संकट दूर हो गया।

## इतिहास में जनजातीय नायकों को नहीं मिला उचित स्थान, अब हर घर तक पहुंचेगी उनकी गाथा : साय

हरिभूमि न्यूज : रायपुर

राजधानी रायपुर के न्यू सर्किट हाउस में बुधवार को जनजातीय गौरव दिवस को लेकर एक विशेष कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने कहा कि इस वर्ष राज्य सरकार ने जनजातीय गौरव दिवस को भव्य और ऐतिहासिक रूप से मनाने की व्यापक योजना बनाई है। पिछले वर्ष जशपुर में जनजातीय गौरव दिवस कार्यक्रम बेहद सफल रहा था, जिसकी सराहना स्वयं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी की थी। मुख्यमंत्री ने बताया कि प्रधानमंत्री श्री मोदी ने 15 नवंबर भगवान बिरसा मुंडा की जयंती के दिन को जनजातीय गौरव दिवस के रूप में मनाने की घोषणा की थी, जिससे देशभर में जनजातीय समाज के योगदान को सम्मान मिला। उन्होंने कहा, हमारे जनजातीय समाज के अनेक वीर और गौरवशाली इतिहास हैं, जिन्हें इतिहास के पन्नों पर उचित स्थान नहीं मिल पाया। राज्य सरकार का प्रयास है कि ऐसे सभी जननायकों के योगदान को जन-जन तक पहुंचाया जाए। उन्होंने कहा, सरकार हर वर्ष जनजातीय समाज के उत्थान के लिए विशेष बजट निर्धारित करती है, जिससे शिक्षा, स्वास्थ्य और रोजगार के क्षेत्र में सीधे लाभ मिल रहा है। श्री साय ने भगवान बिरसा मुंडा के जीवन पर कहा, भगवान बिरसा मुंडा ने मात्र 25 वर्ष की आयु में अंग्रेजों के दांत खट्टे कर दिए थे। उन्होंने आदिवासी समाज को एकजुट कर अंग्रेजी हुकूमत के खिलाफ विद्रोह की अलख जगाई थी। उनका जीवन युवाओं के लिए प्रेरणा है। मुख्यमंत्री ने बताया कि इस वर्ष जनजातीय गौरव दिवस के मुख्य कार्यक्रम में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को आमंत्रित किया गया है।राष्ट्रपति 16 नवंबर तक विदेश दौरे पर हैं, इसलिए कार्यक्रम की तारीख को 1-2 दिन आगे बढ़ाने पर विचार किया जा रहा है।

## राशन घोटाले की आंच, खाद्य संचालनालय के राष्ट्रीय सूचना केंद्र संचालक ने दिया इस्तीफा

हरिभूमि न्यूज : रायपुर

खाद्य संचालनालय के राष्ट्रीय सूचना केंद्र (एनआईसी) प्रमुख सोमशेखर ने पिछले माह अपने पद से इस्तीफा दे दिया। राशन घोटाले के लिए विधानसभा समिति द्वारा जांच की प्रगति से इस इस्तीफे को जोड़कर देखा जा रहा है। 600 करोड़ के राशन घोटाले में खाद्य संचालनालय के एनआईसी पर प्रदेश की 13 हजार राशन दुकानों के घोषणापत्र को डिलीट करने के अलावा राशन दुकानों से की गई राशन की कालाबाजारी की मात्रा तकनीकी त्रुटि बताकर हेराफेरी करने के आरोप हैं।

खाद्य विभाग के सूत्रों ने बताया कि बाजार से खरीदकर चावल रखवाने के अवैध निर्णय को मॉड्यूल में जोड़ने की शिकायत का उल्लेख किया गया है। बताया जाता है कि छत्तीसगढ़ सार्वजनिक वितरण प्रणाली नियंत्रण आदेश में बजाय नागरिक आपूर्ति निगम और खाद्यान्न शक्कर का भंडारण नहीं किया जा सकता है। बावजूद इसके बाजार से न केवल चावल-शक्कर की अवैध खरीदी कराकर प्रतिपूर्ति का नाम दिया गया। भारत सरकार की राशन दुकानों से केवल फोर्टिफाइड चावल की आपूर्ति के निर्देश का भी उल्लंघन कराया गया है। खाद्य निरीक्षकों से इसकी एंट्री भी कराई गई है।






### हाईकोर्ट ने रेलवे कर्मचारियों को ओवरटाइम वेतन नहीं देने को ठहराया गलत



**बिलासपुर।** हाईकोर्ट ने एक महत्वपूर्ण फैसले में रेलवे कर्मचारियों को ओवरटाइम वेतन नहीं देने को गलत माना है। हाईकोर्ट की डिवीजन बेंच ने इस मामले में सुनवाई करते हुए एडमिनिस्ट्रेटिव ट्रिब्यूनल सीएटी के आदेश को बरकरार रखा है। यह मामला साउथ ईस्ट सेंट्रल रेलवे बिलासपुर जोन के इंजीनियरिंग विभाग में रेलवे कर्मचारियों का है। ये स्टाफ 2007 से 2010 के बीच ओवरटाइम डयूटी पर था। रेलवे के 19 कर्मचारियों का ओवरटाइम 40, 22,837 रुपए है। हालांकि सीनियर डिवीजनल पर्सनल आफिसर ने इसे पुराने और विलंबित रूप से खारिज कर दिया। इससे नाराज कर्मचारियों ने 2017 में सेंट्रल एडमिनिस्ट्रेटिव ट्रिब्यूनल में आवेदन किया। यूनियन ऑफ इंडिया और रेलवे अधिकारियों ने हाईकोर्ट में रिट फाइल की, जिसमें दावा किया गया कि सेंट्रल एडमिनिस्ट्रेटिव ट्रिब्यूनल ने गलत तरीके से आदेश दिया है। हाईकोर्ट ने पाया कि रेलवे अधिकारियों ने अपने कर्मचारियों के लिए जांच की और 19 कर्मचारियों के लिए 40, 22, 837 रुपए की राशि निर्धारित की। अस्वीकृति का आधार केवल पुराना था। रेलवे सर्वेंट्स रूल्स की धारा का तर्क भी लागू नहीं होता, क्योंकि मूल निरस्ती आदेश केवल विलंब पर आधारित था। इस पर कोर्ट द्वारा रेलवे को निर्देश दिया गया है कि 45 दिनों के भीतर कर्मचारियों के लिए आवेदन पर ओवरटाइम का भुगतान करें।


## नर्सिंग में करियर की गारंटी: CG कॉलेज ने 23 वर्षों में बनाया रिकॉर्ड, बेटियों को मिल रहा सरकारी और निजी अस्पतालों में लाखों के पैकेज

छत्तीसगढ़ में नर्सिंग शिक्षा का पर्याय बन चुका सीजी कॉलेज ऑफ नर्सिंग पिछले 23 वर्षों से उत्कृष्टता, सेवा और सशक्तिकरण की मिसाल कायम कर रहा है। रायपुर में सीजी कॉलेज ऑफ नर्सिंग और बिलासपुर में सीजी स्कूल ऑफ नर्सिंग के रूप में स्थित यह संस्थान, डॉ. नवीन बागरेचा की दूरदर्शी सोच का परिणाम है, जिनका उद्देश्य बेटियों को नैतिक मूल्यों के साथ आत्मनिर्भर बनाना है।

### शिक्षा की गुणवत्ता और शानदार प्लेसमेंट

सीजी कॉलेज ऑफ नर्सिंग में अनुभवी शिक्षकों की एक समर्पित टीम है, जो छात्रों को बेहतरीन शिक्षा और प्रशिक्षण देती है। यह कॉलेज छत्तीसगढ़ के उन अग्रणी संस्थानों में से एक है जो नर्सिंग शिक्षा में उच्च गुणवत्ता बनाए रखने के लिए जाने जाते हैं। इस संस्थान की सबसे बड़ी उपलब्धि इसका 100% कैंपस प्लेसमेंट रिकॉर्ड है। हर साल सभी छात्र-छात्राओं को अच्छे पैकेज पर नौकरी मिलती है। कॉलेज के पूर्व छात्रों में से 55% सरकारी अस्पतालों और 45% निजी अस्पतालों में कार्यरत हैं, जो यहां के प्रशिक्षण की गुणवत्ता का स्पष्ट प्रमाण है। छात्रों को कैंपस सेलेक्शन में लाखों के पैकेज पर रखा जाता है।



### नैतिक शिक्षा और क्लिनिकल प्रशिक्षण पर विशेष जोर

कॉलेज का मानना है कि एक सफल नर्स को केवल चिकित्सा ज्ञान ही नहीं, बल्कि उसमें नैतिकता और सामाजिक जिम्मेदारी की भावना भी होनी चाहिए। छत्तीसगढ़ के सबसे बड़े सरकारी अस्पताल मेकाहारा (रायपुर), जिला अस्पताल (रायपुर - बिलासपुर) और सीएचसी / पीएचसी में छात्रों को क्लिनिकल प्रशिक्षण की सुविधा मिलती है। यह वास्तविक दुनिया का अनुभव छात्रों को आत्मविश्वास से भर देता है। सीजी कॉलेज के दोनों कैम्पस (रायपुर और बिलासपुर) उत्कृष्ट प्रयोगशालाओं, पुस्तकालयों और सीसीटीवी कैमरे की निगरानी में छात्रों को सुरक्षित माहौल प्रदान करते हैं। इसके अलावा, कॉलेज में छात्रों के लिए छात्रावास और मेस जैसी सुविधाएं भी उपलब्ध हैं।



### डॉ. नवीन बागरेचा का विजन

सीजी कॉलेज के संस्थापक डॉ. नवीन बागरेचा ने बेटियों को बेहतर शिक्षा और नैतिक मूल्यों के साथ तैयार कर उन्हें आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से इस संस्थान की नींव रखी। सीजी कॉलेज ऑफ नर्सिंग आज जीएनएम (तीन वर्षीय) और बीएससी नर्सिंग (चार वर्षीय) जैसे पाठ्यक्रम सफलतापूर्वक संचालित कर रहा है।इस संस्थान ने नर्सिंग शिक्षा के क्षेत्र में महत्वपूर्ण योगदान दिया है, जिससे छत्तीसगढ़ की बेटियों को बेहतर करियर बनाने और समाज की सेवा करने के अवसर मिल रहे हैं। सीजी कॉलेज ऑफ नर्सिंग सही मायने में उत्कृष्टता, समर्पण और सामाजिक जिम्मेदारी का प्रतीक है।

### शहीदों की बेटियों के लिए संकल्प



डॉ. नवीन बागरेचा ने सामाजिक उत्थान के लिए भी महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं। उन्होंने संकल्प लिया है कि छत्तीसगढ़ का कोई भी जवान अगर शहीद होता है तो उसकी बेटी को निःशुल्क शिक्षा प्रदान की जाएगी। इसके अतिरिक्त, नवीन बागरेचा के संस्थान में हर साल ऐसी 5 बेटियों को चुनकर निःशुल्क शिक्षा दी जाती है जो पढ़ने-लिखने में अच्छी हैं लेकिन आर्थिक रूप से कमजोर हैं। उन्होंने पूर्व में बस्तर की 13 आदिवासी बेटियों को गोद लेकर उन्हें शिक्षित करने का कार्य किया। आज अपने नर्सिंग करियर के तहत वह बेटियां अलग-अलग अस्पतालों में सेवा प्रदान कर रही हैं।

**डॉ. भारवि वैष्णव** सीजी कॉलेज ऑफ नर्सिंग में प्रशासनिक अधिकारी के रूप विगत 15 वर्षो से अपना दायित्व निर्वहन करने के लिए बहुत गर्व और सम्मान महसूस करती हूं.यह.केवल संस्था नही बल्कि परिवार है जहा पर बच्चो के बेहतर नर्सिंग शिक्षा के साथ एक अभिभावक की तरह संस्था अपने हर एक विद्यार्थी के संस्कार, व्यवहार, नैतिक, समाजिक शिक्षा, सेवा , समर्पण और एक नेक इंसान बनने के लिए प्रेरित करती है, साथ ही संस्था मे कार्य करने वाले हर व्यक्ति के भावना मेहनत और समर्पण को सम्मान देता है, मुझे गर्व है कि मै इस सीजी कॉलेज ऑफ नर्सिंग रायपुर-बिलासपुर परिवार का हिस्सा हूं।

**नर्सिंग मे प्रवेश हेतु ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन प्रारंभ**

**ऑनलाइन फार्म भरने की तिथि 09/10/2025 से 14/10/2025 तक**

**नर्सिंग करने इच्छुक विद्यार्थी आज ही सम्पर्क करे - 9993582707, 7722991707, 77229 95707**

**बिलासपुर**

गुरुवार, 9 अक्टूबर 2025
कार्तिक कृष्ण पक्ष तृतीया
वर्ष : 25, अंक : 197
पृष्ठ : 12+8 = 20 मूल्य : 5.00***

**मौसम**
अधि. 32.0
न्यून. 24.0

# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

# रामगोपाल के पीए, सूर्यकांत के भाई के खिलाफ कोल घोटाले में चालान पेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

खास खबर

कोल घोटाले में आरोपी बनाए गए कांग्रेस के पूर्व कोषाध्यक्ष रामगोपाल अग्रवाल के पीए देवेंद्र डडसेना तथा सूर्यकांत तिवारी के भाई नवनीत तिवारी के खिलाफ ईओडब्ल्यू ने बुधवार को स्पेशल कोर्ट में डेढ़ हजार पन्नों का चालान पेश किया है। कोल घोटाले में ईओडब्ल्यू का यह दूसरा पूरक चालान है। इसके पूर्व जांच एजेंसी ने पिछले वर्ष अक्टूबर 2024 में मनीष उपाध्याय एवं रजनीकांत तिवारी के खिलाफ कोर्ट में पूरक चालान पेश किया था। वर्तमान में नवनीत तथा देवेंद्र रायपुर सेंट्रल जेल में न्यायिक हिरासत में बंद हैं। ▶▶ शेष पेज 8 पर

## देवेंद्र डडसेना कांग्रेस भवन में 'भवन' नाम से पहुंचाता था पैसे


देवेंद्र डडसेना


नवनीत तिवारी

### रिसीवर के साथ मीडिएटर था देवेंद्र


देवेंद्र डडसेना के खिलाफ कोर्ट में पेश किए गए पूरक चालान में उसे कांग्रेस के तत्कालीन कोषाध्यक्ष रामगोपाल अग्रवाल का पीए बताया गया है। साथ ही अवैध कोल लेवी वसूली से प्राप्त बड़ी मात्रा में नकद राशि का उसे वास्तविक रिसीवर एवं मध्यस्थता करने वाला बताया गया है। चालान में देवेंद्र के खिलाफ कांग्रेस भवन रायपुर में "भवन" नाम से दर्ज प्रविष्टियां मिलने की बात का उल्लेख है, जिससे उसके माध्यम से संचालित अवैध लेन-देन की पुष्टि होने का दावा किया गया है। कोल घोटाले में देवेंद्र डडसेना को अपराध की ▶▶ शेष पेज 8 पर

### सिंडिकेट का सक्रिय सदस्य

कोर्ट में पेश किए गए पूरक चालान में नवनीत तिवारी को सिंडिकेट का सक्रिय सदस्य बताया गया है। उसके द्वारा सूर्यकांत के निर्देश पर रायगढ़ में अवैध कोल लेवी सिंडिकेट चलाने का आरोप लगाया गया है। नवनीत के खिलाफ कोल कारोबारी, ट्रांसपोर्टरों पर दबाव बनाकर करोड़ों रुपए की अवैध उगाही का आरोप है। नवनीत पर वसूल की गई रकम को नियमित रूप से रायगढ़ से रायपुर में सिंडिकेट के सदस्यों ▶▶ शेष पेज 8 पर

## ढाई साल बाद सुप्रीम कोर्ट से राहत

# महादेव ऑनलाइन सट्टा एप केस में सभी आरोपियों को जमानत




**नई दिल्ली/रायपुर।** महादेव ऑनलाइन सट्टा एप मामले में सुप्रीम कोर्ट ने बड़ा फैसला सुनाते हुए सभी 12 आरोपियों को जमानत दे दी है। इस मामले में रितेश कुमार यादव, भारत ज्योति, विश्वजीत राय, राहुल वकटे, नीतीश दीवान समेत 12 जमानत दी गई है। इस समय सभी 12 आरोपी पिछले ढाई साल से रायपुर सेंट्रल जेल में बंद हैं।

गौरतलब है कि महादेव बेटिंग एप एक ऑनलाइन सट्टेबाजी के लिए बनाया गया एप है। इस पर साइन इन करने वाले यूजर्स पोकर, चांस ▶▶ शेष पेज 8 पर

### कौन है सौरभ चंद्राकर?

सौरभ चंद्राकर छत्तीसगढ़ के भिलाई का रहने वाला है। ये दुबई में रहकर महादेव बुक, कई ऑनलाइन बेटिंग का संचालन कर रहा था। साल 2018 तक जूस सेंटर का संचालन करता था। ये ही इसके रोजगार का जरिया था। इसके पिता नगर निगम में पंप ऑपरेटर थे, लेकिन साल 2019 को सौरभ दुबई चला गया। अपने दोस्त रवि उप्पल को भी उसने वहां बुला लिया। उसने वहां से ही महादेव ऐप लांच किया। ये इतना तेजी से बढ़ने लगा और धीरे-धीरे सट्टा बाजार का नाम पड़ गया।

inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366

## प्रधानमंत्री ने 26/11 हमले के बाद सैन्य कार्रवाई न करने पर साधा निशाना

# पीएम मोदी बोले–अब भारत घुसकर मारता है कांग्रेस बताए किसके दबाव में कार्रवाई नहीं की

एजेंसी ▶▶| मुंबई

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार को कहा कि 2008 में 26/11 मुंबई आतंकी हमले के दौरान कांग्रेस सरकार ने कार्रवाई न कर कमजोरी का संदेश दिया था और आतंकियों के सामने घुटने टेके थे। उन्होंने कहा कि हमारी सेनाएं पाकिस्तान पर हमला करने के लिए तैयार थी, लेकिन सरकार ने विदेशी दबाव में ऐसा नहीं करने दिया। पीएम ने 22 मिनट की स्पीच में ऑपरेशन सिंदूर, जीएसटी रिफॉर्म और विकसित भारत ▶▶ शेष पेज 8 पर

**ऑपरेशन सिंदूर, जीएसटी रिफॉर्म और विकसित भारत का किया जिक्र**

## नवी मुंबई अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के पहले चरण का उद्घाटन

**हवाई अड्डे की खासियत**

- हवाई अड्डे पर इलेक्ट्रिक बस सेवा द्वारा ग्रीन मोबिलिटी को बढ़ावा
- 19,650 करोड़ की लागत
- 1,160 हेक्टेयर में फैला
- कमल के फूल जैसी टर्मिनल की डिजाइन
- चारों टर्मिनलों को जोड़ने वाली रैपिड ट्रांजिट सिस्टम
- सस्टेनेबल एविएशन फ्यूल स्टोरेज की सुविधा



### ऑपरेशन सिंदूर के दौरान दुनिया ने देखी ताकत

पीएम मोदी ने कहा, कांग्रेस को बताना होगा कि वह कौन था जिसने विदेशी दबाव में फैसला लिया। मुंबई व देश की भावना से खिलवाड़ किया। उन्होंने कहा, हमारे लिए देश और देशवासियों की सुरक्षा से बढ़कर कुछ भी नहीं है। आज का भारत दमदार जवाब देता है, घर में घुसकर मारता है। यह ऑपरेशन सिंदूर के दौरान दुनिया ने देखा है।

**भारत की वैश्विक कनेक्टिविटी**

इससे पहले, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बुधवार को नवी मुंबई अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के पहले चरण का उद्घाटन किया। उद्घाटन के बाद अपने संबोधन में प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, आज मुंबई का लंबा इंतजार खत्म हुआ। मुंबई को अब अपना दूसरा इंटरनेशनल एयरपोर्ट मिल गया है। ये एयरपोर्ट, इस क्षेत्र को एशिया के सबसे बड़े कनेक्टिविटी हब के रूप में स्थापित करने में बड़ी भूमिका निभाएगा।

### सरकार से कांग्रेस पार्टी ने भी पूछे तीखे सवाल

इधर, कांग्रेस पार्टी ने भी केंद्र सरकार से तीखे सवाल किए। कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने कहा, 30 सितंबर 2025 को जारी ताजा अधिसूचना में पाकिस्तान, सऊदी अरब, कतर, ओमान, तुर्किए और इस्राइल जैसे देशों के नाम भी शामिल किए गए हैं। उन्होंने कहा, 'देखिए, कूटनीतिक माहौल कितनी जल्दी बदलता है और कूटनीतिक झटके कितनी तेजी से बढ़ते हैं। कांग्रेस महासचिव ने दोनों अमेरिकी अधिसूचनाओं की प्रतियां साझा करते हुए कहा कि यह भारत की विदेश नीति की असफलता का संकेत है।

## खबर संक्षेप

### तीन दिन बाद वैष्णो देवी तीर्थयात्रा फिर शुरू



**जम्मू।** जम्मू-कश्मीर के रियासी जिले में त्रिकुटा पहाड़ियों पर स्थित माता वैष्णो देवी मंदिर की तीर्थयात्रा खराब मौसम के कारण तीन दिनों तक स्थगित रहने के बाद बुधवार सुबह फिर से शुरू हो गई। 270 किलोमीटर लंबे जम्मू-श्रीनगर राष्ट्रीय राजमार्ग पर भी एक दिन के निलंबन के बाद आंशिक रूप से यातायात की अनुमति दे दी गई। दो दिनों के बंद के बाद जम्मू और अन्य जगहों पर सभी सरकारी और निजी स्कूल फिर से खुल गए।

## लक्जरी कार तस्करी मामला

# अभिनेताओं के ठिकानों पर ईडी की छापेमारी



एजेंसी ▶▶| कोच्चि

प्रवर्तन निदेशालय ने भूटान से भारत में लक्जरी वाहनों की कथित तस्करी से संबंधित हाल के एक सीमा शुल्क मामले की जांच के तहत तमिलनाडु और केरल में अभिनेताओं- पृथ्वीराज सुकुमारन, दुलकर सलमान और अमित चक्कलकल तथा कुछ अन्य लोगों से जुड़े परिसरों पर बुधवार को छापेमारी की।

### फेमा के उल्लंघन का संदेह

प्रवर्तन निदेशालय को संदेह है कि यह मामला प्रथम दृष्टया फेमा की धाराओं- तीन, चार और आठ- का उल्लंघन करता है, जिसमें अनधिकृत विदेशी मुद्रा लेनदेन और हवाला चैनलों के माध्यम से सीमा पार भुगतान के आरोप शामिल हैं। इस मामले से जुड़े एक घटनाक्रम में, केरल उच्च न्यायालय ने दुलकर सलमान को सीमा शुल्क निवारक विभाग द्वारा जब्त किए गए उनके वाहन को अनंतिम रूप से छोड़े जाने के लिए आवेदन दायर करने की मंगलवार को अनुमति दे दी।

### भूटान, नेपाल मार्ग से लक्जरी कारों की तस्करी

यह छापेमारी इन सूचनाओं पर आधारित है कि एक गिरोह भारत-भूटान और भारत-नेपाल मार्गों के जरिये लैंड क्रूजर, डिफेंडर और मासेराती जैसी लक्जरी कारों के अवैध आयात और पंजीकरण में संलिप्त है।




| MODEL | 125 CF | 150 | NS 125 | N160 | NS 160 | NS 200 |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 100% GST लाभ | ₹8 045/-* | ₹10 249/-* | ₹9 376/-* | ₹11 640/-* | ₹11 840/-* | ₹13 017/-* |
| PF + इंश्योरेन्स सेविंग्स | ₹2 900/-* | ₹3 700/-* | ₹3 400/-* | ₹4 200/-* | ₹4 300/-* | ₹4 700/-* |
| हैट-ट्रिक सेविंग्स | ₹10 945/-* | ₹13 949/-* | ₹12 776/-* | ₹15 840/-* | ₹16 140/-* | ₹17 717/-* |

10 YEAR WARRANTY | BAJAJ SECURE • AMC • ROAD SIDE ASSISTANCE | 72198 21111 | HDFC BANK | SHRIRAM Finance | IDFC FIRST Bank ALWAYS YOU FIRST | BAJAJ AUTO CREDIT | L&T Finance | TATA CAPITAL Two Wheeler Loans

*नियम और शर्तें लागू. हैट-ट्रिक सेविंग्स 22 सितंबर 2025 से मान्य. कुल सेविंग्स में शामिल है 100% GST लाभ, (एक्स शोरूम कीमत और लागू होने वाले RTO टैक्स पर), शून्य प्रोसेसिंग फी, और 1 साल का ओन डैमेज इंश्योरेन्स. शून्य PF और OD पर सेविंग्स फ़ायनान्सर/ इंश्योरेन्स-कर्ता पर निर्भर करते हुए लोकेशन्स के अनुसार बदल सकती हैं. फ़ायनान्स उपलब्ध है फ़ायनान्सर के अपने स्व-निर्णय पर. 5 वर्ष की स्टैण्डर्ड वॉरंटी + 5 वर्ष की विस्तारित वॉरंटी @ ₹999/-. स्टंट्स, एक्सपर्ट्स द्वारा प्रोफ़ेशनल सुपरविज़न के तहत, नियंत्रित वातावरण में किए गए हैं. कृपया इन स्टंट्स की नक़ल करने का प्रयास न करें और हर समय ट्रैफ़िक तथा सुरक्षा नियमों का पालन करें.

**Authorized Dealers for Bajaj Auto Ltd.: Bilaspur**: Tifra Over bridge TRIPUR BAJAJ 9752133444, 9754033444 • Naya Sarkanda KHANDELWAL BAJAJ 9300998989, 9165555222 • Old Bus Stand TRIPUR BAJAJ 7999848912, • **Mungeli** : KHANDELWAL BAJAJ 9399021705, 07755299124 • **Lormi** : KHANDELWAL BAJAJ 9399021701 • **Ambikapur** LAXMI BAJAJ 9074816511, 9754830536 • **Janjgir** SHREE SALASAR BAJAJ 9179981000 • **Champa** 8319235702 • **Korba** TIRUPATI BAJAJ 6232103042, 7879313041 • **Dipka** TIRUPATI BAJAJ 9302444204, **Jamnipali** TIRUPATI BAJAJ 6232123757 • **Raigarh** JINDAL BAJAJ 9589905646,7067109202 • **Jashpur** JINDAL BAJAJ 8817775566, **Baikunthpur** KOREA BAJAJ 9752949291.

चिंतन

# कांग्रेस का पीछा ही नहीं छोड़ रहे उसके कारनामे

सत्ता में रहने के दौरान किए गए कारनामों को लेकर कांग्रेस लगातार घिर रही है। ये कारनामे बीते 11 सालों से सत्ता से बाहर कांग्रेस का पीछा छोड़ते नजर नहीं आ रहे। बीते दिनों पूर्व गृहमंत्री और कांग्रेस नेता पी. चिदंबरम ने खुलासा किया कि वे मुम्बई हमले के बाद पाकिस्तान पर कार्रवाई करने को तैयार थे, लेकिन बाहरी दबाव के चलते ऐसा नहीं कर पाए। मुंबई में 26/11 को हुए आतंकी हमले ने भारत को हिलाकर रख दिया था। पाकिस्तान आधारित लश्कर-ए-तैयबा के आतंकियों ने 175 लोगों की जान ले ली थी। इस हमले के बाद भारत ने पाकिस्तान के खिलाफ सैन्य कार्रवाई पर विचार किया, लेकिन अंतरराष्ट्रीय दबाव, खासकर अमेरिका के कहने पर भारत ने युद्ध की राह नहीं चुनी। चिदंबरम ने बताया कि हमले के दौरान ही तत्कालीन प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह के साथ सैन्य कार्रवाई पर चर्चा हुई थी, लेकिन उस समय की अमेरिकी विदेश मंत्री राइस ने उनसे और प्रधानमंत्री से मुलाकात कर भारत को संयम बरतने को कहा। चिदंबरम ने स्पष्ट किया कि यह फैसला सरकार का था, लेकिन अंतरराष्ट्रीय दबाव और कूटनीतिक सलाह ने इसे प्रभावित किया। इससे साफ है कि कांग्रेस सरकार लगातार विदेशी दबाव में थी और उनके अनुसार ही फैसले ले रही थी। आतंकवाद पर तो कांग्रेस की नीति न केवल लचर थी बल्कि कांग्रेस सरकार कड़ा फैसला ही नहीं ले पाई। यही कारण रहा कि देश में आतंकी हमले होते रहे और निर्दोष नागरिक जान गंवाते रहे। जबकि सरकार बदलने के बाद पिछले दो दशकों में आतंकवाद को लेकर भारत की नीति में एक बड़ा बदलाव देखने को मिला है। अब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यकाल में राष्ट्रवाद की गहराई से जुड़ी भावना के साथ पाकिस्तान के खिलाफ आर्थिक, कूटनीतिक, राजनीतिक और सामरिक, हर मोर्चे पर निर्णायक और घातक वार किया गया। 26 नवंबर 2008 को भारत की आर्थिक राजधानी पर हुआ हमला निस्संदेह सबसे भयानक, घातक और खतरनाक था। मुंबई को दुश्मनों ने घेर लिया था। पाकिस्तान आधारित लश्कर-ए-तैयबा के दस आतंकवादी शहर में घुसे, प्रमुख स्थानों पर फैल गए और लगभग 12 स्थानों पर बम धमाके कर, निर्दोष नागरिकों को बंधक बनाकर, कई दिनों तक आतंक का तांडव मचाया। इसमें 160 से अधिक लोगों की जान गई। पाकिस्तानी आतंकी कसाब जीवित पकड़ा गया। उसने खुद कबूल किया कि इसके पीछे पाकिस्तान था। भारत के पास खुद अपराधी का इकबालिया बयान था। दुनिया देख रही थी, पाकिस्तान कांप रहा था, लोग गुस्से में थे, कांग्रेस सरकार अमेरिका के दबाव में थी। जबकि 2014 के बाद आतंकवाद पर देश की नीति ही बदल गई। पठानकोट में वायुसेना अड्डे पर आतंकी हमला हुआ तो भारत ने निर्णायक रुख अपना लिया। 2019 में पुलवामा में सीआरपीएफ जवानों पर हमला हुआ तो इस बार भारतीय वायुसेना ने पाकिस्तान के बालाकोट में स्थित जैश-ए-मोहम्मद के कैंप पर एयर स्ट्राइक करके जवाब दिया। भारत ने कूटनीतिक स्तर पर भी पाकिस्तान को अलग-थलग कर दिया। 22 अप्रैल 2025 में पहलगाम पयर्टकों पर हमला हुआ तो 7 मई 2025 को भारत ने ऑपरेशन सिंदूर के तहत पाकिस्तान में फैले 9 आतंकवादी ठिकानों पर 24 मिसाइल हमले से सैकड़ों आतंकियों को मौत की नींद सुला दिया। इस हमले में आतंकियों के सरगना अजहर के परिवार के 10 सदस्य भी मारे गए। यह है बदले भारत की तस्वीर, जो ईंट का जवाब पत्थर से देना जानता है। अब कोई अमेरिका हमारे फैसले नहीं बदल सकता।

# दवा बन रही है जान का दुश्मन



विचार
डॉ. संजय शुक्ला

मर्ज को ठीक करने के लिए दवा की जरूरत होती है लेकिन यही दवा जब जहर बन कर बच्चों का जान लेने लगे तब यह मानव समाज के लिए इससे बड़ी त्रासदी है। मध्यप्रदेश और राजस्थान के कुछ जिलों में ऐसा ही वाकया घटित हुआ है जहां एलोपैथिक दवा 'कोल्ड्रिफ' और 'नेक्स्ट्रो डीएस' कफ सिरप पीने से मासूमों की मौत हुई है।खबरों के मुताबिक मध्यप्रदेश के छिंदवाड़ा और बैतूल जिले में अभी तक 16 तथा राजस्थान में 3 बच्चों की मौत इस कफ सिरप के पीने से हो चुकी है। शुरूआती जांच में पता चला है कि तमिलनाडु की कंपनी श्रीसन फार्मास्युटिकल में बनी कोल्ड्रिफ सिरप में प्रोपीलीन ग्लाइकॉल नामक रसायन मिला था जिसका उपयोग पेंट, प्लास्टिक और ब्यूटी प्रोडक्ट्स से जुड़े इंडस्ट्री में होता है। इस रसायन में डायएथिलीन ग्लाइकॉल और एथिलीन ग्लाइकॉल जैसे जहरीले केमिकल होते हैं जो बच्चों के लिए जानलेवा होता है।

हालिया मामले में इस फार्मूले वाले कफ सिरप पीने से बच्चों की मौत किडनी फेल होने से हुई है। अलबत्ता जहरीली कफ सिरप से मासूमों की मौत ने जहां चिकित्सा जगत में हलचल मचा दिया है वहीं सरकार को भी कठघरे में खड़ा कर दिया है। जानलेवा सिरप से बच्चों के मौत के बाद केंद्र और राज्य सरकारें हरकत में आई हैं और मध्यप्रदेश, राजस्थान, तमिलनाडु और केरल में दोनों कफ सिरप पर बैन लगाते हुए इसके उत्पादन को बंद करा दिया गया है। इधर केंद्र सरकार ने बगैर चिकित्सक के परामर्श के दो साल से छोटे बच्चों को सर्दी - खांसी की दवा नहीं देने का एडवाइजरी जारी किया है। इधर छत्तीसगढ़ में औषधि प्रशासन विभाग ने इन दवाओं को लेकर गंभीरता बरती है तथा विभाग द्वारा दवा दुकानों और अस्पतालों में इसकी जांच की जा रही है।

बहरहाल भारत जैसे विकासशील देश में जहां सरकारी स्वास्थ्य सेवाएं काफी लचर है वहां अमानक, मिलावटी और नकली दवाओं के कारण मौत या सेहत पर दुष्प्रभाव के मामला नया नहीं। भारत में बुखार में काम आने वाली पैरासिटामोल से लेकर कैंसर के उपचार में प्रयुक्त होने वाली दवाओं के मिलावटी और अमानक होने की खबरें अनेकों बार सामने आई है। सरकार की उदासीनता और संसाधनों के आभाव के चलते इस पर प्रभावी अंकुश नहीं लग पा रहा है। भारत में बने कफ सिरप से जुड़ी मौतों पर गौर करें तो साल 1972 से लेकर अब देश और विदेशों में इन दवाओं के चलते सैकड़ों बच्चों की मौत हो चुकी है। देश में इस फार्मूले के कफ सिरप पीने से 1972 में चेन्नई में 15 बच्चों की मौत हुई थी वहीं 1986 में मुंबई में 14 , 1988 में बिहार में 11 बच्चों, 1998 में गुड़गांव में 33 बच्चों तथा 2019 में जम्मू में 11 बच्चों की मौत हुई थी। विदेशों की बात करें तो साल 2022 में गाम्बिया में 66 बच्चों के मौत के बाद विश्व स्वास्थ्य संगठन 'डब्ल्यूएचओ' ने भारत में बने 7 कफ सिरप को लेकर वैश्विक चेतावनी जारी की थी और इनमें भी डायएथिलीन ग्लाइकॉल और एथिलीन ग्लाइकॉल पाई गई थी।भारत निर्मित दवाओं के सेवन से मौत के मामले इंडोनेशिया, नेपाल उज़्बेकिस्तान और नाइजीरिया में भी सामने आए थे। डब्ल्यूएचओ ने साल 2023 में इराक जाने वाली इसी फार्मूले की दवा के बारे में भी चेतावनी जारी किया था।




विश्व स्वास्थ्य संगठन के एक रिपोर्ट के मुताबिक भारत सहित दुनिया के 80 देशों में अमानक और नकली दवाइयां बिक रही है। भारत की बात करें तो यहां चौथी दवाई अमानक या नकली है। व्यापारिक संगठनों की मानें तो भारत नकली या मिलावटी दवाओं के आयात व निर्यात का दुनिया का तीसरा बड़ा बाजार है। देश में दिल्ली, उत्तरप्रदेश, बिहार, हरियाणा, मध्यप्रदेश, और गुजरात नकली दवाओं के बड़े बाजार हैं। भारतीय वाणिज्य एवं उद्योग मंडल 'एसोचैम' के एक अध्ययन रिपोर्ट के अनुसार भारत में 25 फीसदी नकली या अमानक दवाइयां बिक रही है और ऐसे दवाओं का कारोबार 352 करोड़ रुपए का है। बीते साल केंद्रीय औषधि मानक नियंत्रण संगठन 'सीडीएससीओ' ने 50 से ज्यादा दवाओं को मानक गुणवत्ता के अनुरूप नहीं पाया था। इन दवाओं में बुखार और दर्द, मौसमी सर्दी-जुकाम, खांसी से लेकर कैंसर ,ब्लडप्रेशर, डायबिटीज, संक्रमणरोधक, प्रोस्टेट, ऑस्टियोपोरोसिस के उपचार और नियंत्रण में इस्तेमाल होने वाली दवाएं और इंजेक्शन शामिल थे। बीते साल देश में बांग्लादेश से आयातित कैंसर की नकली दवाओं का भांडा फूटा था। विशेषज्ञों के अनुसार देश में बिना औषधि विभाग के मंजूरी के बड़े फार्मा कंपनियों के नाम पर कैंसर व लीवर रोग से संबंधित दवाइयां खपाई जा रही है। ' द टाइम्स ऑफ इंडिया ' के मुताबिक भारत में 12 फीसदी कैंसर रोगियों के पास नकली दवाइयां पहुंच रही है।

दवाओं में मिलावट या अमानक के मामले केवल एलोपैथिक दवाओं से ही जुड़े नहीं है बल्कि आयुर्वेदिक दवाओं में भी मिलावट और अमानक की खबरें भी आम हो चुकी है। कुछ साल पहले हड्डियों के रोग 'अर्थराइटिस' के उपचार में उपयोग किए जाने वाले आयुर्वेदिक दवाओं में एलोपैथिक दर्दनाशक दवाओं के मिलावट का सनसनीखेज मामला उजागर हुआ था। खाद्य एवं औषधि प्रशासन द्वारा जब्त किए गए इन आयुर्वेदिक दवाओं में एलोपैथिक दर्द-निवारक डायक्लोफेनेक और एसिक्लोफेनेक सोडियम के कई गुना ज्यादा मात्रा मिलाई गई थी। गौरतलब है कि इन दिनों आयुर्वेदिक के नाम पर मधुमेह, मोटापा, जोड़ों के दर्द, बांझपन, नपुंसकता से लेकर अनेक रोगों के उपचार के लिए अनेक आयुर्वेद दवाएं बाजार में मेडिकल स्टोर से लेकर परचून की दूकान पर बिक रही हैं लेकिन इन दवाओं में एलोपैथिक दवाओं के मिलावट की पुष्टि प्रयोगशाला जांच में हुई है।बदलते परिवेश में जब लोगों का रूझान आयुर्वेद चिकित्सा पद्धति की ओर बढ़ रहा है तब आयुर्वेदिक दवाओं में मिलावट या नकली होने पर इस चिकित्सा पद्धति के साख पर भी बट्टा लग रहा है।

गौरतलब है कि भारत को दुनिया के सबसे बड़े 'फार्मेसी हब' के रूप में जाना जाता है जहां 3000 कंपनियां 10,000 दवा कारखानों के जरिए ब्रांडेड और जेनेरिक दवाइयां बनाती है। भारत 200 से ज्यादा देशों को दवाइयां निर्यात करता है। अमेरिका और ब्रिटेन जैसे विकसित देशों में बिकने वाली दवाओं का एक चौथाई हिस्सा भारत से जाता है। भारत में फार्मास्युटिकल इंडस्ट्री सबसे बड़े उद्योगों में से एक है जिसका कारोबार 50 अरब डॉलर से अधिक है। आश्चर्यजनक तौर पर तेजी से बढ़ रहे इस बाजार में विनियमन और निगरानी का घोर अभाव है फलस्वरूप देश में मिलावटी और अमानक दवाओं का व्यापार खूब फल-फूल रहा है। विदेशों में भारत निर्मित कफ सिरप सहित कुछ दवाओं पर 'रेड एलर्ट ' जारी करने जैसे कदम से देश के दवा उद्योग के साख पर भी बट्टा लग रहा है।

चूंकि भारतीय दवा उद्योग और व्यापार देश के करोड़ों लोगों को रोजगार देता है और यह हमारी अर्थव्यवस्था का मजबूत आधार स्तंभ है लिहाजा सरकार को इस इंडस्ट्री नियमन और गुणवत्ता नियंत्रण के लिए अतिरिक्त गंभीरता बरतने की जरूरत है। केंद्र सरकार ने नकली और अमानक दवाओं की पहचान के लिए 'क्यू आर कोड' और ' ट्रैक एंड ट्रेस ' जैसी व्यवस्था कायम की है लेकिन इसका आशातीत परिणाम परिलक्षित नहीं हो रहा है। दूसरी ओर देश में जरूरत के मुताबिक औषधि परीक्षण प्रयोगशाला नहीं है वहीं दवाओं के व्यापार और गुणवत्ता परीक्षण के लिए सैंपल लेने वाले खाद्य एवं औषधि प्रशासन विभाग में तकनीकी और गैर तकनीकी स्टाफ की फलस्वरूप दवाओं का समयबद्ध सैंपलिंग और टेस्टिंग के काम में लेट लतीफी होती है। सरकार को जनस्वास्थ्य के दृष्टिगत देश में ज्यादा से ज्यादा औषधि परीक्षण प्रयोगशाला खोलने तथा स्टाफ की भर्ती व प्रशिक्षण के लिए एक व्यापक कार्ययोजना को अमल में लाना चाहिए ताकि दवा 'मौत' का सबब न बने। सरकार और प्रशासन के साथ ही आम नागरिकों को भी इस दिशा में सजगता बरतने की जरूरत है।

आमतौर पर यह देखा जाता है मरीज के रिश्तेदार या खुद मरीज बिना डॉक्टर के जांच और परामर्श से दवा दुकानों से दवाइयां खरीद कर इसका इस्तेमाल करते हैं यह पूरी तरह से अनुचित है।जनसामान्य को क्वालिफाइड चिकित्सक के परामर्श पर ही कोई भी दवा लेना चाहिए ताकि उनके मर्ज का उचित उपचार संभव हो सके।

(ये लेखक के अपने विचार हैं।)




विश्व डाक दिवस
प्रो. आरके जैन 'अरिजीत'

# कागज, स्याही व संवेदनाएं डाक की अनकही कहानी

जब दुनिया की रफ्तार डिजिटल संदेशों, त्वरित सूचनाओं और स्क्रीन की चमक में उलझी हुई है, तब एक दिन ऐसा आता है जो हमें रुकने, ठहरने और उन पलों को याद करने का अवसर देता है, जब एक कागज का टुकड़ा, स्याही की कुछ बूंदें और किसी प्रियजन की लिखावट दिलों को जोड़ने का सबसे मजबूत जरिया बनती थी। 9 अक्टूबर, विश्व डाक दिवस, केवल डाक सेवाओं का उत्सव नहीं है; यह उन अनकही कहानियों, भावनाओं और मानवता के उस अटूट बंधन का सम्मान है, जो समय और दूरी की सीमाओं को लांघकर हमें एक-दूसरे के करीब लाता है। यह दिन हमें याद दिलाता है कि संचार केवल शब्दों का आदान-प्रदान नहीं, बल्कि दिलों का मिलन, आशा का संदेश और विश्वास का प्रतीक है। एक पत्र, जो किसी अनजान डाकिए के कंधों पर सवार होकर सुदूर गांवों, पहाड़ों या समुद्रों को पार करता है, वह केवल कागज नहीं, बल्कि एक कहानी, एक सपना और एक रिश्ता लेकर चलता है। विश्व डाक दिवस की शुरुआत 9 अक्टूबर 1874 को हुई, जब स्विट्जरलैंड के बर्न में यूनिवर्सल पोस्टल यूनियन (यू.पी.यू.) की स्थापना हुई। इस संगठन ने विश्व भर की डाक प्रणालियों को एक सूत्र में बांधकर संचार को सरल और सुलभ बनाया। उस समय यह कोई सामान्य उपलब्धि नहीं थी। यह वैश्विक सहयोग का एक ऐसा प्रतीक था, जिसने देशों की भौगोलिक और सांस्कृतिक दूरी को पाटकर एक वैश्विक डाक नेटवर्क की नींव रखी। आज यू.पी.यू. के 192 सदस्य देश इस नेटवर्क का हिस्सा हैं, जो हर साल अरबों पत्रों और पार्सलों को उनके गंतव्य तक पहुंचाता है। डाक सेवाओं का इतिहास मानव सभ्यता के विकास का एक अनोखा दस्तावेज है। भारत में डाक व्यवस्था की जड़ें प्राचीन काल तक जाती हैं, जब राजा-महाराजा अपने संदेशवाहकों के जरिए पत्र भेजते थे। लेकिन आधुनिक डाक प्रणाली की शुरुआत 1854 में ब्रिटिश शासन के दौरान हुई, जब भारत में पहली डाक टिकट जारी की गई। आज भारतीय डाक सेवा दुनिया की सबसे बड़ी डाक प्रणालियों में से एक है, जिसमें 1.55 लाख डाकघर हैं, जिनमें से 89 फीसदी ग्रामीण क्षेत्रों में हैं। ये डाकघर उन लाखों लोगों के लिए संचार का एकमात्र साधन हैं, जहां इंटरनेट और स्मार्टफोन अभी भी एक सपना हैं। भारतीय डाक ने न केवल पत्रों को पहुंचाया, बल्कि स्वतंत्रता संग्राम में क्रांतिकारियों के संदेशों को गुप्त रूप से प्रसारित करने, ग्रामीण शिक्षा को बढ़ावा देने और सरकारी योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। डाक सेवाओं ने मानव इतिहास के सबसे कठिन दौर में भी अपनी जिम्मेदारी निभाई है। प्रथम और द्वितीय विश्व युद्ध के दौरान, जब दुनिया युद्ध की आग में जल रही थी, डाक सेवाओं ने सैनिकों और उनके परिवारों को जोड़े रखा। एक सैनिक का पत्र, जो खाइयों में लिखा गया और मीलों की दूरी तय करके उसके परिवार तक पहुंचा, वह केवल शब्दों का संग्रह नहीं था। वह पत्र आशा, प्रेम और जीवित रहने की प्रेरणा का प्रतीक था। आज भी, प्राकृतिक आपदाओं और महामारियों के समय, जब अन्य संचार साधन ठप हो जाते हैं, डाक सेवाएं निर्बाध रूप से काम करती हैं। 2020 की कोविड-19 महामारी के दौरान, भारतीय डाक ने दवाइयों, आवश्यक सामग्रियों और सरकारी सहायता को दूरदराज के क्षेत्रों तक पहुंचाया, जिसने लाखों लोगों के लिए जीवन रेखा का काम किया। आज डाकघर केवल पत्र और पार्सल तक सीमित नहीं हैं। भारत में डाक विभाग ने इंडिया पोस्ट पेमेंट्स बैंक (आई.पी.पी.बी.) के जरिए वित्तीय समावेशन को बढ़ावा दिया है। ग्रामीण क्षेत्रों में, जहां बैंकिंग सुविधाएं दुर्लभ हैं, डाकघर बचत खाते, बीमा और डिजिटल भुगतान की सुविधा प्रदान करते हैं। इसके अलावा, डाक सेवाएं ई-कॉमर्स के क्षेत्र में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं। अमेजन और फ्लिपकार्ट जैसे प्लेटफॉर्म्स के साथ साझेदारी करके भारतीय डाक ने ग्रामीण और शहरी भारत को जोड़ा है, जिससे छोटे व्यवसायों और स्थानीय कारीगरों को वैश्विक बाजार तक पहुंचने का मौका मिला है। डाक टिकटें भी विश्व डाक दिवस का एक अनूठा पहलू हैं। ये छोटे-छोटे कागज के टुकड़े केवल भुगतान का साधन नहीं हैं, बल्कि संस्कृति, इतिहास और विज्ञान की कहानियां बयां करते हैं। यह दिन हमें यह भी सिखाता है कि चाहे दुनिया कितनी भी बदल जाए, कुछ चीजें, जैसे एक प्रियजन का पत्र, डाकिए की घंटी, और डाकघर की वह पुरानी खुशबू—हमेशा हमारे दिलों में जिंदा रहेंगी। विश्व डाक दिवस हमें यह एहसास दिलाता है कि संचार का असली जादू तकनीक में नहीं, बल्कि उन भावनाओं में है, जो समय और दूरी को पार करके हमें एक-दूसरे के करीब लाती हैं।

(लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

## वैयक्तिक अहंकार से प्रगति रुक जाती है



संकलित
दर्शन

निरन्तर विकसित होते रहना यह जीवन धर्म है। प्रगति जीवन के अस्तित्व की सूचक है। जहां जीवन है वहां प्रगति है, विकास है। जड़ता में जीवन कहां ? मानव ही नहीं पशु पक्षियों में भी विकास की प्रक्रिया गतिमान रहती है। मानव की विकास प्रक्रिया में एक विशेषता है कि वह अपने विकास को सम्यक दिशा दे सकता है। अक्सर प्रत्येक व्यक्ति अपना श्रेष्ठ विकास ही चाहता है किन्तु फिर भी वह उसे पाने में असफल रहता है तो उसका सबसे बड़ा कारण होता है अहंकार। अहंकार व्यक्ति को सही दिशा में बढ़ने नहीं देता। मानव उस दिशा में दो कदम बढ़ा भी देता है तो उसका अहंकार आकर खड़ा हो जाता है। और वो आगे बढ़े हुए कदम वापस पीछे ले जाता है । अर्हम को प्राप्त करने के लिये अहं का त्याग करना होगा। अर्हम परमात्मा का वाचक शब्द है। हम इसके उपासक हैं किन्तु अहम का त्याग किये बिना अर्हम की आराधना कैसे होगी ? आज अधिकांश व्यक्ति बहुत अधिक महत्वाकांक्षी हो गये हैं उन्हें अपनी पूछ और इज्जत चाहिये किन्तु वे औरों को इज्जत नहीं देना चाहते। यह अहंकार ही हमारी सारी विकास योजनाओं को असफल किये जा रहा है। हम ऊंचा लक्ष्य रख कर आगे बढ़ें, यह बुरा नहीं किन्तु अहंकार को छोड़े बिना उस लक्ष्य की प्राप्ति नहीं हो सकती।

## मानव धर्म ही सर्वोपरि



संकलित
प्रेरणा

एक विदेशी को अपराधी समझ जब राजा ने फांसी का हुक्म सुनाया तो उसने अपशब्द कहते हुए राजा के विनाश की कामना की। राजा ने अपने मंत्री से, जो कई भाषाओं का जानकार था, पूछा- यह क्या कह रहा है? मंत्री ने विदेशी की गालियां सुन ली थीं, किंतु उसने कहा- महाराज! यह आपको दुआएं देते हुए कह रहा है- आप हजार साल तक जिएं। राजा यह सुनकर बहुत खुश हुआ, लेकिन एक अन्य मंत्री ने जो पहले मंत्री से ईर्ष्या रखता था, आपत्ति उठाई- महाराज! यह आपको दुआ नहीं गालियां दे रहा है। वह दूसरा मंत्री भी बहुभाषी था। उसने पहले मंत्री की निंदा करते हुए कहा- ये मंत्री जिन्हें आप अपना विश्वासपात्र समझते हैं, असत्य बोल रहे हैं। राजा ने पहले मंत्री से बात कर सत्यता जाननी चाही, तो वह बोला- हां महाराज! यह सत्य है कि इस अपराधी ने आपको गालियां दीं और मैंने आपसे असत्य कहा। पहले मंत्री की बात सुनकर राजा ने कहा- तुमने इसे बचाने की भावना से अपने राजा से झूठ बोला। मानव धर्म को सर्वोपरि मानकर तुमने राजधर्म को पीछे रखा। मैं तुमसे बेहद खुश हुआ। फिर राजा ने विदेशी और दूसरे मंत्री की ओर देखकर कहा- मैं तुम्हें मुक्त करता हूं। निर्दोष होने के कारण ही तुम्हें इतना क्रोध आया कि तुमने राजा को गाली दी और मंत्री महोदय तुमने सच इसलिए कहा- क्योंकि तुम पहले मंत्री से ईर्ष्या रखते हो। ऐसे लोग मेरे राज्य में रहने योग्य नहीं। तुम इस राज्य से चले जाओ। वस्तुतः दूसरों की निंदा करने की प्रवृत्ति से अन्य की हानि होने के साथ-साथ स्वयं को भी नुकसान ही होता है।

## अंतर्मन




आज की पाती

### महिला क्रिकेट टीम की उपलब्धियां

कभी-कभी लड़कियों के अच्छे और हौसले की ऐसी खबरें सुनने को मिलती हैं जो उनके हौसले के बारे में जानकर सभी दांतों तले अंगुली दबा लेते हैं। अभी हाल ही में एशिया कप और आईसीसी महिला वनडे वर्ल्ड कप में हमारे देश में लगातार चौथे रविवार को पाकिस्तान को हरा दिया। सारी दुनिया और पाकिस्तान इस बात को अच्छी तरह समझ गए होंगे कि हमारे देश की महिला क्रिकेट टीम किसी से कम नहीं है। महिला क्रिकेट टीम ने वर्ष 1976 में बैंगलोर के एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में डेब्यू टेस्ट मैच वेस्टइंडीज के साथ खेला था। हमारे देश की टीम ने पहली जीत पटना के स्टेडियम मोइन उल हक में वेस्टइंडीज को हराकर हासिल की थी। महिला टीम की और भी कई शानदार उपलब्धियां हैं। *- दीपक पटेल, जगदलपुर*


## ट्रेंड

### श्रद्धासुमन अर्पित



भारत रत्न लोकनायक जयप्रकाश नारायण की पुण्यतिथि पर, मैं उस दूरदर्शी नेता को श्रद्धासुमन अर्पित करता हूं जिन्होंने अपना संपूर्ण जीवन लोकतंत्र और न्याय के लिए समर्पित किया। उन्होंने भारत के स्वतंत्रता संग्राम में महत्वपूर्ण योगदान दिया।
-सी. पी. राधाकृष्णन, उपराष्ट्रपति

### नवाचार को बढ़ावा



पिछले दशक में भारत की तकनीकी क्रांति की विशेषता गति, पैमाने और नीतिगत सुधार रहे हैं। हमारी सरकार केवल नियामक बनने के बजाय, नवाचार को बढ़ावा देने वाले सुविधाप्रदाता बनने में विश्वास करती है।
-नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री

### संविधान का अपमान



सुप्रीम कोर्ट के उच्च न्यायाधीश का जो अपमान किया गया, हम उसकी घोर निंदा करते हैं और ऐसी विचारधारा अगर सुप्रीम कोर्ट के वकीलों के पास होती है, तो वो संविधान का अपमान है। जो विचारधारा इंसान को इंसान ना माने, वो मानसिकता संविधान के अनुसार नहीं है।
- मल्लिकार्जुन खड़गे, अध्यक्ष, कांग्रेस

### नई तकनीक के आधार



भविष्य जितना एआई जैसी तकनीकों से जुड़ा है, उतना ही धरती के नीचे के संसाधनों से भी जुड़ा है, न केवल सोना, बल्कि तांबा, एल्युमीनियम, जस्ता, लिथियम आदि हर नई तकनीक के आधार हैं।
- अनिल अग्रवाल, उद्यमी

## करंट अफेयर

### कैलिफोर्निया में दिवाली पर राजकीय अवकाश घोषित

भारतीय प्रवासियों के लिए एक ऐतिहासिक घटनाक्रम में कैलिफोर्निया ने दिवाली पर आधिकारिक राजकीय अवकाश घोषित कर दिया है। इस तरह कैलिफोर्निया अमेरिका का तीसरा राज्य बन गया है जिसने भारत के इस प्रकाश पर्व को आधिकारिक तौर पर अवकाश के रूप में मान्यता दी है। कैलिफोर्निया के गवर्नर गेविन न्यूसम ने मंगलवार को घोषणा की कि उन्होंने विधानसभा सदस्य ऐश कालरा द्वारा दिवाली को राजकीय अवकाश घोषित करने वाले विधेयक पर हस्ताक्षर कर दिए हैं। सितंबर में दिवाली को आधिकारिक राजकीय अवकाश घोषित करने वाला 'एबी 268' नामक विधेयक कैलिफोर्निया विधानमंडल के दोनों सदनों से सफलतापूर्वक पारित हो गया था, जिस पर न्यूसम के अंतिम निर्णय की प्रतीक्षा थी। कालरा ने पिछले महीने कहा था, 'कैलिफोर्निया भारतीय अमेरिकियों की सबसे बड़ी आबादी वाला स्थान है और दिवाली को आधिकारिक राजकीय अवकाश घोषित करने से लाखों कैलिफोर्निया वासियों तक इसका संदेश पहुंचेगा जो इसे मनाते हैं और विविधता से भरे हमारे राज्य में कई लोगों को इसे अपनाने में मदद मिलेगी।' उन्होंने कहा, 'दिवाली सद्भावना, शांति और नवीनीकरण की साझा भावना के संदेश के साथ समुदायों को एक साथ लाती है।



## ऑफ बीट

### क्या एआई अस्तित्व के लिए खतरा है? विशेषज्ञों की राय




एआई दुनिया बदल देगा। एआई 'अद्भुत सफलताएँ' लाएगा। एआई को बहुत ज़्यादा प्रचारित किया जा रहा है, और यह बुलबुला फूटने वाला है। एआई जल्द ही मानवीय क्षमताओं को पार कर जाएगा, और यह 'अति बुद्धिमान' एआई हम सभी को खत्म कर देगा।'एआई के गॉडफादर', कंप्यूटर वैज्ञानिक और नोबेल पुरस्कार विजेता जेफ्री हिंटन ने कहा है कि अगले तीन दशकों में एआई के कारण मानव के विलुप्त होने की 10-20 प्रतिशत संभावना है। यह एक परेशान करने वाला विचार है – लेकिन इस बात पर कोई सहमति नहीं है कि ऐसा होगा या नहीं और कैसे। इसलिए हमने पांच विशेषज्ञों से पूछा: क्या एआई अस्तित्व के लिए खतरा पैदा करता है? पाँच में से तीन ने कहा, 'नहीं"। यहाँ उनके विस्तृत उत्तर दिए गए हैं। असली ख़तरा यह नहीं है कि एआई बहुत ज़्यादा स्मार्ट हो जाए। नहीं। वर्तमान में प्रौद्योगिकी जिस स्थिति में है, उसमें वास्तविक खतरा यह नहीं है कि एआई बहुत अधिक स्मार्ट हो गया है – बल्कि खतरा यह है कि मनुष्य इन उपकरणों के निर्माण और उपयोग के बारे में गलत निर्णय ले रहे हैं। वर्तमान एआई प्रणालियाँ, प्रभावशाली होते हुए भी, मूलत: 'स्टोकेस्टिक पैरट ही हैं। वे परिष्कृत पैटर्न-मिलान में संलग्न हैं जो पूर्वानुमान के माध्यम से बुद्धिमत्ता का अनुकरण करती हैं।

हमारा पता
हरिभूमि कार्यालय
रिंग रोड नं. 2, गौरवपथ, बिलासपुर
फोन: 401050,271016,फैक्स-271018
ई-मेल: haribhoomibsp@gmail.com
वेब-साइट: www.haribhoomi.com

MARUTI SUZUKI

NEXA

# CELEBRATIONS JUST GOT BIGGER.

**WITH GST BENEFITS**
**+**
***LIMITED PERIOD FESTIVE OFFERS**

| | PRICE REDUCTION OF UP TO# | NOW STARTING AT# | ADDITIONAL FESTIVE OFFERS OF UP TO* |
|---|---|---|---|
| FRONX | ₹ 1 12 600 | ₹ 6 84 900 | ₹ 75 000 |
| GRAND VITARA | ₹ 1 07 000 | ₹ 10 76 500 | ₹ 2 10 000 + 5 Year Extended Warranty |
| BALENO | ₹ 86 100 | ₹ 5 98 900 | ₹ 52 500 |
| IGNIS | ₹ 71 300 | ₹ 5 35 100 | ₹ 65 000 |
| INVICTO | ₹ 61 700 | ₹ 24 97 400 | ₹ 1 55 000 |
| XL6 | ₹ 52 000 | ₹ 11 52 300 | ₹ 55 000 |
| JIMNY | ₹ 51 900 | ₹ 12 31 500 | ₹ 85 000 |



SCAN TO CONNECT TO A SHOWROOM NEAR YOU

*FESTIVE OFFERS VALID TILL 23RD OCT ONLY

NEXA SAFETY SHIELD

UP TO 100% WAIVER ON CAR LOAN PROCESSING FEE (ONLY TILL 31ST OCT)##

E-BOOK TODAY @ WWW.NEXAEXPERIENCE.COM

Contact us at 1800-200-6392 1800-102-6392

For detailed T&C kindly visit your nearest dealership. Features and accessories shown may not be a part of the standard fitment. Black glass shade on the vehicle is due to the lighting effect. Images used are for illustration purposes only. All offers are brought to you by NEXA dealers only. Offers and features may vary subject to the model and variant purchased. *The mentioned offers include "Consumer Offer + Booking offer + Exchange Bonus + Rural offer", and may vary from city to city. Please contact nearby dealership for more details. Maruti Suzuki reserves the right to withdraw offers at any point in time without any advance notice. All offers are applicable till 23rd October '25 or till stocks last. Maruti Suzuki Smart Finance is now available pan India. Maruti Suzuki Subscribe is available only in selected cities. ##Offers include consumer offer, exchange bonus and institutional or rural offers (wherever applicable) on select models/variants. Finance is at the sole discretion of the financer by selected finance partners. #Prices and savings mentioned above are for select variants and may vary across cities/ variants.



## डॉक्टर्स सजेशन



डॉ. आर. पी. सिंह सीनियर फिजिशियन, एनसीआर

# जब लगातार फील हो थकान और तनाव



**मेरी उम्र 35 वर्ष है। कुछ महीनों से किसी काम में मन नहीं लगता, थकान महसूस होती है, तनाव-चिड़चिड़ाहट होती है। ऐसा क्यों हो रहा है, इसके लिए मुझे क्या उपाय करना चाहिए?**

**-अंचित, दुर्ग**

सबसे पहले आप इस बात पर गौर करें कि जब से यह समस्या शुरू हुई है, उस दौरान ऐसा क्या हुआ है कि चिड़चिड़ाहट और तनाव शुरू हुआ है? अगर आप इस बारे में डिसाइड नहीं कर पा रहे हैं तो आपको जरूर एक बार डॉक्टर से संपर्क कर जांच करवा लेनी चाहिए, क्योंकि आप बता रहे हैं कि थकान भी लगती है। कई बार शरीर में खून की कमी होने से थकान लगती है और जिस वजह से चिड़चिड़ापन भी होने लगता है। जांच करने के बाद ही इसके कारण का पता चलेगा।

**मेरी उम्र 36 वर्ष है। दो साल पहले मेरे सिर पर लोहे से चोट लगी थी। हल्का दर्द तो हमेशा होता है, लेकिन कभी-कभी दर्द तेज हो जाता है। कृपया बताएं कि मुझे राहत के लिए क्या करना चाहिए?**

**-रोहन, रायपुर**

आपको एक बार डॉक्टर से संपर्क कर जांच करवा लेनी चाहिए। कई बार चोट लगने के बाद क्लॉटिंग होती है और उसका दुष्प्रभाव कुछ दिनों बाद शुरू होता है। बेहतर होगा कि आप बगैर जांच करवाए कोई भी ट्रीटमेंट शुरू न करें और इसे हल्के में न लें।

**मेरी उम्र 28 वर्ष है। मेरे चेहरे और गले पर कई तिल उभर आए हैं। किस मेडिकल प्रोसीजर से तिल हटाए जा सकते हैं?**

**-आदर्श, भोपाल**

इसमें बगैर देखे कुछ भी बता पाना मुश्किल है। इसलिए सबसे पहले आप किसी त्वचा रोग विशेषज्ञ से संपर्क करें। वह इनकी जांच करेंगे और यह देखेंगे कि इनको हटाया जा सकता है या नहीं, क्योंकि कई बार ऐसे भी तिल होते हैं, जिनको हटाना मुश्किल होता है। इसलिए आप सबसे पहले डॉक्टर से संपर्क करें।

**मेरी उम्र 48 वर्ष है। बदलते मौसम में अक्सर मेरे गले में खराश बनी रहती है, दर्द भी होता है। कृपया कोई उपाय बताएं जिससे मुझे इससे राहत मिल सके।**

**-जतिन, बिलासपुर**

यह समस्या काफी लोगों में देखी जाती है। जब यह मौसम चेंज होता है सर्दी, जुकाम और खराश जैसी समस्या शुरू हो जाती है। इससे बचने के लिए आप सुबह-शाम गर्म पानी से गरारा करें। इसके साथ ही अपनी इम्युनिटी बढ़ाने के लिए विटामिन सी यानी खट्टे फल जरूर खाएं। अब आप फ्रिज में रखी कोई भी ठंडी चीज बिल्कुल ना खाएं।

**मेरी उम्र 56 वर्ष है। मेरे पैर अक्सर सुन्न हो जाते हैं। इसमें कोई संसेशन नहीं होता। कई बार इस वजह से चलने-फिरने में लड़खड़ाहट होती है। कृपया मेरी इस समस्या का निदान बताएं।**

**-सुरेश चंद्र, महेंद्रगढ़**

आपको जल्द से जल्द किसी न्यूरोलॉजिस्ट से संपर्क कर लेना चाहिए और जांच करानी चाहिए, क्योंकि यह समस्या कई बार न्यूरो से जुड़ी होती है, जो धीरे-धीरे बढ़ती जाती है। बगैर जांच कराए ओवर द काउंटर किसी तरह की कोई दवा ना खाएं। *

**प्रस्तुतिः रिचा पांडे**

**पाठक अपनी हेल्थ प्रॉब्लम्स से संबंधित सवाल sehatharibhoomi@gmail.com पर ई-मेल कर सकते हैं।**

## एडवाइस


डॉ. कोमल चावला
प्रोफेसर-साइकोलॉजी डिपार्टमेंट
ब्रिटिश यूनिवर्सिटी, बहरीन

डब्ल्यूएचओ के हिसाब से 2019 में दुनिया में हर आठ में से एक व्यक्ति मानसिक बीमारी से ग्रस्त पाया गया। मानसिक रूप से बीमार लोगों की संख्या 970 मिलियन थी। कोरोना काल में एंग्जाइटी के 26 फीसदी और डिप्रेशन के 28 फीसदी मरीज बढ़ गए। दुनिया भर में कुल मानसिक बीमारियों के शिकार लोगों में भारत के 15 फीसदी लोग शामिल हैं। भारत की 7.5 फीसदी आबादी किसी न किसी मानसिक समस्या से जूझ रही है। यानी हर आयु-वर्ग में मानसिक समस्याएं बढ़ रही हैं। इसलिए इनका अलग-अलग समाधान खोजना आवश्यक है।

### स्पेशलः वर्ल्ड मेंटल हेल्थ डे, 10 अक्टूबर

वर्तमान डिजिटलाइजेशन और भाग-दौड़ भरी जीवनशैली के दौर में बेशुमार सुविधाओं के बावजूद हममें से अधिकतर लोग मेंटल प्रॉब्लम्स का सामना कर रहे हैं। इनमें तनाव, घबराहट, उदासी, निराशा, अकेलापन, किसी काम में मन न लगना, एंग्जायटी, अवसाद जैसी मानसिक समस्याएं कॉमन हैं। चिंताजनक बात यह है कि इन समस्याओं से हर उम्र के लोग ग्रसित हो रहे हैं। ऐसे में सभी की मेंटल हेल्थ पर ध्यान देने की जरूरत है।

# सभी के लिए जरूरी है मेंटली हेल्दी रहना



### बाल्यावस्था (0-12 साल)

यह वह उम्र है, जब बच्चा इमोशनल रेगुलेशन यानी भावनाओं को समझना और उन्हें मैनेज करना सीखता है। बचपन में सबसे बड़ा चैलेंज-बच्चे को जब गुस्सा आता है या वह निराश होता है तो उसे पता नहीं होता कि इसको कैसे व्यक्त किया जाए?

**क्या करें:** अगर बच्चों को अपने इमोशंस को पहचानना और व्यक्त करना सिखा दिया जाए, तो वे बड़े होकर बेहतर कम्यूनिकेटर बनते हैं। रिश्तों में कम तनाव महसूस करते हैं। मेंटल हेल्थ इश्यूज जैसे एंग्जायटी, डिप्रेशन से लड़ने में ज्यादा सक्षम होते हैं। पैरेंट्स को बच्चे को यह समझाना चाहिए कि उसका गुस्सा या उदासी रीयल है। लेकिन गुस्से में टॉय तोड़ना सही नहीं है। इसके बजाय उसे गुस्सा आने के कारणों को जानना जरूरी है ताकि आगे वह कंट्रोल कर सके। इससे बच्चा सीखता है कि गुस्से का कारण समझना और उस पर बात करना ज्यादा हेल्दी है।

### किशोरावस्था (13-19 वर्ष)

यह उम्र सबसे नाजुक मोड़ों में से एक है, जब शारीरिक, मानसिक सामाजिक और भावनात्मक बदलाव एक साथ होते हैं। किशोरावस्था एक ऐसा पड़ाव है जिसमें बच्चा बचपन से वयस्कता की ओर



बढ़ रहा होता है। अगर इस दौरान उसे पैरेंट्स का साथ, समझ और स्वीकार्यता मिले, तो वह जीवन भर मजबूत आत्मविश्वास और स्थिर मानसिक स्वास्थ्य लेकर आगे बढ़ता है। इस उम्र में बच्चा यह सोचता है कि वो कौन है, वो किस दिशा में जा रहा है? उसके शरीर में बदलाव हो रहे होते हैं, जिससे वह खुद को दूसरों से अलग महसूस करते हैं, तो उन्हें आत्म-संदेह होने लगता है। जब उसके दोस्त पार्टी में जा रहे हैं और उसको भी पार्टी में चलने के लिए प्रेशर डालते हैं। मन होकर भी वह पैरेंट्स के डर से नहीं जाता। कभी सोशल रिजेक्शन का डर उसे परेशान करता है। यह दबाव कई बार उन्हें नशे, गलत आदतों या खुद को बदलने की कोशिश की ओर धकेल सकता है।

**क्या करें:** पैरेंट्स को अपने बच्चे को क्वालिटी टाइम देना जरूरी है। वे जब कुछ बोलते हैं तो अकसर पैरेंट्स उनकी बात काट देते हैं कि तुम्हें तो कुछ पता ही नहीं है, तुम अभी छोटे हो या तुम्हें समझ नहीं आती है। इससे बच्चे का आत्मविश्वास टूटता है। इसके बजाय पैरेंट्स का यह कहना अधिक प्रभावी होगा कि वो क्या महसूस कर रहा है-वे समझते हैं। बच्चे को यह भरोसा होना चाहिए कि वह अपनी बात बिना जज किए साझा कर सकता है। पैरेंट्स को उसकी बात ध्यान से सुननी चाहिए। बच्चे को यह समझाना चाहिए कि सोशल मीडिया पर दिखने वाली बॉडी जरूरी नहीं परफेक्ट हो। खेल, संगीत, आर्ट, डांस, राइटिंग या कोई भी हॉबी बच्चे को स्वस्थ पहचान बनाने में मदद करती है। जब बच्चा किसी काम में अच्छा महसूस करता है, तो पियर प्रेशर का असर कम हो जाता है।

### युवावस्था (20-35 वर्ष)

इस आयुवर्ग में व्यक्ति अपने करियर, रिलेशनशिप और जीवन की दिशा तय करता है। लेकिन इसी दौर में मानसिक दबाव, उलझनें और कंपेरिजन सबसे ज्यादा होती हैं। अवसरों और चुनौतियों से भरी युवावस्था में मानसिक स्वास्थ्य पर ध्यान न दिया जाए, तो यह तनाव, एंग्जायटी और बर्नआउट की ओर ले जा सकता है। कॉलेज के बाद हर किसी का पहला लक्ष्य मनपसंद अच्छी नौकरी पाना होता है। ऐसा न होने पर व्यक्ति फ्रस्ट्रेशन, आत्म-संदेह और चिंता से जूझने लगता है। दूसरों से कंपेरिजन इसे और कठिन बना देती है। परिवार की अपेक्षाएं भी इसमें तनाव जोड़ देती हैं।



**क्या करें:** अधिकतर युवाओं को वर्कप्लेस पर किसी काम के लिए न कहने में डर लगता है। सोचते हैं कि मना किया तो प्रमोशन में प्रॉब्लम आएगी या रिलेशनशिप टूट जाएगी। लेकिन समय पर न कहना और अपनी बाउंडरीज तय करना सेल्फ-केयर का हिस्सा है। इसे गिल्ट के साथ नहीं, बल्कि सेल्फ-रेस्पेक्ट के साथ अपनाना चाहिए। काम और तनाव से थके हमारे दिमाग और भावनाएं भी रीचार्ज चाहती हैं। ब्रेन फॉग की स्थिति से बचने के लिए जरूरी है-भरपूर आराम और नींद, मेडिटेशन और माइंड-फ्रेमिंग, हॉबीज (संगीत, कला, खेल, पढ़ना आदि) पर ध्यान देना, सोशल कनेक्शन बनाए रखना।

### मिडएजर्स (36-55 वर्ष)

इस उम्र में रिस्पांसिबिलिटी का प्रेशर रहता है। करियर, फैमिली में तालमेल बिठाने में स्ट्रगल होता है, जिससे स्ट्रेस और बर्नआउट बहुत जल्दी होता है। एक ओर व्यक्ति अपने करियर की पीक पर होता है, दूसरी ओर बड़े होते बच्चों को पूरी अटेंशन चाहिए होती है। व्यक्ति आइडेंटिटी क्राइसिस से भी गुजरता है। ऐसे में बर्न आउट की वजह से हर समय थकान रहना, नींद पूरी न होना, काम के प्रति उत्साह न होना, चिड़चिड़ापन और छोटी-छोटी बातों पर गुस्सा आना, लगातार तनावपूर्ण विचार आ सकते हैं।


**क्या करें:** जरूरी है कि मिड-लाइफ को सिर्फ स्ट्रगल न मानें, बल्कि इसे एक अवसर समझें, आत्मनिरीक्षण करें। अपनी प्राथमिकताओं को समझें और पर्सनल-प्रोफेशनल लाइफ में बैलेंस बनाकर चलें। किसी चीज में पार्टिसिपेट नहीं कर पा रहे, तो हमें फोमो (फियर ऑफ मिसिंग समथिंग) नहीं होना चाहिए। अपनी बाउंडरीज बनाकर चलें। मी-टाइम को महत्व दें। रोजाना कम से कम 20-30 मिनट अपने लिए समय निकालें और योग, मेडिटेशन, वॉक, हॉबीज को टाइम दें। किसी समस्या को लेकर बच्चों और पार्टनर के साथ खुलकर बात करें ताकि स्ट्रेस कम हो। वर्कप्लेस पर जरूरत पड़ने पर न कहना सीखें। दोस्तों और रिश्तेदारों से जुड़ें। *

**प्रस्तुतिः रजनी अरोड़ा**

### ओल्ड एजर्स (60 साल से अधिक उम्र) में मेंटल प्रॉब्लम्स

**इस एज में** असल चुनौती होती है-अकेलेपन, सामाजिक पहचान खोने और जीवन के उद्देश्य के तलाश की। शोध बताते हैं कि लगभग 20 प्रतिशत वरिष्ठ नागरिक डिप्रेशन का शिकार हो जाते हैं। इसमें नींद की समस्या, नकारात्मक विचार, भूख की कमी और सामाजिक दूरी प्रमुख लक्षण होते हैं। रिटायरमेंट के बाद व्यक्ति को लगता है कि उनका समाज में कोई रोल नहीं रहा। ऑफिस, सहकर्मी और व्यस्त जीवन का हिस्सा न रहने से खालीपन और बेकारपन महसूस होता है। बच्चे और पोते-पोतियां अपनी पढ़ाई, करियर और जीवन में व्यस्त हो जाते हैं। बुजुर्गों को लगता है कि अब उनके लिए किसी के पास टाइम या जरूरत नहीं है। समय के साथ पैरेंटिंग स्टाइल में आया बदलाव कई बार ग्रैंड-पैरेंट्स और पैरेंट्स के बीच सोच का टकराव का कारण बनता है।

**क्या करें:** युवाओं को बुजुर्गों से जुड़ने की पहल करनी चाहिए। साथ बैठना, कहानियां सुनना, उनके अनुभवों को महत्व देना मानसिक स्वास्थ्य को मजबूत बनाता है। अगर बुजुर्ग स्मार्टफोन या डिजिटल टूल्स सीख लें तो उनका सामाजिक दायरा बढ़ सकता है। ऑनलाइन ग्रुप्स से जुड़कर वे अपना अकेलापन काफी हद तक कम कर सकते हैं। मेडिटेशन और हल्की एक्सरसाइज, हॉबीज (पेंटिंग, गार्डनिंग, रीडिंग) गतिविधियां करवानी चाहिए।



## हर्बल जोन

रेखा देशराज

# शुगर फ्री स्टीविया के फायदे

एक हर्बल पौधा है स्टीविया, जिसकी पत्तियों में प्राकृतिक मिठास देने वाला यौगिक स्टीवियोसाइड होता है, जो साधारण चीनी से 200 से 300 गुना ज्यादा मिठास से भरा होता है। इसकी खासियत यह होती है कि इसमें कैलोरी नगण्य होती है। यह पौधा मूलतः दक्षिण अमेरिका के पैरागवे और ब्राजील का निवासी है। वहां आदिवासी सदियों से इससे मीठे पेय पदार्थ बनाने में इस्तेमाल करते रहे हैं। क्योंकि पौधे से बनी चीनी में कैलोरी नहीं होती, इसलिए आजकल स्टीविया शुगर यानी शुगर फ्री स्वीटनर की मांग बहुत ज्यादा बढ़ गई। भारत को चूंकि दुनिया की शुगर कैपिटल कहा जाता है, इसलिए भारत में इस स्टीविया शुगर की मांग भी बहुत ज्यादा है। स्टीविया हर्बल हमारे रोजमर्रा के जीवन में चीनी के विकल्प के रूप में उन लोगों द्वारा धड़ल्ले से यूज की जाती है, जो लोग खासतौर पर शुगर फ्री और हेल्दी डाइट के नियम पर चलते हैं। इसलिए स्टीविया हर्बल से बनी शुगर ऐसे लोग चाय, कॉफी, जूस, शर्बत और स्मूदी में इस्तेमाल करते हैं। बेकरी आइटम जैसे केक और कुकीज भी स्टीविया शुगर से बनाए जाते हैं, क्योंकि यह ब्लड शुगर लेबल को नहीं बढ़ाती, इसलिए स्टीविया शुगर की मांग डायबिटीज पीड़ित लोगों के बीच अच्छी खासी है। यह स्टीविया शुगर न केवल डायबिटीज मरीजों की पहली पसंद है बल्कि जो लोग अपना वजन घटाना चाहते हैं, उनके लिए भी यह रामबाण है। आमतौर पर परंपरिक चीनी खाने से दांतों में कैविटी की समस्या हो जाती है। इसलिए आजकल दांतों की सुरक्षा के लिए स्टीविया का इस्तेमाल टूथ पेस्ट और माउथ वॉश में भी होता है। तमाम तरह के स्वास्थ्य पेय और हेल्थ सप्लीमेंट्स भी स्टीविया की मदद से बनते हैं। लब्बोलुआब है कि स्टीविया एक हेल्दी स्वीटनर के तौर पर उभर रहा है। *




## डाइट सजेशन

डॉ. अदिति शर्मा
कंसल्टेंट-डाइटीशियन, दिल्ली

हमारे खान-पान का मेंटल हेल्थ से बहुत करीबी रिश्ता होता है। अगर आप अपनी डाइट का पूरा ध्यान रखें, उसमें कुछ सुपर फूड्स को शामिल करें तो स्वयं को मानसिक रूप से हमेशा हेल्दी, एक्टिव और एनर्जेटिक महसूस करेंगे।

# डाइट में लें ये सुपर फूड्स मेंटली रहेंगी हेल्दी



आज की अति व्यस्त दिनचर्या की वजह से अधिकांश लोगों का शारीरिक ही नहीं, बल्कि मानसिक स्वास्थ्य भी प्रभावित होता है। अगर हम शुरू से ही अपने खान-पान पर ध्यान दें, तो इससे हमारा मस्तिष्क स्वस्थ और सक्रिय बना रहेगा। आइए जानते हैं कुछ ऐसे सुपर फूड्स के बारे में, जो हमारे ब्रेन की सेहत के लिए बहुत फायदेमंद होते हैं।

**हरी पत्तेदार सब्जियां:** पालक, मेथी और बथुआ जैसी हरी पत्तेदार सब्जियों में फॉलेट नामक पोषक तत्व पाया जाता है, जो डिप्रेशन को दूर करने में मददगार होता है। इसके अलावा हरी सब्जियों में बीटा कैरोटिन, ल्यूटिन, विटमिन-के जैसे पोषक तत्व पाए जाते हैं, जो ब्रेन की कोशिकाओं को मजबूत बनाते हैं। हरी पत्तेदार सब्जियों में एंटी ऑक्सीडेंट्स भी पाए जाते हैं, जो दिमागी थकान को दूर करने में सहायक होते हैं। इसके अलावा टमाटर में लाइकोपिन होता है, जो ब्रेन को स्वस्थ बनाए रखने में मददगार होता है।



**ब्लू बेरी:** जामुन प्रजाति के इस फल में एंथोसायनिन नामक एंटीऑक्सीडेंट तत्व पाया जाता है, जो ब्रेन के न्यूरॉन्स की एजिंग की प्रक्रिया को धीमा करता है और एकाग्रता की क्षमता को बढ़ाने में मददगार होता है। यह स्मरण शक्ति को मजबूत बनाता है। इसके नियमित सेवन से तनाव दूर होता है और खुशी का एहसास होता है। इसी तरह स्ट्रॉबेरी और रास्पबेरी विटमिन-सी से भरपूर होते हैं और ये खुशी पैदा करने वाले हॉर्मोन सेरोटोनिन का लेवल बढ़ाने में मददगार होते हैं।



**ओट्स:** यह ब्रेन को फायदा पहुंचाने वाला सुपर फूड है। इसमें बीटा ग्लूकॉन फाइबर होता है, जो ब्रेन को लगातार एनर्जी देता है और थकान दूर करता है। सुबह के नाश्ते में ओट्स लेने से दिन भर काम करने की एकाग्रता बनी रहती है। इसमें ट्रिप्टोफैन नामक तत्व पाया जाता है, जो ब्रेन से सेरोटोनिन का सिक्रीशन बढ़ाता है, जो हमें खुशी का एहसास दिलाता है।

**फिश:** अगर आप नॉनवेजीटेरियन हैं, तो मछली का सेवन आपके ब्रेन को स्वस्थ और सक्रिय बनाए रखता है। इसमें मौजूद ओमेगा-3 फैटी एसिड ब्रेन के न्यूरॉन्स की झिल्लियों को मजबूत बनाता है और ब्रेन के नर्व्स के सूजन को कम करता है। यह तत्व डिप्रेशन और एंग्जायटी से लड़ने में भी मददगार होता है। सप्ताह में दो बार मछली का सेवन ब्रेन को एक्टिव बनाता है।

**सीड्स और नट्स:** अगर आप स्ट्रेस फील करते हैं, तो चिया सीड्स या फ्लैक्स सीड्स का सेवन करें। ये चीजें मूड स्विंग को नियंत्रित करती हैं और ब्रेन को ऊर्जावान बनाए रखती हैं। बादाम, अखरोट, कद्दू और सूरजमुखी के बीज मैग्नीशियम और जिंक से भरपूर होते हैं। मैग्नीशियम, नर्वस सिस्टम को सही ढंग से संचालित करता और बेहतर नींद लाने में मददगार होता है। अखरोट में ओमेगा-3 होता है, जो ब्रेन को सक्रिय रखता है। रोजाना मुट्ठी भर नट्स खाने से तनाव दूर होता है और ब्रेन को एनर्जी मिलती है। कद्दू के बीज में ट्रेप्टोफैन नामक तत्व पाया जाता है, जो खुशी का एहसास दिलाता है।

**डार्क चॉकलेट:** इसमें फ्लेवोनॉयड्स होते हैं, जो ब्रेन में ब्लड फ्लो बढ़ाते हैं और एंडोर्फिंस नामक हैप्पीनेस हार्मोन रिलीज करते हैं। अपने लिए 70 प्रतिशत कोको वाली चॉकलेट का चुनाव करें, उसमें मौजूद मैग्नीशियम ब्रेन की सेहत के लिए फायदेमंद साबित होता है। इससे एंग्जायटी और स्ट्रेस में कमी आती है।

**केला:** यह विटामिन बी-6 और पोटेशियम से भरपूर होता है। इसमें मौजूद विटमिन बी-6, सेरोटोनिन और डोपामाइन नामक हैप्पीनेस हॉर्मोन के सिक्रीशन में मददगार होता है। ये हॉर्मोंस ब्रेन को एक्टिव बनाने के साथ खुशी का भी एहसास दिलाते हैं।

अगर आप अपनी नियमित डाइट में यहां बताई गई इन चीजों को प्रमुखता से शामिल करेंगे तो आप मानसिक रूप से हमेशा स्वस्थ और प्रसन्न रहेंगे। *

**प्रस्तुतिः विनीता**



*ब्रिटेन के प्रधानमंत्री कीर स्टार्मर इन दिनों भारत के दौरे पर हैं और बुधवार को मुंबई में यशराज फिल्म्स स्टूडियो पहुंचे। यहां बॉलीवुड एक्ट्रेस रानी मुखर्जी ने ब्रिटेन के प्रधानमंत्री का स्वागत किया और फिल्म भी दिखाई। इस दौरान यशराज फिल्म्स के सीईओ अक्षय विधानी भी मौजूद रहे। इसकी तस्वीरें सामने आई हैं जिसमें कीर स्टार्मर रानी मुखर्जी के साथ बैठकर फिल्म देख रहे हैं।*

**भारत के दौरे पर हैं इन दिनों ब्रिटेन के प्रधानमंत्री**

# यशराज स्टूडियो पहुंचे स्टार्मर, रानी के साथ देखी फिल्म

एजेंसी ▶▶| मुंबई

वाईआरएफ के एक बयान के अनुसार, प्रमुख फिल्म निर्माण कंपनी ने 2026 की शुरुआत में पूरे ब्रिटेन में तीन प्रमुख प्रस्तुतियों की शूटिंग के लिए एक समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं, जिसकी घोषणा प्रधानमंत्री कीर स्टार्मर ने मुंबई स्थित यशराज स्टूडियो के दौरे के दौरान की। वाईआरएफ के बयान के अनुसार, प्रधानमंत्री कीर स्टार्मर ने कहा, 'बॉलीवुड ब्रिटेन में वापस आ गया है, और यह नौकरियां, निवेश और अवसर ला रहा है, साथ ही ब्रिटेन को वैश्विक फिल्म निर्माण के लिए एक विश्वस्तरीय गंतव्य के रूप में प्रदर्शित कर रहा है। भारत के साथ हमारे व्यापार समझौते से ठीक इसी तरह की साझेदारी की शुरुआत होगी - विकास को गति मिलेगी, सांस्कृतिक संबंधों को मजबूत किया जाएगा और देश भर के समुदायों को लाभ पहुंचाया जाएगा।'

## ब्रिटेन का सबसे बड़ा व्यापारिक मिशन आया है भारत

## नए व्यापारिक साझेदारी की शुरुआत करने की कवायद

**काफी खास है यूके**

यशराज फिल्म्स के सीईओ अक्षय विधानी ने कहा, 'यूके हमारे दिलों में एक बहुत ही खास जगह रखता है और हमारी कुछ सबसे प्रतिष्ठित फिल्में, जिनमें दिलवाले दुल्हनिया ले जाएंगे (डीडीएलजे) भी शामिल है, इस खूबसूरत और अविश्वसनीय रूप से मेहमाननवाज देश में शूट की गई थीं। हमें आज इस समझौते पर हस्ताक्षर करने के लिए वाईआरएफ में यूके के प्रधानमंत्री कीर स्टारर की मेजबानी करने का सम्मान मिला और हमें इस बात पर चर्चा करने का भी आनंद मिला कि कैसे भारत और यूके इस तरह के ऐतिहासिक सहयोग के माध्यम से वैश्विक स्तर पर कंटेंट परिदृश्य को आगे बढ़ाने के लिए एक साथ आ सकते हैं। हमारी कंपनी वर्तमान में यूके में डीडीएलजे, कम फॉल इन लव (सीएफआईएल) नामक अंग्रेजी संगीत नाटक के मंचीय रूपांतरण का निर्माण भी कर रही है।





### यशराज की 3 बड़ी फिल्मों की शूटिंग

यशराज फिल्म्स (वायआरएफ) ने आज यह पुष्टि की है कि वह अपनी तीन बड़ी फिल्मों की शूटिंग 2026 की शुरुआत से यूनाइटेड किंगडम (यूके) में करेगी। ब्रिटिश पीएम ने कहा कि इस कदम से ब्रिटेन में 3,000 से अधिक नौकरियां पैदा होंगी। प्रधानमंत्री स्टार्मर ने कहा, 'बॉलीवुड ब्रिटेन में वापसी कर रहा है। यह पार्टनरशिप भारत-ब्रिटेन ट्रेड डील के असली मकसद को पूरा करती है।'

### पीएम मोदी से आज मिलेंगे स्टार्मर

स्टार्मर और पीएम मोदी के बीच कल मुंबई में एक कार्यक्रम में मुलाकात होगी और 'विजन 2030' के तहत साझेदारी के डेवलपमेंट पर चर्चा करेंगे। इसी साल जुलाई में भारत-ब्रिटेन के बीच फ्री ट्रेड एग्रीमेंट (एफटीए) पर दस्तखत हुआ था। यह समझौता का मकसद आपसी व्यापार को 2030 तक दोगुना करके 120 अरब डॉलर तक पहुंचाना है। एफटीए से भारतीय प्रोडक्ट्स जैसे- कपड़े, चमड़ा और एग्री प्रोडक्ट को ब्रिटेन में बेचना आसान हो जाएगा। अब स्टार्मर का दौरा दोनों देशों के बीच वाणिज्यिक संबंधों को आगे बढ़ाने की दिशा में महत्वपूर्ण माना जा रहा है।

### कॉकपिट में जाकर घोषणा

स्टार्मर ने मुंबई आने से पहले डेलिगेशन का अनोखे अंदाज में स्वागत किया। उन्होंने खुद कॉकपिट में जाकर घोषणा की, 'मैं आपका प्रधानमंत्री बोल रहा हूं। यह कोई साधारण उड़ान नहीं है, बल्कि ब्रिटेन का अब तक का सबसे बड़ा व्यापारिक मिशन है। जो भारत के साथ नए व्यापारिक रिश्तों को मजबूत करने के लिए आयोजित किया गया है।

---

**बिहार विधानसभा चुनाव**

# कांग्रेस ने 25 उम्मीदवारों के नाम पर लगाई मुहर

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

बिहार विधानसभा चुनाव से पहले सीट बंटवारे को लेकर महागठबंधन के भीतर जारी गतिरोध के बीच कांग्रेस ने बुधवार को एक अहम बैठक बुलाई। पार्टी की इस बैठक में बिहार स्क्रीनिंग कमेटी के चेयरमैन अजय माकन सहित कई वरिष्ठ नेता शामिल हुए। इसमें बिहार की 25 सीटों पर मंथन हुआ। जानकारी के मुताबिक इन सीटों पर उम्मीदवारों के नाम पर मुहर लगा दी गई है। पार्टी सूत्रों के मुताबिक, कांग्रेस का यह कदम एक रणनीतिक दबाव बनाने की कोशिश है, ताकि यह संदेश दिया जा सके कि वह 'हाई-स्टेक्स' बिहार चुनाव के लिए पूरी तरह तैयार है। एक वरिष्ठ कांग्रेस नेता ने बताया, 'सीट बंटवारे को लेकर जो भी भ्रम की स्थिति बनी हुई है, उसके बीच दिल्ली में इस बड़ी बैठक का आयोजन हमारे सहयोगियों के लिए साफ संदेश है कि हम अब पीछे नहीं हटेंगे। स्क्रीनिंग कमेटी जिन सीटों पर मुहर लगाएगी, वही सीटें कांग्रेस लड़ेगी। अब इसमें कोई प्रतीकात्मकता या दिखावा नहीं रहेगा।'

**खास बातें**

- राजधानी दिल्ली में स्क्रीनिंग कमेटी की मीटिंग में हुआ फैसला
- अगले महीने होने वाले हैं इस राज्य में चुनाव
- 243 सीटों पर 6 और 11 नवंबर को दो चरणों में होंगे मतदान
- 14 नवंबर को बालदिवस के दिन आ जाएंगे नतीजे




### वीआईपी का दावा और खींचतान

कांग्रेस की केंद्रीय चुनाव समिति (सीईसी) की यह बैठक उस समय बुलाई गई है जब पटना में आरजेडी नेता तेजस्वी यादव के आवास पर महागठबंधन के नेताओं की तीसरे दौर की चर्चा देर रात तक चली। इस बैठक में आरजेडी, कांग्रेस, विकासशील इंसान पार्टी (वीआईपी) और माकपा (सीपीआई-एम) के प्रतिनिधि मौजूद थे। सूत्रों के मुताबिक, वीआईपी प्रमुख मुकेश सहनी ने 40 से अधिक सीटों की मांग रखी है और कांग्रेस के 60 सीटों के दावे पर सवाल उठाया है। बैठक के दौरान वीआईपी और कांग्रेस प्रतिनिधियों के बीच कुछ तीखे शब्दों का आदान-प्रदान भी हुआ।

### सीट बंटवारे की रणनीति या सौदेबाज़ी?

एक अन्य कांग्रेस नेता ने कहा, 'ऐसा माना जा रहा है कि आरजेडी ने कुछ छोटे दलों के साथ एक समझ बना रखी है ताकि वे कांग्रेस पर दबाव बढ़ा सकें और उसकी सीटों की संख्या घटाई जा सके। वीआईपी जैसी पार्टियों के पास वास्तव में बहुत कम मजबूत उम्मीदवार हैं और आरजेडी इन सीटों पर अपने नेताओं को मैदान में उतारना चाहती है।'

### एनडीए में सीट शेयरिंग पर तकरार चिराग नहीं करेंगे प्रधान से बात

बिहार में एनडीए के अंदर सीट शेयरिंग को लेकर सियासी दांव-पेंच तेज हो गए हैं। बीजेपी, जेडीयू, एलजेपी (राम विलास), हम और आरएलएम के बीच मंथन का दौर थमा नहीं है और सभी पार्टियों के अंदर अभी भी सहमति नहीं बन पाई है। सूत्रों के मुताबिक, चिराग पासवान बीजेपी के प्रदेश चुनाव प्रभारी धर्मेंद्र प्रधान से सीधे बातचीत नहीं करना चाहते हैं, इसलिए उन्होंने अपने बहनोई और सांसद अरुण भारती को एलजेपी (राम विलास) का चुनाव प्रभारी बनाया है। अब बीजेपी के चुनाव प्रभारी से एलजेपी-आरके चुनाव प्रभारी सीधे बातचीत करेंगे और फॉर्मूले पर सहमति बनाएंगे। जानकारी के अनुसार, चिराग ने बीजेपी की कुछ सिटिंग सीटों पर भी दावा किया है।



### मांझी की मांग 15 सीटें दी जाएं

हिंदुस्तान अवाम मोर्चा के प्रमुख जीतन राम मांझी ने चुनाव के लिए 15 सीटों की मांग रखी है। उनका कहना है कि उनकी पार्टी को इतनी सीटें मिलनी चाहिए कि वे विधानसभा में मान्यता प्राप्त पार्टी बन सकें। उन्होंने कहा, हमने बीजेपी को अपनी मंशा बता दी है।

---

*तालिबान ने ली जिम्मेदारी, जवाबी कार्रवाई में 19 लड़ाके भी ढेर*

# पाक सेना के काफिले पर घात लगाकर हमला, 11 सैनिक मारे



एजेंसी ▶▶| इस्लामाबाद

अफगान सीमा के पास एक पाकिस्तानी सैन्य काफिले पर घात लगाकर किए गए हमले में 9 पाकिस्तानी जवान और 2 अधिकारी मारे गए। इसकी जिम्मेदारी पाकिस्तानी तालिबान ने ले ली है।

जवाबी कार्रवाई करते हुए पाकिस्तानी सुरक्षा बलों ने 19 तालिबानी लड़ाकों को मार गिराया। ये हमला खैबर पख्तूनख्वा प्रांत के कुर्रमजिले में हुआ, जहां एलईडी (इम्प्रोवाइज्ड एक्सप्लोसिव डिवाइस) से काफिले को निशाना बनाया गया।

### टीटीपी ने ली हमले की जिम्मेदारी

इस हमले को लेकर पाकिस्तानी सेना के प्रवक्ता ने एक बयान में कहा, 'कुर्रम जिले में तैनात सैन्य काफिले पर तालिबान के लड़ाकों ने अचानक हमला बोला। रोडसाइड बम विस्फोट के बाद भारी गोलीबारी हुई, जिसमें 9 सैनिक और 2 अधिकारी शहीद हो गए। जवाब में हमारी सेना ने 19 उग्रवादियों को ढेर कर दिया।' यह घटना अफगानिस्तान सीमा के नजदीक ओरकजई जिले से सटे क्षेत्र में हुई, जहां तालिबान लंबे समय से सक्रिय है। टीटीपी ने सोशल मीडिया पर हमले की जिम्मेदारी ली और कहा कि ये पाकिस्तानी सेना के खिलाफ उनकी 'जिहाद' का हिस्सा है। स्थानीय मीडिया संस्थानों ने पाकिस्तान सशस्त्र बल के हवाले से जानकारी देते हुए कहा कि हमले में लेफ्टिनेंट कर्नल और मेजर रैंक के दो अधिकारी भी शामिल हैं।

### पाकिस्तानी सेना ने भारत पर लगाए आरोप

पाकिस्तानी सेना ने अपने बयान में कहा कि इस इलाके में आतंकियों के खात्मे के लिए अभियान चला रही है। उसने आरोप लगाया कि इस हमले के पीछे भारत का हाथ है। पाकिस्तानी सेना ने भारत के शामिल होने का कोई सबूत नहीं दिया। इससे पहले पाकिस्तानी सेना ने टीटीपी के 14 लड़ाकों को मार दिया था। अब टीटीपी ने 11 पाकिस्तानी सैनिकों को मारकर अपना बदला पूरा कर लिया है। पाकिस्तान में इस साल के पिछले तीन महीने में आतंकी घटनाओं में 46 फीसदी की तेजी देखी है।



# ट्रिपल आईटी की छात्राओं की एआई से अश्लील फोटो बनाने वाला छात्र बिलासपुर का, मुख्यमंत्री ने दिए जांच के आदेश

## छात्राओं की अश्लील फोटो किस उद्देश्य से बनाई, कमेटी कर रही जांच

हरिभूमि न्यूज : रायपुर

नवा रायपुर स्थित भारतीय सूचना प्रौद्योगिकी संस्थान (ट्रिपलआइटी) के छात्र द्वारा अपने ही संस्थान की जिन तीन दर्जन छात्राओं की आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) की मदद से अश्लील फोटो तैयार की गई है। इस मामले में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने जांच के निर्देश दिए हैं। बताया जा रहा है, छात्राओं की अश्लील फोटो बनाने वाला छात्र बिलासपुर का रहने वाला है। छात्र के लैपटॉप से एक हजार से ज्यादा लड़कियों की फोटो और वीडियोज मिले हैं। मामले की जांच कालेज प्रबंधन की तीन सदस्यीय टीम कर रही है। कॉलेज प्रबंधन ने इस मामले में पुलिस में अब तक शिकायत नहीं की है। मामले की गंभीरता को देखते हुए राखी पुलिस मामले की जांच करने आईआईटी पहुंची थी। अश्लील फोटो बनाने वाला छात्र फायनल ईयर में अध्ययनरत है।जानकारी के मुताबिक, आरोपी छात्र पिछले कई महीने से छात्राओं की सोशल मीडिया तथा अन्य माध्यमों से फोटो हासिल कर उनकी प्रोफाइल फोटो डाउनलोड कर, उसमें छेड़छाड़ कर अश्लील फोटो तैयार कर रहा था। छात्राओं को इस बात की जानकारी तीन दिन पूर्व ही मिली, जिसके बाद छात्राओं ने कालेज में हंगामा कर दिया।

### हंगामे के बाद छात्र को किया निलंबित

छात्राओं का हंगामा देखते हुए कॉलेज प्रबंधन ने छात्र को कालेज से निलंबित कर जांच के लिए कमेटी बनाई। पीड़ित छात्राएं दोषी छात्र के खिलाफ तत्काल थाने में एफआईआर दर्ज कराने की मांग कर रही हैं। प्रारंभिक जांच में जो बातें सामने आई हैं, उसके मुताबिक आरोपी छात्र अपने निजी लैपटॉप और क्लाउड सर्वर पर लड़कियों की अश्लील फोटो सेव कर रखता था।

### ऐसे खुला राज

जानकारी के अनुसार, तीसरे वर्ष के सीएस डिपार्टमेंट का आरोपी छात्र अपने साथ पढ़ने वाली अन्य छात्राओं की फोटो खींचता था। इसके बाद एआई के मदद से अश्लील फोटो बनाता था। आरोपी छात्र ने जब एक छात्रा को वाट्सएप पर वन टाइम में फोटो भेजी, तब छात्र द्वारा छात्राओं की अश्लील फोटो बनाने का राज खुला। इसके बाद उक्त छात्रा ने अन्य छात्राओं को आरोपी द्वारा उनकी अश्लील फोटो बनाए जाने की जानकारी दी।

### ब्लैकमेलिंग से लेकर बेचे जाने तक की आशंका

जांच कमेटी आरोपी छात्र से लगातार पूछताछ कर रही है। आरोपी छात्र जांच कमेटी को लगातार गुमराह कर रहा है। आशंका व्यक्त की जा रही है कि आरोपी छात्र अश्लील फोटो छात्राओं को कहीं ब्लैकमेल करने के लिए तो नहीं बनाया था? साथ ही इस बात की भी आशंका व्यक्त की जा रही है कि एआई से तैयार फोटो को आरोपी छात्र पोर्न साइट्स को बेचने की फिराक में तो नहीं था? इसके अलावा इस बात की भी जानकारी जुटाई जा रही है कि आरोपी छात्र ने पूर्व में इस तरह की हरकत तो नहीं की है?

### जांच के बाद पुलिस को सौंपेंगे रिपोर्ट

जानकारी मिलते ही आरोपी छात्र को निलंबित किया गया है। मामले की जांच जारी है। जांच पूरी होते ही विस्तृत रिपोर्ट पुलिस को सौंपी जाएगी।

- **डॉ. ओमप्रकाश व्यास**, डायरेक्टर, ट्रिपलआइटी, नवा रायपुर

### नहीं मिली है शिकायत

जानकारी मिलने के बाद राखी थाने की टीम ट्रिपलआईटी पहुंची थी। वहां से अब तक किसी तरह की शिकायत नहीं मिली है। कॉलेज प्रबंधन कमेटी बनाकर जांच करा रहा है। फोटो शेयर करने का मामला सामने नहीं आया है।

- **विवेक शुक्ला**, एएसपी, नवा रायपुर

### होगी सख्त कार्रवाई

ट्रिपलआईटी में एआई के माध्यम से 36 छात्राओं की तस्वीरों से छेड़छाड़ का मामला संज्ञान में आया है। उसकी जांच होगी। जो भी दोषी होगा, उस पर सख्त कार्रवाई की जाएगी, बख्शा नहीं जाएगा।

- **विष्णुदेव साय**, मुख्यमंत्री\

# पीएम जनमन मोबाइल मेडिकल यूनिट में अब वाहन घोटाला, एंबुलेंस की ऊंचाई, लंबाई और वजन कम




हरिभूमि न्यूज : रायपुर

जनजातीय समुदाय के गांवों में स्वास्थ्य सुविधाएं पहुंचाने के लिए संचालित पीएम जनमन मोबाइल मेडिकल यूनिट में वाहन घोटाला होने के आरोप लगने लगे हैं। शिकायत की गई है कि एमएमयू की ठेका एजेंसी धनुष द्वारा टेंडर में निर्धारित पैरामीटर को पूरा नहीं किया गया है। 108 करोड़ की 57 गाड़ियां लंबाई, ऊंचाई और वजन के निर्धारित मापदंड को पूरा नहीं कर रही हैं। लाई गई गाड़ियों की ऊंचाई साढ़े 6 फीट से कम होकर 6 फीट, भीतर की लंबाई 17 से 22 फीट के बजाय 14 फीट और वजन 6 हजार से घटकर 4 हजार किलो है।

राज्य स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग के अधीन संचालित पीएम जनमन एमएमयू योजना में चिकित्सकीय सुविधायुक्त वाहनों के संचालन के लिए सीजीएमएससीएल द्वारा टेंडर प्रक्रिया पूरी कर धनुष एजेंसी को ठेका दिया गया है। इसके लिए संचालन एजेंसी द्वारा 108 करोड़ की लागत से 57 गाड़ियां लाई गई हैं, उन पर निर्धारित मानकों को पूरा नहीं करने का आरोप लग रहा है। शिकायत की जा रही है कि टेंडर में मोबाइल यूनिट अस्पतालों (वाहनों) के लिए निर्धारित मानकों को पूरा नहीं किया गया है। आरोप है कि शर्तों को नजरअंदाज कर हर वाहन के पीछे 10 लाख का हेरफेर किया गया है। निविदा में वाहनों की अनुमानित कीमत 35 लाख रुपए तय की गई, मगर पेश गई की गई गाड़ियों की लागत 25 लाख रुपए बताई जा रही है। इस तरह 57 वाहनों की कीमत में 5.70 करोड़ का अंतर आ गया है।

### एंट्री-एग्जिट का एक ही गेट

नवा रायपुर के सेक्टर-19 की मल्टी पार्किंग में 35 गाड़ियों को पार्क किया गया है। इन वाहनों में मरीजों के आने और निकालने के लिए एक ही गेट बनाया गया है। निर्धारित नियम के अनुसार एमएमयू के वाहनों में एंट्री और एग्जिट के लिए अलग-अलग गेट होना आवश्यक है। इसके अलावा वाहनों के रखरखाव और संचालन व्यय मे भी बड़ी रकम का व्यय बताया गया है।

### जांच की उठी मांग

वाहनों में अनियमितता होने के गंभीर आरोपों के साथ कई प्रतिस्पर्धी कंपनियों ने शासन से जांच की मांग की है। उनका कहना है कि सेवा प्रदाता कंपनी द्वारा निविदा शर्तों के उल्लंघन की तकनीकी एवं वित्तीय जांच कराई जाए। साथ ही टेंडर प्रक्रिया की विस्तृत रूप से समीक्षा कर ठेका एजेंसी पर मेहरबान अधिकारियों के खिलाफ भी कार्रवाई की जाए।

# एआईसीसी पर्यवेक्षक गुडाधे पहुंचे पीसीसी-डीसीसी की लेंगे बैठक

हरिभूमि न्यूज : रायपुर

कांग्रेस संगठन सृजन अभियान के तहत रायपुर जिले के पर्यवेक्षक प्रफुल्ल गुडाधे बुधवार देर शाम रायपुर पहुंचे। वे गुरुवार को सुबह राजीव भवन में पीसीसी और डीसीसी अध्यक्ष के साथ बैठक करेंगे। साथ ही रायपुर शहर के जिलास्तर के नेताओं के साथ मुलाकात करेंगे। उसके बाद जिले के वरिष्ठ नेताओं के साथ वन-टू-वन बैठक करेंगे। वे रायपुर शहर और ग्रामीण के अध्यक्ष के नाम के लिए मंथन करेंगे। वे जिला अध्यक्ष के दावेदारों के आवेदन भी लेंगे। इस आधार पर चर्चा में आए नामों का पैनल बनाकर एआईसीसी को सौंपेंगे।

■ शहर के लिए विनोद, सुबोध, मेनन, दीपक, सुनील, शिव और पंकज प्रमुख दावेदार

उल्लेखनीय है कि कांग्रेस के संगठन सृजन अभियान के तहत जिलों में अपनी पसंद का अध्यक्ष बनाने कांग्रेस से वरिष्ठ नेताओं से चर्चा कर सक्रिय कांग्रेस कार्यकर्ताओं से भी मुलाकात करेंगे। पर्यवेक्षक अपने प्रभार वाले जिलों में स्थानीय कांग्रेस नेताओं और पीसीसी के पर्यवेक्षकों से फीडबैक लेकर पैनल तैयार करेंगे। पैनल में से एक नाम एआईसीसी द्वारा तय कर जिला अध्यक्ष की घोषणा की जाएगी। रायपुर शहर और ग्रामीण क्षेत्र के लिए कई नेता अध्यक्ष पद की दावेदारी कर रहे हैं। प्रफुल्ल गुडाधे कल रायपुर ग्रामीण के नेताओं के साथ बैठक करेंगे। 11 से 14 अक्टूबर तक वे ब्लॉक लेवल के नेताओं के साथ बैठक करेंगे। 15 अक्टूबर को दावेदार नेताओं से मिलकर उनकी बात सुनेंगे। इस दौरान वे शहर और ग्रामीण जिला अध्यक्ष के लिए नामों पर सुझाव लेने के बाद निर्णय लेंगे। राजधानी रायपुर में शहर जिला अध्यक्ष बनने के लिए कई वरिष्ठ कांग्रेस नेताओं ने अपनी दावेदारी की है। प्रमुख दावेदारों में विनोद तिवारी, सुबोध हरितवाल, दीपक मिश्रा, श्रीकुमार मेनन, शिवकुमार ठाकुर, सुनील कुकरेजा और पंकज मिश्रा समेत तीन दर्जन वरिष्ठ कांग्रेसी शामिल हैं। विनोद तिवारी एनएसयूआई के जिला अध्यक्ष, युवा कांग्रेस शहर अध्यक्ष रायपुर, लोकसभा अध्यक्ष, युवा कांग्रेस रायपुर, शहर उपाध्यक्ष शहर कांग्रेस रायपुर के पद और संयुक्त महासचिव एवं सचिव पीसीसी रहे हैं।

साथ ही छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मंडल के संचालक मंडल के सदस्य के रूप में अपनी सेवाएं दी। युवा नेता सुबोध हरितवाल, वर्तमान प्रदेश महासचिव हैं। उन्होंने युवा कांग्रेस और राष्ट्रीय पदाधिकारी के रूप में युवा कांग्रेस में कार्य किया। दावेदारों में पूर्व एमआईसी मेंबर श्रीकुमार मेनन हैं, वे युवा कांग्रेस के जिला अध्यक्ष रह चुके हैं। देवेंद्र यादव भी एक दावेदार के रूप में सामने आए हैं। वे निगम की राजनीति में पिछले कई सालों से सक्रिय हैं। शिव सिंह ठाकुर का नाम प्रमुखता से लिया जा रहा है। वर्तमान में प्रदेश कांग्रेस में संयुक्त महामंत्री हैं। उन्होंने आरडीए सदस्य के रूप में अपनी सेवाएं भी दी हैं। दीपक मिश्रा प्रदेश कांग्रेस के महासचिव का पद संभाल रहे हैं और कई महत्वपूर्ण पदों पर कार्य किया है। संगठन के काम का उन्हें अच्छा अनुभव है। एनएसयूआई और युवा कांग्रेस में सक्रिय रहे हैं।

# एफपीपीएएस शुल्क की दो हिस्सों में वसूली से थोड़ी राहत, पर हर माह डबल झटका भी

हरिभूमि न्यूज : रायपुर



प्रदेशभर के 65 लाख बिजली उपभोक्ताओं को एफपीपीएएस शुल्क में थोड़ी राहत देने के लिए छत्तीसगढ़ राज्य पॉवर कंपनी इसका शुल्क ज्यादा होने पर इसे दो माह में बांटकर वसूली कर रही है, इससे थोड़ी राहत तो है, पर बीते माह का बकाया दूसरे माह में वसूलने से दूसरे माह में डबल झटका भी लग रहा है। वैसे भी अगस्त से बिजली बिल हॉफ योजना का दायरा कम करने के बाद घरेलू उपभोक्ताओं को हर माह 400 यूनिट पर हजार से 11 सौ रुपए ज्यादा देने पड़ रहे हैं। इसी के साथ जुलाई से बिजली भी 20 से 30 पैसे यूनिट महंगी हो गई है।

बिजली का नया टैरिफ इस बार जुलाई से लागू होने के कारण वैसे ही बिजली महंगी हो गई। ऐसे में जब अगस्त के बिल के समय एफपीपीएएस शुल्क तय हुआ तो यह 14.20 प्रतिशत आया। ऐसे में उपभोक्ताओं को राहत देने के लिए छत्तीसगढ़ राज्य पॉवर कंपनी ने इसका आधा 7.10 फीसदी ही अगस्त के बिल में वसूली करने का फैसला किया। ऐसे में जब सितंबर में अगस्त का बिल आया तो इसमें टैरिफ के साथ ही 7.10 फीसदी के हिसाब से एफपीपीएएस शुल्क लगा। इस माह तो राहत मिल गई लेकिन अब सितंबर में फिर से एफपीपीएएस तय किया गया तो 9.46 फीसदी आया है। ऐसे में इसका 2.46 फीसदी ही सितंबर के बिल के साथ वसूला जा रहा है, लेकिन इसी के साथ अगस्त का पुराना सात फीसदी शुल्क भी लिया जा रहा है। अक्टूबर में जो सितंबर का बिल आ रहा है, उसमें एक तरफ जहां 2.46 फीसदी एफपीपीएएस शुल्क लिया जा रहा है। वहीं पुराना सात फीसदी शुल्क एडजस्टमेंट कास्ट के रूप में लिया जा रहा है।

## प्रकाश पर्व पर दो दिनों तक सजेगा विशेष दीवान

पोदिया मरकाम व अन्य शामिल हैं। इन पर 48 लाख रुपए का ईनाम घोषित था। आईजी सुंदरराज पट्टलिंगम ने बताया कि आत्मसमर्पण करने वाले माओवादी माड़ डिविजन, उत्तर ब्यूरो और कुतुल एरिया से संबंधित कैडर थे। यह समर्पण सुरक्षा बलों के निरंतर प्रयास, विकास कार्यों और पुनर्वास योजनाओं का सकारात्मक परिणाम है।

### नक्सल कमाण्डर मंडा...

माने जाने वाला रूबेन 1981 से बस्तर, कोंटा और अबूझमाड़ क्षेत्रों में सक्रिय रहा है और अनेक घटनाओं में शामिल रहा। सुरक्षा बलों एवमं थानों पर हमला ग्रामीण सरपंचों की हत्या के मामलों में भी उसका नाम सामने आया था। पुलिस के अनुसार रूबेन ने कहा कि अब माओवादी विचारधारा का समय समाप्त हो चुका है और वह अपने परिवार के साथ शांतिपूर्ण जीवन जीना चाहता है।

### कफ सिरप निर्माता...

लगा दिया है। सूत्रों ने बताया कि मध्य प्रदेश पुलिस द्वारा गठित एक विशेष जांच दल के बुधवार को कांचीपुरम जिले के सुंगुवरचत्रम में फैक्टरी का निरीक्षण करने की भी उम्मीद है।

### आईपीएस की पत्नी ...

उन्होंने फिलहाल अपने पति का पोस्टमार्टम भी रुकवा दिया है। उनका कहना है कि जब तक उन्हें इंसाफ नहीं मिलता, पोस्टमार्टम नहीं होगा। अधिकारी की पत्नी ने अपनी शिकायत में डीजीपी हरियाणा शत्रुजीत सिंह कपूर और एसपी रोहतक नरेंद्र बिजारनिया के खिलाफ बीएनएस की धारा 108 (आत्महत्या के लिए उकसाने) और एससी/एसटी (अत्याचार निवारण) अधिनियम के तहत एफआईआर दर्ज करने की मांग की है।

### हवा से पानी...

होती हैं। इनकी मदद से रेगिस्तान की हवा से पानी निकाला जा सकता है। कार्बन डाइऑक्साइड पकड़ा जा सकता है। जहरीली गैसें स्टोर की जा सकती हैं या रासायनिक प्रतिक्रियाएं तेज की जा सकती हैं। रॉयल स्वीडिश एकेडमी ऑफ साइंसेज के महासचिव हैंस एलेग्रेन ने बुधवार को रसायन विज्ञान के नोबेल पुरस्कार की घोषणा की। इससे पहले सोमवार को चिकित्सा और मंगलवार को भौतिकी के नोबेल पुरस्कार विजेताओं के नाम घोषित किए गए। इस वर्ष के नोबेल पुरस्कारों की घोषणा बृहस्पतिवार को साहित्य पुरस्कार के साथ जारी रहेगी। शांति के नोबेल पुरस्कार की घोषणा शुक्रवार को और अर्थशास्त्र के पुरस्कार की घोषणा सोमवार को की जाएगी। पुरस्कार समारोह 10 दिसंबर को आयोजित किया जाएगा जो इन पुरस्कारों के संस्थापक अल्फ्रेड नोबेल की पुण्यतिथि है। नोबेल एक धनी स्वीडिश उद्योगपति और डायनामाइट के आविष्कारक थे। उनका निधन 1896 में हुआ था। साल 1901 से 2024 के बीच 195 व्यक्तियों को रसायन के नोबेल सम्मान से नवाजा जा चुका है। इस दौरान 116वीं बार यह पुरस्कार प्रदान दिया जाएगा। वर्ष 2024 का पुरस्कार सिएटल स्थित वाशिंगटन विश्वविद्यालय के जैव रसायन शास्त्री डेविड बेकर और लंदन स्थित ब्रिटिश-अमेरिकी कृत्रिम बुद्धिमत्ता अनुसंधान प्रयोगशाला, गूगल डीपमाइंड के कंप्यूटर वैज्ञानिक डेमिस हसाबिस और जॉन जम्पर को दिया गया था।

### रामगोपाल ...

ईओडब्ल्यू ने कोल घोटाले के आरोप में देवेंद्र तथा नवनीत को तीन माह पूर्व जुलाई में गिरफ्तार किया है। ईओडब्ल्यू ने पिछले वर्ष जुलाई में कोल घोटाले में आरोपी बनाई गईं निलंबित आईएएस रानू साहू, समीर विश्नोई, राज्य प्रशासनिक सेवा की निलंबित अफसर सौम्या चौरसिया, सूर्यकांत तिवारी सहित 15 आरोपियों के खिलाफ स्पेशल कोर्ट में चालान पेश किया था। वहीं कोल घोटाले में आरोपी बनाए गए कांग्रेस के पूर्व कोषाध्याक्ष रामगोपाल अग्रवाल फरार हैं।

### रिसीवर के ...

पूरी श्रृंखला में एक अनिवार्य कड़ी बताया गया है, जिसने न केवल अवैध धनराशि को भौतिक रूप से प्राप्त किया, बल्कि उसे आगे कोल स्कैम में संलिप्त आरोपियों तक पहुंचाने की जिम्मेदारी भी निभाई। इस प्रकार आरोपी द्वारा करोड़ों रुपए की अवैध धन की रिसीविंग, कस्टडी और ट्रांसफर की प्रक्रिया में सक्रिय तथा महत्वपूर्ण भूमिका होने की बात का चालान में उल्लेख है।

### सिंडिकेट का सक्रिय...

तक पहुंचाने का आरोप है। नवनीत, सूर्यकांत द्वारा अर्जित कोल स्कैम की अवैध आय से खरीदी गई संपत्तियों का बेनामीदार भी रहा है। इस बात की पुष्टि नवनीत के विरुद्ध डिजिटल, दस्तावेज, मौखिक साक्ष्य के माध्यम से होने का दावा किया गया है।

### महादेव ऑनलाइन सट्टा...

गेम्स और कार्ड गेम्स जैसे कई गेम खेल सकते थे। इस एप के जरिए क्रिकेट, फुटबॉल, बैडमिंटन, टेनिस जैसे खेलों में सट्टेबाजी भी की जाती थी। इसकी शुरुआत 2019 को छत्तीसगढ़ के भिलाई के रहने वाले सौरभ चंद्राकर ने की थी। इस एप का प्रमोशन सोशल मीडिया सहित अन्य कई तरीकों से कराया। देखते ही देखते खूब पॉपुलर हो गया और कुछ महीनों में 12 लाख से ज्यादा यूजर्स हो गए। ईडी की जांच में ये बात सामने आई है कि इनमें से अधिकांश संख्या छत्तीसगढ़ की थी। क्रिकेट, चुनाव रिजल्ट से लेकर कई मामलों में सट्टा लगाया जाता था। देश के कई अलग-अलग राज्यों में महादेव बेटिंग एप के 30 कॉल सेंटर थे। **सेलेब्स से हो चुकी है पूछताछ**-महादेव बेटिंग एप मामले में बॉलीवुड सितारे रणबीर कपूर और श्रद्धा कपूर को ईडी ने पूछताछ के लिए बुलाया था। उन्हें बेटिंग एप से प्राप्त धन के स्रोत के बारे में जानकारी देने के लिए बुलाया गया था। फरवरी में दुबई में एक शादी में परफॉर्म करने के बाद कपिल शर्मा, हुमा कुरैशी और हिना खान को भी पूछताछ के लिए बुलाया गया था। ईडी का कहना है कि शादी में परफॉर्म करने के लिए 17 बॉलीवुड हस्तियों को चार्टर्ड विमान से दुबई लाया गया था। इन सभी को कथित तौर पर हवाला के जरिए करोड़ों रुपये का भुगतान किया गया था।

### पीएम मोदी बोले...

का जिक्र किया। प्रधानमंत्री मुंबई के पास नवी मुंबई अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के पहले चरण का उद्घाटन करने के बाद एक जनसभा को संबोधित कर रहे थे। प्रधानमंत्री दो दिन के दौरे पर मुंबई पहुंचे हैं। गुरुवार को वे ब्रिटिश पीएम कीर स्टार्मर से मिलेंगे। पीएम मोदी ने कहा कि कांग्रेस को देश को बताना चाहिए कि 26/11 के मुंबई आतंकवादी हमले के बाद भारत को जवाबी सैन्य कार्रवाई से किसने रोका था। मोदी ने कहा, एक कांग्रेस नेता, जो केंद्रीय गृह मंत्री भी रह चुके हैं, ने कहा है कि एक देश ने 2008 में 26/11 के मुंबई आतंकवादी हमले के बाद भारत को जवाबी सैन्य कार्रवाई से रोका था। पार्टी को स्पष्टीकरण देना चाहिए। मोदी ने कहा, कांग्रेस की इस कमजोरी ने आतंकवादियों को मजबूत किया। उन्होंने कहा कि देश को यह जानने का अधिकार है कि मुंबई आतंकवादी हमले के बाद भारत को जवाबी सैन्य कार्रवाई करने से किसने रोका था। पहलगाम आतंकवादी हमले के बाद शुरू किए गए 'ऑपरेशन सिंदूर' का जिक्र करते हुए मोदी ने कहा, हमारे लिए, हमारे देश और उसके नागरिकों की सुरक्षा से बढ़कर कुछ भी नहीं है। मोदी ने कहा कि उनकी सरकार का लक्ष्य इस दशक के अंत तक भारत को वैश्विक विमानन क्षेत्र का रखरखाव और मरम्मत का केंद्र बनाना है। उन्होंने कहा कि 'उड़ान' योजना की बदौलत पिछले एक दशक में लाखों लोगों ने पहली बार हवाई यात्रा की है और अपने सपने पूरे किए हैं।

सभी प्रकार की एलर्जी | डेंटल सुविधा भी उपलब्ध..
• जैसे नाक • कान • गला • आंख • श्वास की (अस्थमा) • त्वचा
छाती रोग- • अस्थमा • सी.पी.ओ.डी. • फेफड़े सिकुड़ना
• पानी भरना • न्यूमोनिया • स्वाइन फ्लू • मोटापे • खर्राटे • छाती दर्द
50 बिस्तरों का सर्वसुविधायुक्त हॉस्पिटल
Vrinda Multispeciality Hospital Chest & Allergy Centre
वृन्दा चेस्ट एंड एलर्जी मल्टीस्पेशियलिटी हॉस्पिटल
अवंति बाई चौक, लोधीपारा, पंडरी रोड, कांपा, रायपुर (छ.ग.) संपर्क: 8962566221, 07714916125, 7223065604

मोतियाबिंद | आयुष्मान कार्ड सुविधा
छोटी लाईन ब्रिज के पास, फाफाडीह, रायपुर 9644099925
SBH साई बाबा नेत्र हॉस्पिटल

बच्चों के सभी ऑपरेशन किये जाते हैं।
अष्टविनायक हॉस्पिटल
आयुष्मान कार्ड/राशन कार्ड द्वारा ऑपरेशन संभव
बच्चों के विशेषज्ञ सर्जन डॉ. रितेश रंजन (MCH, पीडियाट्रिक सर्जन)
आमा सिवनी, विधानसभा रोड, रायपुर (छ.ग.) 7987225800, 9301744425

डायबिटिज मधुमेह का सर्वोत्तम इलाज - अब दिल्ली, मुंबई, चेन्नई क्यू जाना
मधुमीत डायबिटिज हॉस्पिटल | डॉ राका शिवहरे MBBS, MD FNIC FIPA | भर्ती सुविधा उपलब्ध
Ecg, Echo, Tmt, Doppler, Carotid, Doppler, Insulin, Pump, Cgms, Homa IR
शिव मंदिर चौक, अवंति विहार, रायपुर, फोन : 0771- 4060929, मो. 7389485756

हरिभूमि छत्तीसगढ़ के डायग्नोस्टिक सेन्टर
THE DIAGNOSTIC CARE
दि अमेरिकन लेबोरेटरी अ सुपरस्पेस्लिटी डायग्नोस्टिक
ट्यूबरक्युलोसिस | मध्यभारत का सबसे बड़ा सुपरस्पेस्लिटी डायग्नोस्टिक
• जीनएक्सपर्ट/सीबीएनएटी (टीएटी- 12-24 घंटे) बलगम
• क्वांटिफेरॉन-टीबी गोल्ड प्लस (क्यूएफटी प्लस) (टीएटी-48 घंटे) खून
• एएफबी कल्चर (एमजीआईटी320) (टीएटी- 21-42 दिन)
पता- सीटी कोतवाली के पास, सीएसईबी ऑफिस के सामने, बुढ़ापारा, रायपुर 492007
मो. 8098518020, 9004051230, 7828184773

डॉ.वाशानी दर-दाँत (गम पेंट)
बायो-डेंट गम पेंट, मुंह के छाले, दांत दर्द और जलन में लाभकारी यह आर्युवेदिक दवा है, यह हर्बल दवा 100 प्रतिशत सुरक्षित है
HMS देखकर खरीदें 94060-21769
असली केंदवा मलहम ®
दाद, खाज, खुजली, केंदवा के लिये।
ढक्कन पर केंदवा मलहम लिखा देखें।
रजि.नं. 573034बी देखकर खरीदें। ओरिजनल का होलोग्राम (हरि) देखकर खरीदें।

epaper- www.haribhoomi.com
हरिभूमि Classified
Email- hbclassified375@gmail.com
आवश्यकता आपकी सुविधा हमारी
Contact For Advertisement Booking
Ring Road No.-2, Gourav Path, Bilaspur
Mo.- 9826782100

## आवश्यकता है

**आवश्यकता है-** दुकान में स्कूल कालेज उपयोगी सामग्री निकालने, पैक करने, पहुंचाने आदि कार्य करने 10वीं, 12वीं पास बिलासपुर निवासी युवक चाहिए (कार्य समय सुबह 11 से रात 9 बजे) सम्पर्क करें- 9827174503 **(38865)**

**आवश्यकता है-** मेडिकल एजेन्सी में ऑर्डर बुकिंग एवं वसूली करने के लिए लड़कों की आश्यकता है अनुभवी को प्राथमिकता वेतन योग्यता अनुसार सम्पर्क करें- दयालबन्द बिलासपुर 91110 00629 **(38871)**

**आवश्यकता है-** बम्पर भर्ती Ordeal कम्पनी में 60 लड़के, लड़कियों की आवश्यकता है आय 8500 से 22000 रहना खाना, परमानेंट जॉब पता- उस्लापुर ओवर ब्रिज के पास दीपसागर नगर बिलासपुर 8003402269, 6393559091 **(38870)**

**आवश्यकता है-** कपड़े शोरूम में सेल्समैन (वेतन 11000 से 13000), हेल्पर लड़के, लड़कियां चाहिये (वेतन 7000 से 10000) सम्पर्क करें- दोपहर 2-5, न्यूलुक कलेक्शन बृहस्पति बाजार चौक राजेन्द्र नगर रोड बिलासपुर 9238247005 **(38868)**

**आवश्यकता है-** अनुभवी रिसेप्शनिस्ट हॉस्पिटल मैनेजमेन्ट, अनुभवी PRO (फील्ड वर्क) अनुभवी फार्मासिस्ट (मेडिकल स्टोर हेतु) X-RAY टेक्नीशियन सीपत के लिए सम्पर्क करें- प्रभा हॉस्पिटल महामाया चौक रतनपुर रोड लोधीपारा सरकण्डा बिलासपुर 74709 46314 **(38867)**

**आवश्यकता है-** कार ड्राइवर की आवश्यकता है सुबह नौ बजे से शामआठ बजे तक सम्पर्क करें- मित्र विहार कॉलोनी लिंक रोड बिलासपुर 8980809043 **(38863)**

**आवश्यकता है-** थोक दवा दुकान में काम के लिये लड़को की आवश्यकता है। सम्पर्क करें- मेलाराम हेमन्त कुमार, मेडिकल काम्प्लेक्स तेलीपारा बिलासपुर **(38869)**

**आवश्यकता है-** संजय बैग हाउस एसी शोरूम में सेल्स के लिए लड़के, लड़कियों एवं कम्प्यूटर आपरेटर ब्वॉयेज, गर्ल्स की आवश्यकता है। सम्पर्क करें- मेन रोड तेलीपारा बिलासपुर 9827114449 **(38873)**

**आवश्यकता है-** ऑफिस कार्य एवं कम्प्यूटर ऑपरेटर के लिए लड़के की आवश्यकता है सम्पर्क करें- गगन फ्लेक्स, 27 खोली चौक बिलासपुर 9425535104 **(38866)**

**आवश्यकता है-** घर में शुद्ध शाकाहारी खाना बनाने वाले यादव या ब्राह्मण आदमी की आवश्यकता है एवं घर के घरेलू कार्य के लिए दो व्यक्ति की आवश्यकता है। सम्पर्क 7879858767 **(38855)**

**आवश्यकता है-**न्यू हाईकोर्ट के पीछे छतौना के प्लॉट में वर्कशॉप में ही रहकर परिवार वाला व्यक्ति चौकीदारी करने के लिए आवश्यकता है सम्पर्क करें-9669211111, 98271 75811 **(38853)**

**आवश्यकता है-**थोक दवाई दुकान में कार्य करने हेतु लड़के लड़कियों की आवश्यकता है वेतन 4000 से 8000, फुल/पार्ट टाइम वाले भी सम्पर्क करें- प्रीमियर एजेन्सी मेडिकल कॉम्प्लेक्स तेलीपारा बिलासपुर **(38852)**

आपके सपनों का आशियाना जल्द होगा आपका... पढ़ते रहे हरिभूमि क्लासिफाइड सब कुछ है यहां

**आवश्यकता है-** फैंसी ड्रेस दुकान में 2 सेल्समैन, 1 टेलर कार्य हेतु लड़के, लड़कियां चाहिए अनुभवी को प्राथमिकता। पता- श्री फैंसी ड्रेसेस, DA/4 चंदेला विहार महाराणा प्रताप चौक के पास बिलासपुर 9826903666 **(38860)**

**आवश्यकता है-** ऑफिस सामान्य कार्य हेतु युवती (8000/-) एवं हिन्दी टाइपिंग, कम्प्यूटर जानकार युवती/युवक (वेतन 10000 समय 9.30-8 तक) पता- JBS प्रॉपर्टी डेवलपर्स जेपी रेसीडेंन्सी पावर हाउस मेन रोड तोरवा 9300000194 **(38859)**

**आवश्यकता है-**सुबह से शाम तक घर में सात्विक शाकाहारी खाना बनाने एवं घरेलू कार्य हेतु पुरुष एवं महिला कुक चाहिए। शिक्षा 12वीं वेतन योग्यता अनुसार पता- वी-18, आदर्श कॉलोनी पुराना हाईकोर्ट बिलासपुर 8319817966, 9893081826 **(38843)**

**आवश्यकता है-** घर और ऑफिस के काम हेतु सुपरवाइजर जिसको नल, बिजली, बढ़ई, एसी मिस्त्री, टाइल्स, पेन्ट के काम की जानकारी हो सोसाइटी, होटल, हॉस्पिटल में काम का अनुभव हो सम्पर्क करें- फ्लाई ऐश मूवर्स A3 बिल्डिंग प्रथम तल व्यापार विहार RBS-49 खम्बा के सामने बिलासपुर 07752 400298 **(38861)**

**आवश्यकता है-**आफिस कार्य,बिलिंग, प्रोडक्ट मैनैजमेंट हेतु अनुभवी कम्प्यूटर ऑपरेटर चाहिए योग्यता डीसीए, बीसीए वेतन योग्यता अनुसार बायोडाटा सहित सुबह एवं शाम 6बजे से 10बजे तक सम्पर्क करें-शिवा इन्टरप्राइजेस अरपा काम्प्लेक्स पुराना बस स्टैण्ड बिलासपुर 98930 81826, 70677124226 **(38842)**

**आवश्यकता है-**जायसवाल स्टील फर्म में बिल्डिंग मटेरियल फील्ड कार्य हेतु अनुभवी सेल्स मैनेजर की आवश्यकता है एमबीए पास व्यक्ति को प्राथमिकता दी जाएगी वेतन योग्यता अनुसार सम्पर्क करें- 7722890905 **(38841)**

**आवश्यकता है-**सुपर बाजार में कार्य हेतु केवल Busy साफ्टवेयर अनुभवी कम्प्यूटर आपरेटर की आवश्यकता है। वेतन 12000 से 15000 सम्पर्क करें- यश सुपर बाजार रिंग रोड नं-2 गौरव पथ बिलासपुर 9329941444 **(38848)**

**आवश्यकता है-**वृद्ध दादी की देखभाल करने के लिए महिला अथवा युवती की आवश्यकता है। वेतन योग्यता अनुसार सम्पर्क करें- वेयर हाउस रोड, बिलासपुर 8965050780 **(38849)**

**आवश्यकता है-**अर्जेंट भर्ती वन सुरक्षा को जिला अनुसार लड़के, लड़कियों की आवश्यकता है पद संख्या 1270 वन रक्षक फील्ड ऑफिसर माली वन सिपाही रिटायर फौजी सैलरी 25500+ 52500 पढ़ाई 8वी से स्नातक रहना+ खाना की सुविधाएं आवेदन करने हेतु आधार कार्ड मार्क शीट फोटो व्हाट्सएप करे सचिन शर्मा 7054311719 **(1183)**

**आवश्यकता है-**सीएसडी कैंटीन रायपुर के लिए मैनेजर 22000/- असिस्टेंट मैनेजर 21000/- अकाउंट क्लर्क/ऑफिस क्लर्क- 16000/- दुर्ग एवं बिलासपुर के लिए मैनेजर 21000/- रायपुर, बिलासपुर एवं दुर्ग के लिए स्टोर होल्डर 18000/- बिलिंग क्लर्क/बिल चेकर/ एमटीएस 15000/- सफाईकर्मी 10700/- आवेदन ईमेल करें-hqcosaurc 1985@gmail.com पर दिनांक 15.10.2025 तक करें। अधिक जानकारी के लिए https://www.hqcosaraipururc.in पर विजिट करें संपर्क 9685726593 **(305)**

**आवश्यकता है-**लोकल एवं बाहर प्लास्टिक पाईप डिलीवरी हेतु पिकप/ छोटा हाथी चलाने हेतु ड्राइवर चाहिए रहने, खाने की सुविधा वेतन 12000+ भत्ता अनुभव अनुसार सम्पर्क करें- सिलपहरी इंडस्ट्रीयल एरिया बिलासपुर 93007 34341 **(38851)**

**आवश्यकता है-**काईनेटिक ग्रीन के नये शोरूम में मैनेजर-1, सेल्स एक्जीक्यूटिव-4, टेलीकॉलर/ रिसेप्सनिस्ट-1 (महिला) मैकेनिक-1, सर्विस सुपरवाइजर-1, हेल्पर-1, ड्राइवर-1, चाहिए। सैलरी+, इंसेंटिव। इंटरव्यू 09 एवं 10 अक्टूबर, दोपहर 4बजे, सम्पर्क करें- श्रीबजरंग ऑटोमोबाइल्स अग्रवाल खाद भंडार के बाजू में पॉवर हाउस रोड तोरवा बिलासपुर 93025 69282 **(38847)**

**आवश्यकता है-** बिलासपुर के बहू प्रतिष्ठित संस्थानों में भारी मात्रा में सुरक्षा गार्ड एवं पशु चिकित्सालय में काम करने, पशुओं की देखभाल करने हेतु 30 कर्मचारी की आवश्यकता है PF, ESIC इत्यादि। सम्पर्क करें- रिलायबल सर्विसेज जी 18 ग्राउण्ड फ्लोर अम्बे प्लाजा हाईटेक बस स्टैण्ड के सामने तिफरा बिलासपुर 99816 14171, 9202580757, 9522250437 **(38846)**

**आवश्यकता है-**इंदौर, भोपाल में ऑफिस कार्य हेतु 18 से 30वर्ष 10वीं 12वीं ग्रेजुएट लड़के चाहिए। वेतन 10000+ कमीशन बोनस के साथ कमाए 15000 से 20000 रहना फ्री+ गाड़ी किराया कोई शुल्क नहीं लगेगा सम्पर्क करें- 98930 29618, 96859 13389 **(418)**

**आवश्यकता है-**एयरपोर्ट हेतु पक्की परमानेंट नौकरी बिना इंटरव्यू 8वीं से ग्रेजुएट पास लड़के, लड़कियां 24500-64500 महीना लोडर, चैकर, सुपरवाइजर, रहना, खाना, फंड, बोनस सम्पर्क करें- 9205091963 **(1182)**

**आवश्यकता है-** सिक्योरिटी एजेंसी में काम करने हेतु इच्छुक व्यक्ति व स्टूडेंट (लड़के) संपर्क करें मिनिमम दसवीं पास, अनुभवी आदमी को वरीयता दी जाएगी आकर्षक वेतन तुरंत संपर्क:- 9981630084, 94255 34940 **(307)**

## बेचना

**बेचना है-**मंगला लोखंडी मुख्य मार्ग पर पूर्ण विकसित आवासीय प्लाट, बाउंड्रीवॉल, सीसी रोड, मन्दिर, नाली, बैंक फाइनेन्स सुविधा। मात्र 899/- प्रति वर्गफीट में दीपावली तक बुकिंग पर रजिस्ट्री फ्री सम्पर्क- 9713666001 **(38858)**

**बेचना है-** डुप्लेक्स मकान 3BHK ऊपर नीचे कंस्ट्रक्शन सन्त रविदास वार्ड ओम नगर, उषा टॉवर के पास जरहाभाठा बिलासपुर में बेचना है कृपया खरीददार ही सम्पर्क करें- 9131184972, 7869924821 **(38864)**

**बेचना है-**परसदा (सकरी) कोटा मोड़ दीनदयाल हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी से लगे सर्व सुविधायुक्त 2BHK मकान 25लाख एवं 3BHK मकान 27लाख में उपलब्ध हैं। बुकिंग कराने हेतु सम्पर्क करें- 98842 61185, 9827404638 **(38838)**

**बेचना है-**सरकण्डा में ईश्वर पेट्रोल पम्प से 200मी. दूर खमतराई रोड पर 7900 वर्गफुट, फ्रंट 55, गहराई 145 फुट डायवर्टेड प्लाट एकमुश्त बेचना है खरीददार समय 11-1 तक सम्पर्क करें- 99935 53322 **(38850)**

**बेचना है-** कमर्शियल प्लॉट मसानगंज मेनरोड पर डबलरोड पुराना बना, 3 मंजिल बना हुआ मकान मिश्रा पुस्तकालय से मध्यनगरी चौक के बीच में साइज 26×50 टोटल 1292Sq जमीन है शीघ्र बेचना है संपर्क:- 98279 73444 **(309)**

**बेचना है-**मोपका (चिल्हाटी) LIC city (साईं विहार कॉलोनी) में TNC रेरा एप्रूव्ड, रेडी पोजीशन में 3BHK मकान 44 लाख में उपलब्ध है बुकिंग कराने हेतु सम्पर्क करें- 9827404638, 90391 04638 **(38839)**

**बेचना है-** महाराणा प्रताप चौक साईं बाबा हॉस्पिटल के पास 2 BHK मकान 22x45 ईस्ट फेसिंग 55 लाख में बेचना है (लोन सुविधा उपलब्ध) संपर्क:- 6265041277, 84619 97770 **(308)**

## किराया

**किराया-** सकरी मेन रोड बच्चन बाई स्कूल के सामने प्रथम तल पर 600 वर्गफीट दुकान एवं 2500 वर्गफीट मैदान किराया से देना है कोचिंग क्लीनिक ऑफिस, डिस्ट्री ब्यूटर, पार्किंग बाउंड्रीवॉल सम्पर्क- 9713666001 **(38857)**

छोटा विज्ञापन बड़ा लाभ

## व्यापार

**व्यापार-**जुड़िये ऐसे आकर्षक व्यवसाय से जो बिना रिस्क आपको घर बैठे दें सकता है 30000- 50000 प्रति माह आमदनी, जिसमे ऑटोमैटिक मशीन द्वारा डिस्पोजल दोना पत्तल, प्लेट्स बनायें, कच्चा माल देने तैयार माल लेने का अनुबंध पेशेवर प्रशिक्षण सहित सम्पर्क करें-APS इंटरप्राइजेस रायपुर-9111760925, 99776 76447, बिलासपुर, कोरबा, रायगढ़, अंबिकापुर-88278 48099 **(302)**

अब आप पायेंगे अपना एक सच्चा हमसफर...

हरिभूमि वैवाहिकी (प्रति रविवार)
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश में आपका वैवाहिकी विज्ञापन प्रकाशित किया जायेगा।

Medicare Specialists
छोटा लिंग निराश क्यों? जोश जगा दे धूम मचा दे।

18 से 80 वर्ष तक लाभदायक
लिंगको 8-9 ईन्च लम्बा मोटा, कठोर बनाये। सैक्स टाइम 30 से 45 मिनट बढाएं।
नसों की कमजोरी नामर्दी, धातु का पतलापन, शुगर, बी.पी. में भी जबरदस्त लाभदायक।
घर बैठे मंगवाये। लाभ नही तो पैसे वापिस।
09083218330

हरिभूमि में लघु विज्ञापन देने हेतु सम्पर्क करें
जिला कार्यालय कोरबा:- बी.ब्लॉक, कॉमर्शियल कामलेक्स, ट्रांसपोर्ट नगर, जिला कोरबा (छ.ग.) मो. 9644018888, 7581808267
जिला कार्यालय मुंगेली:- थाना के सामने गली, गोल बाजार, जिला- मुंगेली (छ.ग.) मो. 9303508230
शिवम एड एजेंसी & पब्लिसिटी:- मो. 9993567380, 8770837744
एड प्रयास:- मो. 9826701269, 9926003943
श्यामनानी एडवरटाईजर्स:- मो. 9827168452, 9300625174
रिद्धीसिद्धी एडवरटाइजर्स & पब्लिसिटी:- मो. 9826129386, 8319503386
जे.जे. एडवरटाइजर्स:- मो. 9300659628
भार्गव एडवरटाइजर्स:- मो. 9827167997
श्रीसिद्धि विनायक एडवरटाइजर्स:- मो. 9826705603
एम.जी.आर. एडवरटाइजर्स:- मो. 9827180896, 9131155033
रौनक पब्लिसिटी:- मो. 9300328290, 9981658490
श्री श्याम पब्लिसिटी:- मो. 9425540759
अमित पब्लिकेशन:- मो. 9826304304, 9827124304
विप्रा विज्ञापन सेवा:- मो. 9302462506
माधवास & कम्पनी:- मो. 9977185123, 9893115084
बालाजी एडवरटाइजर्स:- मो. 9827466133, 9907047586

### सूचना

पाठकों से अनुरोध है कि वे समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संबंध में किसी भी प्रकार का कदम उठाने (पैसे भेजने, कोई भी खर्च उठाने, चिकित्सकीय सलाह, विवाह संबंधित) या किसी भी वादे-दावे पर अमल करने से पहले अच्छी तरह से जांच पड़ताल कर लें। पाठक पूर्ण जानकारी लेवें व स्वविवेक से निर्णय लेकर ही लेन देन करें। किसी भी उत्पाद या सेवाओं के संबंध में किए किसी भी विज्ञापनदाता के किसी प्रकार के दावों की हरिभूमि (प्रेस प्रबंधक व कर्मचारी) की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। प्रकाशक, संपादक, कर्मचारी और हरिभूमि के स्वामी किसी विज्ञापन के संबंध में उठाए किसी कदम के नतीजे और विज्ञापन दाताओं के अपने वायदों पर खरा न उतरने के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

# महिला विश्व कप: 107 रन से जीती ऑस्ट्रेलिया, पाकिस्तान ने लगाई हार की हैट्रिक

एजेंसी ▶▶| कोलंबो

महिला विश्व कप के नौंवे मैच में ऑस्ट्रेलिया ने पाकिस्तान को 107 रन से हराकर अपनी जीत का सिलसिला बरकरार रखा है। टॉस गंवाने के बाद पहले बल्लेबाजी करने उतरी ऑस्ट्रेलिया की स्थिति बेहद खराब थी। टीम ने महज 76 के स्कोर पर 7 और 115 के स्कोर पर 8 विकेट गंवा दिए। इस समय ऐसा लग रहा था कि मैच का परिणाम पाकिस्तान के पक्ष में आएगा, लेकिन नौंवे विकेट के लिए बेथ मूनी और अलाना किंग के बीच रिकॉर्ड 106 रन की साझेदारी हुई। दोनों ने ऑस्ट्रेलिया का स्कोर 9 विकेट पर 221 तक पहुंचा दिया। बेथ मूनी आखिरी गेंद पर आउट हुईं। मूनी ने 114 गेंद पर 11 चौके की मदद से 109 रन की पारी खेली। मूनी का वनडे में पांचवां शतक था। वहीं, अलाना किंग ने 49 गेंद पर 51 रन बनाए। दसवें नंबर पर बल्लेबाजी करते हुए अर्धशतक लगाने वाली वह पहली बल्लेबाज बनीं। जवाब में पाकिस्तान की टीम 36.3 ओवर में सिर्फ 114 रन के स्कोर पर ऑलआउट हो गई। पाकिस्तान महिला टीम की इस विश्व कप में लगातार तीसरी शिकस्त है।

### अंक तालिका में आखिरी स्थान पर पाकिस्तान

फातिमा सना के नेतृत्व वाली पाकिस्तान की महिला टीम की यह इस महिला विश्व कप में लगातार तीसरी शिकस्त है। इससे पहले उसे भारत (88 रन) और बांग्लादेश (सात विकेट) की टीमों ने शिकस्त दी थी। मौजूदा टूर्नामेंट में लगातार तीसरी हार के साथ पाकिस्तान की टीम अंक तालिका में आखिरी (आठवें) स्थान पर पहुंच गई। वहीं, तीन में से दो मुकाबले जीतकर और एक मैच रद्द होने की वजह से पांच अंक लेकर ऑस्ट्रेलियाई टीम शीर्ष स्थान पर है। भारतीय टीम दो मैचों में चार अंक लेकर तीसरे पायदान पर है।

### मूनी ने रचा इतिहास, खेली 109 रन की पारी, बेथ मूनी और अलाना किंग ने की रिकॉर्ड 106 रन की साझेदारी



### नशरा संधु ने लिया 3 विकेट

पाकिस्तान के लिए नशरा संधु ने 3, कप्तान फातिमा सना और रमीन शमीम ने 2-2, और डायना बेग और सादिया इकबाल ने 1-1 विकेट लिए। 222 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरी पाकिस्तान की शुरुआत भी ऑस्ट्रेलिया की तरह ही हुई। पाकिस्तान ने भी 49 पर 6 और 78 रन पर अपने 7 विकेट खो दिए। ऐसी स्थिति से ऑस्ट्रेलिया निकल गई थी, पाकिस्तान नहीं निकल सकी। पाकिस्तान 36.3 ओवर में 114 रन पर सिमट गई। सिद्रा अमीन 52 गेंद पर 35 रन बनाकर श्रेष्ठ स्कोरर रहीं। रमीन शमीम ने 15, फातिमा सना और नशरा संधु ने 11-11 रन बनाए। इसके अलावा कोई बल्लेबाज दो अंकों में नहीं पहुंच सका। ऑस्ट्रेलिया के लिए किम गार्थ ने 6 ओवर में 14 रन देकर 3, मेगन स्कट ने 5 ओवर में 25 रन देकर 2, एनाबेल सदरलैंड ने 8.3 ओवर में 15 रन देकर 2, अलाना किंग, एश्ले गार्डनर और जॉर्जिया वॉरहम ने 1-1 विकेट लिए। बेथ मूनी को प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया।

### बेथ मूनी ने रचा इतिहास

ऑस्ट्रेलिया की तरफ से बेथ मूनी ने शानदार शतक लगाया। वह इस मुकाबले में 114 गेंदों में 109 रन बनाकर आउट हुई। इस शतकीय पारी के साथ ही बेथ मूनी ने इतिहास रच दिया है। महिला क्रिकेट में वह ऑस्ट्रेलिया की पहली ऐसी खिलाड़ी हैं, जिन्होंने टी-20 इंटरनेशनल, वनडे, टेस्ट और वनडे वर्ल्ड कप में शतक लगाया हो। महिला क्रिकेट में इससे पहले टी-20 इंटरनेशनल, वनडे, टेस्ट और वनडे वर्ल्ड कप में शतक लगाने का कारनाम तीन खिलाड़ियों ने किया था। अब उस लिस्ट में चौथे खिलाड़ी के तौर पर बेथ मूनी का नाम जुड़ गया है। उनसे पहले ये कारनामा हीथर नाईट (इंग्लैंड), टैमी ब्यूमोंट (इंग्लैंड) और स्मृति मंधाना (भारत) ने किया था। इन तीनों ही खिलाड़ियों ने टी-20 इंटरनेशनल, वनडे, टेस्ट और वनडे वर्ल्ड कप में शतक लगाया था।

## खबर संक्षेप



### एशियाई कप क्वालीफायर में सिंगापुर से भिड़ेगा भारत

**सिंगापुर।** राष्ट्रीय शिविर के पहले भाग में कई खिलाड़ियों की अनुपस्थित से तैयारी में आई बाधा के बीच भारतीय पुरुष फुटबॉल टीम गुरुवार को एएफसी एशियाई कप क्वालीफाइंग के तीसरे दौर के महत्वपूर्ण मैच में सिंगापुर से भिड़ेगी। अगस्त-सितंबर में सीएएफए नेशंस कप के लिए आराम दिए जाने के बाद करिश्माई खिलाड़ी सुनील छेत्री की टीम में वापसी हुई है लेकिन खालिद जमील की पूरी टीम ने इतने महत्वपूर्ण मैच के लिए मुश्किल से एक हफ्ते ही एक साथ ट्रेनिंग की है। भारत चार टीम के ग्रुप सी में सबसे निचले पायदान पर है। टीम के शुरुआती दो मैच में सिर्फ एक अंक है। भारतीय टीम ने बांग्लादेश के खिलाफ गोल रहित ड्रॉ खेला जबकि हांगकांग के खिलाफ उसे 0-1 से हार का सामना करना पड़ा। सिंगापुर अभी दो मैच में चार अंक के साथ ग्रुप में शीर्ष पर है।

### वेस्टइंडीज क्रिकेट का पतन बरसों पहले हुआ शुरू : सैमी

**नई दिल्ली।** पूर्व कप्तान डेरेन सैमी ने कहा कि वेस्टइंडीज में टेस्ट क्रिकेट का पतन व्यवस्था का 'कैंसर' है, जिसकी शुरुआत काफी पहले हो गई थी। दो बार के टी20 विश्व कप विजेता कप्तान का मानना है कि प्रदर्शन के दम पर अगली पीढ़ी के लिए छोटे प्रारुप के कई रोल मॉडल है और संसाधन उपलब्ध होने पर ही वे खेल सकते हैं।

## शंघाई मास्टर्स : अंतिम आठ में पहुंचने वाले सबसे उम्रदराज खिलाड़ी बने नोवाक

# गर्मी से परेशान जोकोविच बैठे बीच कोर्ट पर, संघर्ष के बाद क्वार्टर फाइनल में पहुंचे

एजेंसी ▶▶| शंघाई

सर्बिया के धुरंधर टेनिस खिलाड़ी नोवाक जोकोविच को शंघाई मास्टर्स में गर्मी और उमस के बीच दूसरा सेट गंवाने के बाद चिकित्सा सहायता लेनी पड़ी लेकिन उन्होंने जल्दी ही वापसी करते हुए जाउमी मुनार को 6-3, 5-7, 6-2 से मात दी। दूसरा सेट गंवाने के बाद जोकोविच पीठ के बल लेट गए और अपनी आंखों पर हाथ रख लिया। बाद में वह धीरे से उठे और दोनों पैरों के बीच सिर दबाकर बैठ गए। उन्हें एक ट्रेनर उनकी कुर्सी तक लेकर आया। अड़तीस वर्ष के जोकोविच ने कोर्ट पर इंटरव्यू भी नहीं दिया।

### नजरें रिकॉर्ड 41वें मास्टर्स खिताब पर

बाद में एक्स पर लिखा, 'बेहद कठिन दिन। शारीरिक रूप से काफी चुनौतीपूर्ण।' इस जीत के साथ वह एटीपी मास्टर्स 1000 टूर्नामेंट में अंतिम आठ में पहुंचने वाले सबसे उम्रदराज खिलाड़ी बन गए। उनकी नजरें रिकॉर्ड 41वें मास्टर्स खिताब पर है। अब उनका सामना बेल्जियम के जिजोउ बर्ग्स से होगा। दसवीं वरीयता प्राप्त होल्गर रूने ने फ्रांस के जियोवान्नि एमपेत्शी पेरीकार्ड को 6- 4, 6-7, 6-3 से हराया।

### जाउमी मुनार को 6-3, 5-7, 6-2 से मात दी



### वुहान ओपन : तीसरे दौर में पहुंची जेसिका

**वुहान।** छठी वरीयता प्राप्त जेसिका पेगुला ने अमेरिका की ही हेली बापटिस्टे को 6-4, 4-6, 7-6 से हराकर वुहान ओपन टेनिस के तीसरे दौर में जगह बना ली। पिछले सप्ताह चाइना ओपन के सेमीफाइनल में हारने वाली पेगुला का सामना अब नौवी वरीयता प्राप्त एकातेरिना अलेक्जेंड्रोवा से होगा, जिन्होंने अमेरिका की अन ली को 7-6, 6-2 से मात दी। क्वालीफायर कैटरीना सिनियाकोवा ने माया जॉइंट को 6-3, 6-1 से हराया।





### फेनेस्टा ओपन टेनिस के प्री क्वार्टर फाइनल में पार्थसारथी, आकांक्षा और रिद्धि

**नई दिल्ली।** शीर्ष वरीय पार्थसारथी अर्जुन मुंधे, आकांक्षा घोष और रिद्धि शिंदे ने अपना विजयी अभियान जारी रखते हुए फेनेस्टा ओपन राष्ट्रीय टेनिस चैंपियनशिप के लड़कियों के अंडर-16 एकल वर्ग के प्री क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। पार्थसारिथी ने स्वानिका रॉय को 9-2 से हराया जबकि तीसरी वरीय आकांक्षा ने कीर्तमा रंगिनेनी को 9-2 से शिकस्त दी। रिद्धि ने उलटफेर करते हुए छठी वरीय आशी कश्यप की सर्विस चार बार तोड़ते हुए 9-4 से जीत दर्ज करके अंतिम 16 में जगह बनाई। लड़कियों के अंडर-14 वर्ग में अनिहा गेविनोला ने सातवीं वरीय इशिता श्रीयाला को 9-5 से हराकर उलटफेर किया जबकि शीर्ष वरीय पद्मा रमेशकुमार ने शुभी शर्मा को 9-3 से हराकर प्री क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई। लड़कों के अंडर-16 वर्ग में शीर्ष वरीय प्रकाश सारन ने सक्षम बंसल को 9-8 से हराया जबकि आठवें वरीय तवीश पाहवा ने पुनीत एम को 9-5 से हराकर अंतिम 16 में प्रवेश किया।

## आईसीसी टेस्ट रैंकिंग

# जडेजा ने लगाई छह पाएदान की छलांग, सर्वश्रेष्ठ स्थान पर पहुंचे




एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

वेस्टइंडीज के खिलाफ अहमदाबाद टेस्ट में 104 रन की नाबाद पारी खेलने वाले भारतीय ऑलराउंडर रवींद्र जडेजा आईसीसी पुरुष टेस्ट बल्लेबाजों की रैंकिंग में अपने करियर के सर्वश्रेष्ठ 25वें स्थान पर पहुंच गए हैं।

जडेजा ने छह पायदान की छलांग लगाई है। 36 वर्षीय जडेजा की इससे पहले टेस्ट में सर्वश्रेष्ठ रैंकिंग 29 थी, जो उन्होंने इसी साल जुलाई में हासिल की थी। न सिर्फ बल्ले, बल्कि रवींद्र जडेजा ने वेस्टइंडीज के खिलाफ गेंद से भी सभी को प्रभावित किया है। उन्होंने वेस्टइंडीज की दूसरी पारी में 4 विकेट हासिल किए। शानदार प्रदर्शन के चलते जडेजा को 'प्लेयर ऑफ द मैच' चुना गया। वह ऑलराउंडर की सूची में शीर्ष पर बने हुए हैं।

### चार पायदान ऊपर चढ़े राहुल

केएल राहुल चार पायदान ऊपर चढ़कर 35वें स्थान पर पहुंच गए हैं, जबकि अपना पहला टेस्ट शतक लगाने के बाद ध्रुव जुरेल 20 पायदान ऊपर चढ़कर 65वें स्थान पर आ गए। इस बीच, बाएं हाथ के कलाई के स्पिनर कुलदीप यादव वेस्टइंडीज के खिलाफ कुल चार विकेट लेकर सात पायदान ऊपर चढ़कर 21वें स्थान पर पहुंच गए हैं। दूसरी ओर, आईसीसी पुरुष टी20 अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी रैंकिंग में ऑस्ट्रेलियाई कप्तान मिचेल मार्श फरवरी 2024 के बाद पहली बार बल्लेबाजी सूची में टॉप-10 में वापस आ गए हैं।

### सिराज 3 पायदान ऊपर चढ़कर 12वें स्थान पर पहुंचे

दूसरी ओर, वेस्टइंडीज के विरुद्ध पहली पारी में 4 और दूसरी पारी में 3 विकेट हासिल करने वाले मोहम्मद सिराज गेंदबाजों की सूची में 3 पायदान ऊपर चढ़कर 12वें स्थान पर पहुंच गए हैं। उन्होंने पहली बार 700 रेटिंग अंकों को पार किया है। इस टेस्ट मैच के साथ अपनी रैंकिंग सुधारने वाले अन्य खिलाड़ियों में केएल राहुल और ध्रुव जुरेल शामिल हैं, जिन्होंने शतकीय पारियों के बाद बल्लेबाजी रैंकिंग में तरक्की की है।

# रोनाल्डो बने पहले अरबपति फुटबॉलर, मेसी को छोड़ा पीछे

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

फुटबॉल के सुपरस्टार क्रिस्टियानो रोनाल्डो ने अपने करियर में एक और कीर्तिमान स्थापित किया है। इस बार यह रिकॉर्ड गोल्स या ट्रॉफी के लिए नहीं, बल्कि उनकी बैंक बैलेंस के लिए है। ब्लूमबर्ग बिलियनेयर इंडेक्स के मुताबिक, रोनाल्डो की कुल संपत्ति 1.4 बिलियन यूएस डॉलर (लगभग 11,50,00,00,000 रुपये) आंकी गई है, जिससे वह फुटबॉल के पहले अरबपति खिलाड़ी बन गए हैं। ब्लूमबर्ग ने कहा कि यह पहली बार है जब रोनाल्डो की संपत्ति इस इंडेक्स में शामिल की गई है। इस मूल्यांकन ने उन्हें विश्व फुटबॉल का सबसे अधिक कमाई करने वाला खिलाड़ी बना दिया। इस मामले में उन्होंने अपने प्रतिद्वंद्वी लियोनेल मेसी को काफी पीछे छोड़ दिया।

- क्रिस्टियानो की कुल संपत्ति 1.4 बिलियन डॉलर, जो भारतीय करेंसी में लगभग 11 अरब 50 करोड़ रुपए




### वेतन और क्लब करियर

रोनाल्डो की कमाई का सबसे बड़ा हिस्सा उनके वेतन से आया है। यूरोप में उनका वेतन मेसी के बराबर था, लेकिन 2023 में जब उन्होंने सऊदी अरब के अल नास्र क्लब से साइन किया, तो उनकी कमाई में बड़ा अंतर आया। इस सौदे के तहत उन्हें कर-मुक्त 200 यूएस डॉलर मिलियन वार्षिक वेतन और बोनस के रूप में मिले, साथ ही 30 मिलियन यूएस डॉलर का साइनिंग बोनस भी शामिल था। ब्लूमबर्ग के मुताबिक, 2002 से 2023 तक रोनाल्डो ने कुल 550 मिलियन यूएस डॉलर से अधिक वेतन कमाया।

# भारतीय अंडर-19 टीम का जलवा, ऑस्ट्रेलिया को दूसरे टेस्ट में हराया, सीरीज की क्लीन स्वीप

एजेंसी ▶▶| मैके

भारत की अंडर 19 टीम ने दूसरे और आखिरी युवा टेस्ट में आस्ट्रेलिया की अंडर 19 टीम को सात विकेट से हराकर श्रृंखला 2.0 से जीत ली। अपने कल के स्कोर सात विकेट पर 114 रन से आगे खेलते हुए भारतीय अंडर 19 टीम 171 रन पर आउट हो गई और पहली पारी में 36 रन की बढ़त हासिल की।

मेजबान टीम दूसरी पारी में 119 रन ही बना सकी और भारत को 81 रन का लक्ष्य मिला। सलामी बल्लेबाज आयुष म्हात्रे और वैभव सूर्यवंशी जल्दी आउट हो गए लेकिन भारत ने लक्ष्य 12.2 ओवर में हासिल कर लिया। कठिन पिच पर अति आक्रामक होने का खामियाजा सूर्यवंशी और म्हात्रे को भुगतना पड़ा।



- युवा टीम ने जीत के साथ किया ऑस्ट्रेलिया दौरे का समापन, तीन वनडे और एक टेस्ट रहा में विनर

### भारतीय गेंदबाजों का रहा कहर

इससे पहले आस्ट्रेलिया की अंडर 19 टीम भारतीय गेंदबाजों का सामना नहीं कर सकी। तेज गेंदबाज हेनिल पटेल ने साइमन बज और जेड होलिक को लगातार गेंदों पर आउट किया। मेजबान टीम का स्कोर दो ओवर के बाद दो विकेट था और स्कोर बोर्ड पर एक भी रन नहीं था। इसके बाद से टीम दबाव से उबर नहीं सकी। भारत ने पहला युवा टेस्ट और तीन युवा वनडे भी जीते थे।

## राशिफल

**मेष** — दाम्पत्य सुख में वृद्धि होगी। घर-परिवार में धार्मिक कार्य हो सकते हैं। परिवार की सुख-सुविधाओं के लिए खर्च बढ़ेंगे। रहन-सहन अव्यवस्थित रहेगा।

**वृष** — मन प्रसन्न तो रहेगा। परन्तु बातचीत में संयत रहें। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। सुस्वादु खानपान में रुचि बढ़ सकती है।

**मिथुन** — व्यर्थ के क्रोध से बचें। माता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। कारोबार में वृद्धि होगी। परिश्रम अधिक रहेगा। लाभ के अवसर मिलेंगे। सेहत का ध्यान रखें।

**कर्क** — परिवार के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। नौकरी में कार्यक्षेत्र में बदलाव हो सकता है। भाइयों से मतभेद हो सकते हैं। क्रोध पर नियंत्रण रखें।

**सिंह** — संयत रहें। व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद से बचें। किसी मित्र के सहयोग से सम्पत्ति में किया गया निवेश लाभप्रद रहेगा। मीठे खानपान में रुचि रहेगी।

**कन्या** — संयत रहें। व्यर्थ के क्रोध से बचें। दाम्पत्य सुख में वृद्धि होगी। कुटुम्ब की किसी बुजुर्ग महिला से धन मिल सकता है। लंबे समय से रुके हुए कार्य पूरे होंगे।

**तुला** — वाणी में मधुरता रहेगी। वस्त्रों के प्रति रुझान बढ़ सकता है। कुटुम्ब-परिवार में धार्मिक कार्य होंगे। मान-सम्मान की प्राप्ति होगी। आय में वृद्धि होगी।

**वृश्चिक** — मन परेशान रहेगा। आत्मविश्वास में कमी आयेगी। बातचीत में संयत रहें। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। भागदौड़ अधिक रहेगी।


**धनु** — क्रोध के अतिरेक से बचें। परिवार के साथ किसी धार्मिक स्थान पर जा सकते हैं। कारोबार में किसी मित्र के सहयोग से लाभ में वृद्धि होगी।

**मकर** — व्यर्थ के क्रोध से बचें। माता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। पिता का साथ मिलेगा। बौद्धिक कार्यों में सम्मान की प्राप्ति होगी। सेहत का ध्यान रखें।

**कुंभ** — आत्मविश्वास तो भरपूर रहेगा। परन्तु आत्मसंयत रहें। क्रोध के अतिरेक से बचें। धार्मिक संगीत में रुचि बढ़ सकती है। धार्मिक आयोजनों में हिस्सा लेंगे।

**मीन** — मन प्रसन्न रहेगा। कर्मक्षेत्र में परिवर्तन हो सकता है। परिश्रम अधिक रहेगा। स्थान परिवर्तन भी हो सकता है। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी।


## शब्द पहेली - 6013



**बाएँ से दाए**
1. पवनपुत्र, हनुमान-3,3
5. मजार-4
8. बगीचा (अंग्रेजी में-2)
9. तहजीब, तमीज-3
10. सत्य, तेज-2
11. पतंगा-4
12. ईसाई साध्वी-2
14. इंकार करना-4
16. उत्तम, आदर्शवादी-3
18. रोमांच, उद्वेग-4
20. पागलपन, सनक-5
23. पालन-पोषण-5
26. आनंद लेना-2,2
27. बेईमानी, अमानत में खयानत-3
29. अप्रधान, गौण-4
30. ठाठ-बाट-2
32. अति काला, एक प्रकार की लकड़ी-4
33. रहस्य-2
35. गरुड़ जो रावण से लड़ा था-3
36. कमरा, रूम-2
37. जल में रहने वाला-4
38. धर्म के उपदेश देनेवाला-6

**ऊपर से नीचे**
1. पलायन करने वाला-6
2. जंगल-2
3. दांत से छोटे टुकड़े करना-4
4. जिव्हा, जीभ-3
5. घर, भवन-3
6. यात्री गाड़ी-2
7. चौबीस घंटे का समय-4
11. परीक्षण करना-4
13. भीगा हुआ-2
15. खीजना-4
17. उपस्थिती-3
18. रोमांच, उद्वेग-4
19. संपत्ति-2
21. उचित, सही-3
22. पंख, पराया-2
24. देश निर्वासन-4
25. अंगरक्षक-3,3
27. हाथी-4
28. मद, सरूर-2
29. अनुसार, समान-4
31. निगाह, दृष्टि-3
32. हथियार-3
34. पानी, नीर-2
36. सिगरेट का धुआं खींचना, सुट्टा-2

### शब्द पहेली- 6012 का हल



## सूडोकू नवताल - 6023

★☆☆☆☆ सरल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 6 | 4 | | 5 | 8 | | |
| | | | | | | | | |
| 9 | | | | 1 | | | | 7 |
| 6 | 5 | | | 4 | | | 7 | 1 |
| | 4 | | | | | | 2 | |
| 1 | 2 | | | 6 | | | 9 | 8 |
| 3 | | | | 8 | | | | 9 |
| | | | | | | | | |
| | | 8 | 6 | | 9 | 5 | | |

MANGAL SENACHA, BANGALORE

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकू नवताल - 6022 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 4 | 5 | 6 | 9 | 8 | 1 | 7 | 3 |
| 1 | 7 | 6 | 4 | 3 | 5 | 8 | 2 | 9 |
| 3 | 8 | 9 | 1 | 2 | 7 | 6 | 5 | 4 |
| 9 | 1 | 7 | 3 | 6 | 2 | 4 | 8 | 5 |
| 5 | 6 | 3 | 8 | 7 | 4 | 9 | 1 | 2 |
| 4 | 2 | 8 | 5 | 1 | 9 | 3 | 6 | 7 |
| 7 | 3 | 1 | 9 | 5 | 6 | 2 | 4 | 8 |
| 8 | 9 | 2 | 7 | 4 | 1 | 5 | 3 | 6 |
| 6 | 5 | 4 | 2 | 8 | 3 | 7 | 9 | 1 |

# वैज्ञानिकों की चेतावनी...
# बदल रहा है धरती का नक्शा

**दुनिया के सबसे बड़े महाद्वीपों में से एक अफ्रीका अपने पूर्वी तट पर 2 हिस्सों में टूट रहा है। इसी वजह से दुनिया में एक नया महासागर बनने की प्रक्रिया चल रही है। हालांकि, यह प्रक्रिया बहुत धीमी है, लेकिन ये धरती के भूगोल को आज की तुलना में पूरी तरह से बदल कर रख सकती है।**

**वॉशिंगटन।** जब यह बदलाव होगा तो लाल सागर और अदन की खाड़ी इस नए बन रहे महासागर से मिल जाएंगे। वैज्ञानिकों का कहना है कि यह घटना बिल्कुल वैसी ही होगी जैसे लाखों साल पहले जब दक्षिण अमेरिका, अफ्रीका से अलग हुआ था और अटलांटिक महासागर बनना शुरू हुआ था।

- **जल्द 2 हिस्सों में टूट कर बिखर जाएगा ये देश**





## कैसे बनते हैं नए महासागर?

इस नए महासागर के बनने की शुरुआत दरार के नीचे से लावा के ऊपर आने से होती है, जिसमें भूकंप भी मदद करते हैं। इथियोपिया का अफार क्षेत्र एक ऐसी जगह पर है, जहां बार-बार भूकंप आते रहते हैं। जब लावा बहता है तो वह मैग्मा डाइक नाम की चट्टानों की दीवारों को खोल देता है। ये दीवारें ठोस लावा को किनारों की ओर धकेल देती हैं और इससे दरार गहरी होती चली जाती है। इससे परत पतली हो जाती है और अंत में समुद्री पानी इस पतली जगह से अंदर बह जाएगा और यह घाटी नया समुद्री किनारा बन जाएगा।



## कब तक बनेगा ये नया महासागर?

फिलहाल ये दरारें हर साल सिर्फ कुछ मिलीमीटर ही चौड़ी हो रही हैं जो कि बहुत ही धीमा है। हालांकि, यह रफ्तार सुनने में कम लगती है, लेकिन धरती का भूगोल बनने के लिए काफी है। वैज्ञानिकों का अंदाजा है कि पूर्वी अफ्रीकी दरार कतो पूरी तरह से टूटने और नया महासागर बनने में 50 लाख से 1 करोड़ साल तक का समय लग सकता है।

## कहां बन रहा है नया महासागर?

अफ्रीका के पूर्वी तट पर जहां इथियोपिया, केन्या और सोमालिया जैसे देश हैं वहां जमीन टूट रही है, जिससे एक नया महासागर बनने की प्रक्रिया चल रही है। यह टूट-फूट ईस्ट अफ्रीकन रिफ्ट वैली नाम की जगह पर हो रही है। यह दरार इथियोपिया से शुरू होकर केन्या से होते हुए तंजानिया और मोज़ाम्बिक तक फैली हुई है। इस दरार में अफ्रीकी प्लेट 2 बड़े हिस्सों में बंट रही है, न्युबियन ब्लॉक, जो पश्चिम की ओर है और सोमाली ब्लॉक, जो पूर्व की ओर है।

KALDA HOSPITAL
कालड़ा हॉस्पीटल
यूनिट ऑफ कालड़ा बर्न एवं प्लास्टिक सर्जरी सेंटर
• प्लास्टिक सर्जरी एवं बर्न केयर
• कटे होंठ एवं तालु का ईलाज
• कॉस्मेटिक सर्जरी
• हेयर ट्रांस्प्लांट
• लाइपोसक्शन
• अंगों का प्रत्यारोपण
पचपेढ़ी नाका, धमतरी रोड
कलर्स माल के पास, रायपुर
Mobile 9827143060
Ajay Advt.

# यहां नाश्ते में खाई जाती है मिट्टी, मर्द नहीं सिर्फ औरतों को खाने की इजाजत!

**नई दिल्ली।** क्या आपने कभी सुना है कि नाश्ते में मिट्टी खाई जाती हो? पंजाब के बाजारों में ये कोई मजाक नहीं, बल्कि सदियों पुरानी परंपरा है। मुल्तानी मिट्टी, जो भुनी हुई क्ले के रूप में बिकती है, महिलाओं का पसंदीदा स्नैक बन चुकी है। लेकिन, चौंकाने वाली बात ये कि पुरुषों को इसे खाने की मनाही है, क्योंकि इससे किडनी स्टोन का खतरा बढ़ जाता है। एक इंस्टाग्राम रील ने इस रहस्य को दुनिया के सामने ला दिया, जहां एक



महिला बाजार में इसे चखते हुए दिखी। मुल्तानी मिट्टी मूल रूप से पाकिस्तान के मुल्तान क्षेत्र से आती है, लेकिन भारत के पंजाब, हरियाणा और राजस्थान में भी लोकप्रिय है। बाजारों में इसे किलो के भाव बेचा जाता है—कच्ची या भुनी हुई।

## शौक से खाती हैं मिट्टी

महिलाओं को ये खाना काफी पसंद है। हेल्थ बेनिफिट्स के साथ ही साथ ये उन्हें स्वादिष्ट भी लगती है। लेकिन, पुरुषों के लिए ये जहर समान है। डॉक्टरों का कहना है कि पुरुषों के शरीर में इसका असर अलग होता है, जो किडनी में पथरी पैदा कर सकता है। हालांकि, आपको बता दें कि यह प्रथा नई नहीं है। अफ्रीका, लैटिन अमेरिका और एशिया के कई हिस्सों में जियोफैगी प्रचलित है।

अपने पुराने बैंक खाते में पैसे जमा करके भूल गए?



जो आपका है उसे वापस दिलाने में आरबीआई आपकी मदद करेगा।

आपके बैंक के निष्क्रिय खाते (2 वर्ष से ज़्यादा और 10 वर्ष तक असक्रिय) में जमा पैसे / दावा न की गई जमा राशि (10 वर्ष से अधिक) को आरबीआई के डीईए फंड में ट्रांसफर कर दिया जाता है। आप या आपके क़ानूनी वारिस उसे कभी भी वापस ले सकते हैं।

दीया फंड

आपके पैसे वापस पाने के 3 आसान चरण

1. आपके बैंक की किसी भी शाखा में जाएं, भले ही वो आपकी नियमित शाखा न हो।
2. केवाईसी दस्तावेजों (आधार, पासपोर्ट, मतदाता पहचान पत्र या ड्राइविंग लाइसेंस) के साथ फॉर्म जमा करें।
3. सत्यापन के बाद ब्याज समेत, यदि है तो, अपने पैसे वापस पाएं।

आपके दावा न किए गए पैसे के बारे में जानने के लिए

आपके बैंक की वेबसाइट पर खोजें या आरबीआई के UDGAM पोर्टल (https://udgam.rbi.org.in) पर देखें, जिसमें फ़िलहाल 30 बैंक शामिल हैं।




अधिक जानकारी के लिए https://rbikehtahai.rbi.org.in देखिए
प्रतिक्रिया के लिए rbikehtahai@rbi.org.in पर लिखिए
क्यूआर कोड स्कैन कीजिए
आधिकारिक व्हॉट्सऐप नंबर 99990 41935

जनहित में जारी
भारतीय रिज़र्व बैंक
RESERVE BANK OF INDIA
www.rbi.org.in

SPORT UTILITY VEHICLES
mahindra Rise

त्योहार का जश्न मनाइए दुगने फ़ायदे के साथ

पाइए ₹ 2.56 लाख* तक के फ़ायदे
(GST के फ़ायदे + सीमित अवधि का फेस्टिव ऑफर)



| XUV 3XO | XUV 400 | THAR | XUV 700 | SCORPIO N | BOLERO neo |
|---|---|---|---|---|---|
| ₹ 79 500.00* तक के फ़ायदे + ₹ 1 56 000.00* तक के GST फ़ायदे | ₹ 3 15 000.00* तक के फ़ायदे + ₹ 15.49 लाख* से शुरू | ₹ 11.80 लाख* से शुरू + ₹ 1 35 000.00* तक के GST फ़ायदे | ₹ 80 600.00* तक के फ़ायदे + ₹ 1 43 000.00* तक के GST फ़ायदे | ₹ 45 600.00* तक के फ़ायदे + ₹ 1 45 000.00* तक के GST फ़ायदे | ₹ 1 24 000.00* तक के फ़ायदे + ₹ 1 27 000.00* तक के GST फ़ायदे |

INTRODUCING THE ALL-NEW XUV 400

जल्दी करें, ऑफर 31 अक्टूबर 2025 तक मान्य

अपनी पुरानी गाड़ी स्क्रैप करें और पाएं ₹ 1.5 लाख तक के फ़ायदे*

mahindra with you hamesha
xmart by mahindra SMART BUY. SMART EXCHANGE.

*क्रेडिट बैंक के पूर्ण विवेक पर. *बैंक/फायनांस कंपनी से क्रेडिट की मंजूरी के अधीन. अन्य सभी नियम व शर्तें लागू होंगे. ऑफ़र चुने हुए मॉडल्स पर स्टॉक रहने तक मान्य. इस ऑफ़र को किसी अन्य ऑफ़र के साथ जोड़ा नहीं जा सकता है. उल्लेख किया गया ऑफ़र उपलब्ध अधिकतम फायदा है जिसमें इंश्योरेन्स, एक्सचेंज, लॉयल्टी, कॉर्पोरेट यथा लागू, शामिल है. ऑफ़र में खरीदे गए ब्रांड तथा मॉडल के अनुसार भिन्नता होगी तथा एक शहर से दूसरे शहर के लिए यह अलग हो सकता है. वास्तविक विवरणों के लिए अपने नज़दीकी महिंद्रा डीलर से संपर्क करें. ऑफ़र की शर्तों को पूर्व सूचना के बिना बदला/संशोधित किया/वापस लिया जा सकता है. दिखाई गई एक्सेसरीज़ स्टैण्डर्ड उपकरण के हिस्से नहीं हैं. *ऑफर स्टॉक रहने तक मान्य. *नियम व शर्तें लागू. *GST में कटौती के कारण नई कीमत 22 सितंबर 2025 से लागू.

AUTO CENTRE: BILASPUR, CITY SHOWROOM (CUBE), MUNGELI, PENDRA: 7290057243, AUTO CENTRE: KORBA, JANJGIR-CHAMPA: 7290057244, RAIGARH, JASHPUR, PATHALGAON: 9873994503, STAR AUTOMOBILES: AMBIKAPUR, MANENDRAGARH, BALRAMPUR: 8447314062

हरिभूमि कम्युनिकेशन्स प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक प्रियंक सिंह परिहार द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशन्स, रिंग रोड नं. 2, गौरवपथ, बिलासपुर (छत्तीसगढ़)-495001 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, रिंग रोड नं. 2, गौरव पथ, बिलासपुर (छत्तीसगढ़)-495001 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी, स्थानीय संपादक: प्रवीण शुक्ला। RNI No. CHHHIN/2001/03764, फोन : 07752-401050, फैक्स : 07752-401052. e-mail : bilaspur@haribhoomi.com